CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 12°C

हल्द्वानी, गुरुवार 26 फरवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 182 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कांग्रेस ने मोदी की इजरायल यात्रा की नैतिकता पर उठाए सवाल पेज 2



अभिषेक और वरुण टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर कायम खेल टाइम्स



भारत के विमानन क्षेत्र को सुरक्षित कैसे बनाया जाए सम्पादकीय



ट्रम्प 100वीं बार बोले: भारत-पाक जंग मैंने रुकवाई पेज 12

## आठवां रोज़ा

### रोशनी की लकीर और नेकी की मिसाल है आठवां रोज़ा

रोजा रोशनी की लकीर और नेकी की नजीर है। रमजान का तो हर रोजा खुशहाली का खजाना और पाकीजगी का पैमाना है। रमजान की बरकतों की तहरीर का ये कारवां माशाअल्लाह आठवें रोजे तक पहुंच गया है। दरअसल, रोजा अल्लाह का अदब भी है और फजल की तलब भी है। सबूत के तौर पर इस बात को कुरआने-पाक की आयत के हवाले से बेहतरीन और आसान तरीके से समझा जा सकता है। कुरआन पाक की सूरह अलहश्र की आयत नंबर 18 में बयान है-और अल्लाह से डरो, बेशक अल्लाह को तुम्हारे कामों की खबर है। इस आयत की रोशनी में ये बात नुमाया हो जाती है कि अल्लाह वसीअ है और अजीम और अलीम है। अल्लाह को चूंकि हर बात की खबर है इसलिए बंदे को यह सोचकर कि अल्लाह की नजर उसके हर काम पर है, अल्लाह से डरना चाहिए। अल्लाह से डरना ही अल्लाह का अदब है।

# प्रधानमंत्री मोदी नौ साल बाद इजरायल पहुंचे

- इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पत्नी के साथ एयरपोर्ट पर भारतीय पीएम को किया रिसीव
- मोदी और नेतन्याहू ने तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के इजरायल दौरे पर पहुंचे हैं। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया। इस दौरान राष्ट्रगान के साथ पीएम का स्वागत किया गया। पीएम मोदी और नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की। मोदी 9 साल बाद इजरायल पहुंचे हैं। इससे पहले वे जुलाई 2017 में गए थे।

मोदी के इस दौरे पर भारत और इजरायल के हथियारों से जुड़ी डील पर बातचीत की संभावना है। इनमें ड्रोन और एंटी बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम शामिल हैं। इजरायली अखबार, द जेरूसलम पोस्ट ने



पीएम मोदी के दौरे पर उनके स्वागत के लिए एक खास फ्रंट पेज छापा। फ्रंट पेज पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ हिंदी में लिखा 'नमस्ते' नजर आ रहा है। वहीं उसके बगल में हिब्रू भाषा में भी 'शालोम' लिखा है, जिसका मतलब हेलो या नमस्ते है। इसका दूसरा अर्थ शांति भी होता है। मोदी के स्वागत में यह फ्रंट पेज छापा गया। इसमें लिखा है कि वेलकम मोदी। दो ऐतिहासिक देश एक नया अध्याय शुरू करने जा रहे हैं। इजरायल की विशेष दूत फ्लेर हसन-नाहूम ने पीएम मोदी के दौरे को अहम समय पर अहम दौरा बताया है। तेल अवीव में उन्होंने कहा कि हालिया युद्ध के बाद भारत इजरायल का एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार बन सकता है। उन्होंने भारत-इजरायल के बीच प्रस्तावित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर खुशी जताई और कहा कि इससे आर्थिक रिश्ते और मजबूत होंगे। हसन-नाहूम के मुताबिक अगर भारत और इजरायल साथ आते हैं, तो वे एआई के भविष्य को सकारात्मक दिशा दे सकते हैं।

### वाप्कोस निविदा घोटाला: 11 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में सीबीआई के छापे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की लखनऊ की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रम 'वाप्कोस लिमिटेड' के अधिकारियों से जुड़ी निविदा अनियमितता के संबंध में उत्तर प्रदेश और ओडिशा में छापेमारी की है। अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई ने 20 फरवरी को सात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इनमें वाप्कोस के प्रोजेक्ट मैनेजर पंकज दुबे और भुवनेश्वर में तैनात दो अन्य अधिकारी भाबद्युति भूटिया और अभिषेक ठाकुर शामिल हैं। यह मामला ओडिशा के रायगढ़ा जिले में इमली प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश के ठेकेदार बबलू सिंह यादव को मिलीभगत से 11 करोड़ रुपये से अधिक का अनुबंध दिए जाने से संबंधित है। जांचकर्ताओं को संदेह है कि पंकज दुबे भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त था।




# ज्यूडीशियल करप्शन चैप्टर वाली NCERT किताब की बिक्री पर बैन

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सीजेआई सूर्यकांत ने कहा था : न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत किसी को नहीं, केस खुद देखूंगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की आपत्ति के बाद ज्यूडीशियल करप्शन' चैप्टर वाली एनसीईआरटी किताब की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। एनसीईआरटी के सूत्रों ने न्यूज एजेंसी से इसकी पुष्टि की। सूत्रों के अनुसार, एनसीईआरटी ने चैप्टर का सुझाव देने वाले एक्सपर्ट्स और इसे मंजूरी देने वाले अधिकारियों की इंटरनल मीटिंग बुलाई है। किताब को वेबसाइट से भी हटा लिया गया है।

सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में यह मामला उठाया था। सिब्बल ने सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस विपुल एम पंचोली और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच को बताया कि क्लास 8 के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। यह निंदनीय है। सिंघवी ने कहा कि एनसीईआरटी ने मान लिया है कि राजनीति, ब्यूरोक्रेसी और अन्य संस्थानों में भ्रष्टाचार है ही नहीं। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि दुनिया -शेष पृष्ठ दो पर



### न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाला हिस्सा हटाएगी सरकार

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी की कक्षा आठ की एक किताब में न्यायपालिका से जुड़ी विवादित सामग्री पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गंभीर आपत्ति जताई थी। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एनसीईआरटी की कक्षा आठ की किताब में न्यायिक भ्रष्टाचार से संबंधित विवादास्पद अंशों को हटाया जा सकता है, क्योंकि सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। परिषद ने पुस्तक को अपनी वेबसाइट से हटा दिया है।

### बंगाल एसआईआर: पहचान सत्यापन में एडमिट कार्ड अकेले मान्य नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान 10वीं या माध्यमिक परीक्षा का एडमिट कार्ड अकेले पहचान के रूप में मान्य नहीं होगा। इसे सिर्फ सहायक (पूरक) दस्तावेज माना जाएगा। एडमिट कार्ड तभी मान्य होगा जब उसके साथ मार्कशीट भी दी जाए। सीनियर एडवोकेट डीएस नायडू ने सुप्रीम कोर्ट के सामने मामला उठाते हुए पूछा था कि क्या क्लास 8वीं की परीक्षा का एडमिट कार्ड अपने आप में पहचान पत्र रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि क्लास 8वीं की मार्कशीट पहचान सत्यापन के लिए मान्य दस्तावेजों में शामिल है। एडमिट कार्ड सिर्फ उसी की पुष्टि के लिए जोड़ा जा सकता है।

# योगी के जापान दौरे पर 11 हजार करोड़ के एमओयू हुए साइन

शाह टाइम्स ब्यूरो

- करार से विनिर्माण क्षमता के विस्तार और औद्योगिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के पहले दिन औद्योगिक निवेश को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। विभिन्न जापानी कंपनियों के साथ लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। जिन कंपनियों के साथ करार हुआ है उनमें कुबोता कॉरपोरेशन, मिंडा कॉरपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस, ओएंडओ ग्रुप, फूजी जैपनीज जेवी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट प्रा. लि. शामिल हैं।

ये समझौते कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी निर्माण, जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक प्रिंटिंग एवं ग्राफिक्स, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े हैं। इससे विनिर्माण क्षमता के विस्तार और औद्योगिक सहयोग



को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। कुबोता कॉरपोरेशन, वर्ष 1890 में स्थापित जापान की एक अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी है और जिसका मुख्यालय ओसाका में स्थित है। यह कृषि -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निवीरों के लिए सेना व रेलवे के बीच सहयोग पर बनी सहमति

**नई दिल्ली।** चार साल के कार्यकाल के बाद सेना छोड़ने वाले अग्निवीरों तथा सेना से सेवानिवृत होने वाले सैनिकों के लिए अच्छी खबर है। सेना और रेलवे ने अग्निवीरों तथा सेवानिवृत सैनिकों को दोबारा रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए एक 'सहयोग ढांचे' पर सहमति व्यक्त की है। अग्निवीरों के पहले बैच का कार्यकाल इस वर्ष समाप्त होने वाला है और इसे देखते हुए सेना तथा रेलवे की यह पहल उन्हें कुछ राहत देने वाली है। सरकार ने अग्निवीरों के लिए दूसरा रोजगार सुनिश्चित करने के लिए इससे पहले केन्द्रीय पुलिस बलों की भर्ती में भी उनके लिए आरक्षण का प्रावधान किया है। अग्निवीरों को दिल्ली पुलिस में सिपाही की भर्ती में भी 20 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की गई है।

### इंडिगो फ्लाइट में 200 से ज्यादा यात्री चार घंटे फंसे रहे

**नई दिल्ली।** चेन्नई से सिंगापुर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 1025 24 फरवरी को तकनीकी कारणों से करीब 5 घंटे लेट हो गई। विमान में बैठे 200 से ज्यादा यात्रियों ने जानकारी के अभाव और एयर कंडीशनिंग की समस्या को लेकर नाराजगी जताई। घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में यात्री क्रू से टेक-ऑफ में देरी का कारण पूछते दिख रहे हैं। एक यात्री ने आरोप लगाया कि विमान के अंदर एयर कंडीशनिंग बार-बार बंद हो रही है, जिससे सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

# नहीं बदलेगा 'यादव जी की लव स्टोरी' का नाम

- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

**नई दिल्ली।** 'घूसखोर पंडित' के बाद फिल्म यादव जी की लव स्टोरी अपने टाइटल को लेकर विवादों में आ गई है। विश्व यादव परिषद के प्रमुख ने फिल्म पर बैन लगाने या फिल्म का टाइटल बदलने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी।

इसमें एक हिंदू लड़की एक मुस्लिम लड़के से शादी करती है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि नाम यादव समुदाय को गलत तरीके से नहीं दिखाता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयान की बेंच ने विश्व यादव परिषद के चीफ की याचिका खारिज कर दी है। बेंच ने कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री को देखा और पाया कि शिकायत यह है कि फिल्म का नाम यादव कम्युनिटी को समाज में गलत तरीके से दिखाता है।

# नफरत फैलाने वालों के खिलाफ साहस से खड़ा होना भी देशभक्ति: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि नफरत फैलाने वालों से डरने की बजाय सद्भाव का माहौल कायम रखते हुए साहस दिखाकर देशभक्ति का परिचय देना चाहिए।

श्री गांधी ने दो दिन पूर्व उनसे मिले उत्तराखंड के कोटद्वार के 'मोहम्मद दीपक' के साथ खींचे फोटो को शेयर करते हुए कहा कि सद्भाव तथा मोहब्बत की विचारधारा असंख्य देशवासियों में



है, लेकिन मन में भय होता है और दीपक जैसे युवा उन्हें साहस की राह दिखाते हैं। उनका कहना था कि समाज में जो नफरत फैलाते हैं उनसे डरना नहीं चाहिए, बल्कि साहस से खड़ा होने की जरूरत है।

### उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में तीन दिन से बर्फबारी जारी

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के पंचाचूली समेत कई क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई। यहां ऊंचाई वाले इलाकों में तीन दिन से बर्फबारी जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, 27 और 28 फरवरी से मौसम का मिजाज बदलेगा और पहाड़ी जिलों में बारिश होगी। मध्य प्रदेश में पिछले 2 दिन में इंदौर, उज्जैन, रतलाम, बैतूल और सीहोर समेत 20 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी-बारिश का दौर रहा। कुछ में ओले भी गिरे। इस वजह से गेहूं-चने की फसलों पर असर पड़ा।

# सरकार ने पांच ओटीटी प्लेटफॉर्म किए ब्लॉक

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अश्लील कंटेंट दिखाने पर हुआ एक्शन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) ने 5 ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म (ओटीटी) को ब्लॉक कर दिया है। जिन प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई हुई, उनमें मूडएक्सवीआईपी, कोयल प्लेप्रो, डिजी मूवीप्लेक्स, फील और जुगनू शामिल हैं।

सरकार का कहना है कि इन प्लेटफॉर्म पर अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट दिखाया जा रहा था। यह कंटेंट आईटी एक्ट 2000, आईटी नियम 2021, आईपीसी की धारा 292 और महिलाओं को गलत तरीके से दिखाने से जुड़े कानूनों का उल्लंघन करता पाया गया। यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक किया है। पिछले साल जुलाई में उल्लू-एएलटीटी समेत 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म बैन किए गए थे। एएलटीटी एप अप्रैल 2017 में फिल्म और टीवी प्रोड्यूसर एकता कपूर ने लॉन्च किया था। वहीं उल्लू एप को आईआईटी कानपुर से ग्रेजुएट विभु अग्रवाल ने 2018 में बनाया था। इससे पहले मार्च 2024 में सरकार ने अश्लील कंटेंट को लेकर 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बैन लगाया था।

# भारत बना रहा बेबी ब्रह्मोस, 20 गुना कम कीमत

- भविष्य की जंग अब महीनों और सालों खिंचेगी, सुरक्षा का नया फॉर्मूला हो रहा तैयार

**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन और पश्चिम एशिया के संघर्षों ने साफ कर दिया है कि भविष्य की जंग अब महीनों और सालों खिंचेगी। इस हकीकत को देख भारत भी तैयारी में जुट गया है।

सेना का फोकस अब केवल महंगी मिसाइलों पर नहीं, बल्कि इनके 'मिनी मॉडल्स' के बड़े भंडार पर है। हाल ही में पिनाका रॉकेट सिस्टम के 'हवाई संस्करण' के परीक्षण को इसी कड़ी का हिस्सा माना जा रहा है। दरअसल, ब्रह्मोस जैसी अचूक सटीकता और मारक क्षमता के कारण इसे 'बेबी ब्रह्मोस' भी कहा जा रहा है। हाल ही में सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने इस बदलाव को जरूरी बताते हुए कहा कि अगर




हमारे पास किफायती लेकिन उच्च तकनीक वाले हथियार होंगे, तो हम लंबी जंग (हाई डेंसिटी वॉर) में किसी भी बड़े दुश्मन को पीछे धकेलने में सक्षम होंगे। संसद की रक्षा संबंधी स्थायी समिति ने भी अपनी हालिया रिपोर्ट में इस रणनीति पर सकारात्मक रुख दिखाया है। समिति ने जोर दिया है कि भीषण और लंबे युद्ध की स्थिति में भारत को ऐसे हथियारों की जरूरत है जो बड़े पैमाने पर और कम लागत में देश के भीतर ही बनाए जा सकें। इसी नीति के तहत बजट में आवंटित राशि का एक बड़ा हिस्सा स्वदेशी खरीद के लिए सुरक्षित रखा गया है, ताकि युद्ध के समय विदेशी सप्लाई चेन पर निर्भर न रहना पड़े। इजरायल- हमास जंग में इजरायल को चंद हजार के रॉकेट गिराने के लिए 50 लाख की मिसाइलें खर्च करनी पड़ीं। यूक्रेन-सूडान में सस्ते ड्रोन्स ने करोड़ों के टैंकों को मलबे में बदल चौंका दिया। वहीं, म्यांमार में विद्रोहियों ने जुगाड़ से बड़े हमलों को नाकाम किया। इनसे सबक मिला कि जंग केवल बड़े हथियारों से नहीं, बल्कि सस्ते, स्वदेशी और हथियारों के बड़े भंडार से जीती जा सकती है। स्वदेशी ताकत के साथ भारत इजरायल से 'आयरन बीम' जैसी लेजर आधारित प्रणाली हासिल करने की ओर बढ़ रहा है।

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रेकअप आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने खुदकुशी मामले की सुनवाई के दौरान बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि केवल ब्रेकअप होने को भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत उकसावे की श्रेणी में नहीं आता है। इसके बाद कोर्ट ने आरोपी को जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि आज के समय में ब्रे.कअप और दिल टूटने की घटनाएं आम हो गई हैं, लेकिन केवल रिश्ता टूटना अपने आप में उकसावे का प्रमाण नहीं है। कोर्ट ने कहा कि प्रेम संबंध टूटने को अपने आप में आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध नहीं माना जा सकता। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर फिलहाल आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला प्रथम दृष्टया में साबित नहीं होता है।

### कैफे-3 नियम पर ऊर्जा मंत्रालय ने प्रस्ताव पीएमओ को भेजा

**नई दिल्ली।** ऊर्जा मंत्रालय ने कॉर्पोरेट औसत ऊर्जा दक्षता कैफे-3 नियमों पर प्रस्ताव तैयार कर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को भेज दिया है। केंद्रीय भारी उद्यम मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बुधवार को यहां उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर में बताया कि सभी हितधारकों से बातचीत के बाद ऊर्जा मंत्रालय ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया है। कुमारस्वामी ने कहा कि हमने सभी हितधारकों और ऊर्जा मंत्रालय के साथ एक बैठक की थी। मेरी जानकारी के मुताबिक, हितधारकों के साथ बैठक के बाद ऊर्जा मंत्रालय ने पीएमओ को प्रस्ताव भेज दिया है। हालांकि उन्होंने प्रस्ताव के विवरण के बारे में नहीं बताया। वाहन उद्योग के सूत्रों ने भी इस तरह की बैठक की पुष्टि की, लेकिन कहा कि प्रस्ताव में क्या है इसके बारे में उन्हें जानकारी नहीं है।

### कांग्रेस ने मोदी की इजरायल यात्रा की नैतिकता पर उठाए सवाल

# नेतन्याहू के समक्ष गाजा मुद्दा भी उठाएं पीएम: प्रियंका

नई दिल्ली, वार्ता



■ पीड़ितों और निर्दोषों की पीड़ा पर भारत का नजरिया हमेशा संवेदनशील रहा

कांग्रेस ने कहा है कि गाजा की तबाही के लिए पूरी दुनिया इजरायल की आलोचना कर रही है और इस दृष्टि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा को नैतिक नहीं कहा जा सकता है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी की इजरायल यात्रा पर बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि पीड़ितों और निर्दोषों की पीड़ा पर भारत का नजरिया हमेशा संवेदनशील रहा है इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि मोदी प्रधानमंत्री इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के समक्ष भी अपने परंपरागत भारतीय दृष्टिकोण को रखेंगे। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री जी इजरायल की अपनी यात्रा के दौरान संसद को संबोधित करते हुए गाजा में हजारों निर्दोष पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के नरसंहार का जिक्र करेंगे और उनके लिए न्याय की मांग करेंगे। भारत ने एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपने पूरे इतिहास में सत्य का साथ दिया है, हमें दुनिया को सत्य, शांति और न्याय का प्रकाश दिखाते रहना चाहिए। रमेश ने प्रधानमंत्री की इजरायल यात्रा पर सवाल उठाते हुए लिखा कि भारत का फलस्तीन के प्रति ऐतिहासिक और नैतिक नजरिया रहा है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने फलस्तीन के साथ भारत ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू 20 मई 1960 को गाजा गए थे और वहां संयुक्तराष्ट्र आपातकालीन बल में तैनात भारतीय दल से मिले थे। फिर 29 नवम्बर 1981 को भारत ने फलस्तीन के समर्थन में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया था जबकि 18 नवम्बर 1988 को भारत ने औपचारिक रूप से फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता दी थी।अब जब गाजा में हालात को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता जताई जा रही है, मोदी का इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ निकटता प्रदर्शित करना नैतिक दृष्टि से सवाल खड़े करता है। मोदी आज से दो दिन की यात्रा पर इजरायल रवाना हुए।

### माकपा ने प्रधानमंत्री मोदी की इजरायल यात्रा का किया विरोध

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा का कड़ा विरोध करते हुए इसे फलस्तीनी मुद्दे के साथ विश्वासघात करार दिया है। माकपा ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब इजरायल गाजा में कथित रूप से नरसंहार कर रहा है। संघर्षविराम के बावजूद इजरायली हमले जारी हैं, जिनमें बड़ी संख्या में फलस्तीनियों की मौत हो रही है। इसके साथ ही कब्जे वाले पश्चिमी तट में फलस्तीनियों पर हमले तेज हुए हैं। माकपा ने कहा कि इस यात्रा के जरिए भाजपा सरकार ने एक बार फिर पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल धुरी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को उजागर किया है। पार्टी ने केंद्र सरकार से इस यात्रा पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

# बसपा विधायक उमाशंकर के ठिकानों पर आयकर की रेड

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 50 से अधिक अफसर व कर्मचारियों की टीम पहुंची

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी के विधायक उमाशंकर सिंह के गोमतीनगर स्थित आवास और कार्यालय पर बुधवार सुबह आयकर विभाग ने छापेमारी की कार्रवाई की।

रसड़ा (बलिया) से विधायक उमाशंकर सिंह बसपा के वर्तमान में एकमात्र विधायक हैं, जिससे यह कार्रवाई राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग की 50 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और आवास तथा कार्यालय में दस्तावेजों, वित्तीय रिकॉर्ड और अन्य संबंधित सामग्रियों की जांच शुरू की। टीम द्वारा सभी आवश्यक कागजातों और लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की जा रही है। फिलहाल आयकर विभाग की ओर से छापेमारी के कारणों या किसी बरामदगी को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। यह कार्रवाई राजनी.तिक हलकों में चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जा रहा है कि उमाशंकर सिंह कैंसर से पीड़ित हैं और उनके दो ऑपरेशन हो चुके हैं। वर्तमान में वे अपने लखनऊ स्थित आवास पर आइसोलेशन में रह रहे हैं।

### मोदी सरकार पर बरसे योगी के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

समधी पर इनकम टैक्स के छापे से नाराज

**लखनऊ।** योगी सरकार के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बहुजन समाज पार्टी के विधायक उमाशंकर सिंह के घर आयकर के छापे के मामले में अपना विरोध जताया। उमाशंकर सिंह और दिनेश प्रताप सिंह आपस में समधी हैं। बसपा के रसड़ा से विधायक उमाशंकर सिंह के अलग-अलग ठिकानों पर आयकर विभाग ने बुधवार को छापेमारी की है। उमाशंकर सिंह मायावती के नजदीकी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी काफी नजदीकी बताए जाते हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने फिलहाल ब्राह्मणों की राजनीति शुरू की है, जिससे भारतीय जनता पार्टी के माथे पर शिकन है। उमाशंकर सिंह के खिलाफ आयकर छापे को इस मामले से भी जोड़कर देखा जा रहा है। दिनेश प्रताप सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि उमाशंकर सिंह विद्यायक रसड़ा जनपद बलिया जिनके घर में मेरी बेटी ब्याही है, के घर में आज आयकर विभाग रेड कर रहा है। देश-प्रदेश के राजनेता आयकर सहित सभी संस्थाओं को पता है कि उमाशंकर सिंह दो वर्ष से अधिक से जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। वर्तमान परिस्थितियों में उमाशंकर सिंह के लिए धनार्जन नहीं सांसे बचाने में ही सारा समय और धन व्यय हो रहा हैं। सभी व्यवसाय लगभग बंद हो गए हैं। वे आइसोलेशन में हैं, विधानसभा का सत्र एक विधायक के लिए महत्वपूर्ण होता है, लेकिन एक घंटे के लिए भी नहीं जा सके। इस समय उनके घर पर नर्स या डॉक्टर को भी जाने की अनुमति नहीं है।

# यूपी में वक्फ बोर्ड विवाद हाईकोर्ट ने किया खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ शिया-सुन्नी एकीकरण की मांग पर दाखिल हुई थी याचिका

**लखनऊ।** शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी ने अधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप में जानकारी साझा करते हुए बताया कि जितेंद्र नारायण त्यागी (पूर्व नाम वसीम रिजवी) द्वारा प्रदेश में शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड को एक करने तथा मौजूदा बोर्ड को भंग करने की मांग को लेकर दायर याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने खारिज कर दिया है।

दूसरी ओर इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी उर्फ वसीम रिजवी ने कहा कि पूरे देश में केवल उत्तर प्रदेश और बिहार ऐसे राज्य हैं, जहां शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड अलग-अलग गठित हैं, जबकि अन्य राज्यों में एक ही मुस्लिम वक्फ बोर्ड कार्यरत है। उन्होंने अपने पक्ष में दलील देते हुए कहा कि वक्फ अधिनियम 1995 में स्पष्ट प्रावधान है कि यदि किसी राज्य में शिया वक्फ की संख्या कुल वक्फ संपत्तियों की संख्या का 15 प्रतिशत या उससे अधिक हो, अथवा कुल वक्फ आय में शिया वक्फ की आय 15 प्रतिशत या उससे अधिक हो, तो राज्य सरकार चाहे तो शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड अलग-अलग गठित कर सकती है। त्यागी का दावा है कि अधिकृत आंकड़ों के अनुसार शिया वक्फ की संख्या मात्र 2 से 2.5 प्रतिशत के बीच है और आय भी 1 से 2 प्रतिशत के आसपास है। ऐसे में दो अलग-अलग बोर्डों का संचालन वक्फ अधिनियम 1995 और उसके बाद हुए संशोधनों की भावना के विपरीत है ।

### भीख मांगना गंभीर सामाजिक समस्या : न्यायमूर्ति सारंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के सदस्य न्यायमूर्ति डा. बिद्युत रंजन सारंगी ने भीख मांगने की प्रथा को समाप्त करने की वकालत करते हुए कहा कि यह एक सामाजिक बुराई है और देश में यह एक गंभीर समस्या बनी हुई है। न्यायमूर्ति सारंगी ने 'भिक्षावृत्ति पर पुनर्विचार: नीति, व्यवहार और गरिमा के बीच की खाई को पाटना' विषय पर हाइब्रिड मोड में खुली चर्चा की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भीख मांगना एक सामाजिक बुराई है और देश में यह एक गंभीर समस्या बनी हुई है। आज विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल भारत में भी भीख मांगने की समस्या का बने रहना एक गहरी संरचनात्मक और सामाजिक चुनौती को दर्शाता है, जिस पर तत्काल और निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# नेहरू-गांधी परिवार कर रहा समझौते की राजनीति

नई दिल्ली, वार्ता

■ भाजपा ने कांग्रेस पर बोला तीखा हमला

भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को विपक्षी दल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उस पर 'समझौते की राजनीति' करने का आरोप लगाया है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा राजनीतिक हमला करते हुए उन्होंने कांग्रेस शासित सरकारों को कम्प्रोमाइज्ड यानी समझौते वाली सरकारें बताते हुए कहा कि पार्टी और गांधी परिवार ने बार-बार राष्ट्रीय हितों के साथ समझौता किया है। श्री गोयल ने कहा कि बुधवार सुबह भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन ने पटना में संवाददाता सम्मेलन के दौरान गांधी परिवार की राजनीति पर सवाल उठाए थे और बताया था कि यह परिवार समझौते की राजनीति करता रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान दोनों ही ऐसे उदाहरणों से भरे पड़े हैं, जिनसे पता चलता है कि विदेशी प्रभावों के कारण जनहित और राष्ट्रहित प्रभावित हुआ। राहुल गांधी नकारात्मक राजनीति के प्रतीक बन चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी बार-बार विदेश यात्राएं करते हैं, प्रोटोकॉल की अनदेखी करते हैं और देश के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले बयान देते हैं। उलद्दाख जैसे संवे.दनशील सीमावर्ती क्षेत्रों के दौरों और विदेशी व्यक्तियों से संपर्कों को लेकर कांग्रेस को देश के सामने स्पष्टता देनी चाहिए।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 82276.07
निफ्टी 25482.50



सोना 160754
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 269367
प्रति किलो



# बढ़त के साथ शेयर बाजार हुए बंद

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी रही। आईटी, ऑटो, फार्मा और धातु कंपनियों में जोरदार लिवाली के समर्थन से बीएसई का सेंसेक्स 50.15 अंक (0.06 प्रतिशत) ऊपर 82,276.07 अंक पर और निफ्टी-50 सूचक.ांक 57.85 अंक यानी 0.23 प्रतिशत चढ़कर 25,482.50 अंक पर बंद हुआ।

पिछले कारोबारी दिवस पर दोनों प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक टूटे थे। एफएमसीजी, सार्वजनिक बैंकों, रियलटी और तेल एवं गैस सेक्टरों की कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा। अन्य एशियाई बाजारों में रही तेजी से शुरुआती कारोबार में घरेलू बाजारों में भी निवेश धारणा मजबूत रही। सेंसेक्स सुबह 732 अंक की बढ़त बनाता हुआ 82,957 अंक तक पहुंच गया था, लेकिन रिलायंस इंडस्ट्रीज में गिरावट के दबाव में बाद में इसकी बढ़त सीमित रह गई। बड़ी कंपनियों की तुलना में छोटी और मझौली कंपनियों में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक 0.66 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.94 प्रतिशत चढ़ गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा स्टील के शेयर ढाई फीसदी से ज्यादा चढ़े। टीसीएस में दो प्रतिशत से ज्यादा की तेजी रही। इंडिगो, सनफार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इंफोसिस के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। बीईएल, एलएंडटी, पावरग्रिड, टाइटन, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एनटीपीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट में भी तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब सवा दो प्रतिशत गिर गया। भारतीय स्टेट बैंक, अडानी पोर्ट्स, इटरनल, भारती एयरटेल और आईटीसी के शेयर भी एक से दो फीसदी नीचे बंद हुए। कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक में भी गिरावट रही।

# चांदी 2.69 लाख पर पहुंची सोना भी 1.61 लाख के पार

**नई दिल्ली।** बुधवार सुबह सोने और चांदी की कीमतों में अचानक बड़ी तेजी देखने को मिली है। एमसीएक्स पर आज सुबह 2 अप्रैल की एक्सपायरी वाला सोना 785.00 की बढ़त के साथ 1,60,754.00 पर पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत आज 6,455 रुपए बढ़कर 2,69,367 रुपए पर पहुंच गई है। कल इसकी कीमत 2,62,912 रुपए किलो थी। इसके साथ ही दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों में 22कैरेट और 24 कैरेट सोने के भाव में उतार-चढ़ाव जारी है। सोने में ये लगातार तीसरे कारोबारी दिन बढ़त है। तीन दिनों में ये 5,000 बढ़ चुका है।

इस साल सोना 27,000 रुपए और चांदी 39,000 रुपए महंगी हुई। सोना 2026 में अब तक 27,000 रुपए और चांदी 39,000 रुपए महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई भी बनाया था। दुनिया के केंद्रीय बैंक लगातार बहुत ज्यादा सोना खरीद रहे हैं। वे डॉलर पर कम निर्भर होना चाहते हैं, इसलिए सोने को रिजर्व में डाल रहे हैं। अमेरिकी फेड से इस साल ब्याज दरें घटाने के संकेत दिए हैं। दरें कम होने पर गोल्ड जैसी चीजों की डिमांड बढ़ जाती है। जियो पॉलिटिकल टेंशन (मिडिल ईस्ट, ईरान-अमेरिका, अन्य वैश्विक विवाद) बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में लोग सुरक्षित निवेश के लिए सोने-चांदी को अपना रहे हैं।

# चावल, चीनी, गेहूं के भाव टूटे खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों की कीमतों में भी गिरावट देखी गई। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 17 रुपये गिरकर 3,841 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं का भाव पांच रुपये घटकर 2,844 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

आटा कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रहा। दाल-दलहनों में तेजी रही। चना दाल की औसत कीमत 28 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मूंग दाल 21 रुपये और तुअर दाल 17 रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल में आठ रुपये की गिरावट देखी गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा एक रिंगिट टूटकर 4,052 रिंगिट प्रति क्विंटल पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.51 प्रतिशत की गिरावट में 60.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 58 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल 43 रुपये और सरसों तेल 27 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति में टिकाव रहा। वहीं, सूरजमुखी तेल 26 रुपये और पाम ऑयल 16 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। गुड़ के औसत भाव 26 रुपये प्रति क्विंटल उतर गए। चीनी भी छह रुपये सस्ती हुई। दाल चना 7756.54 रुपये, मसूर काली 8086.78 रुपये, मूंग दाल 10119.22 रुपये, उड़द दाल 10709.71 रुपये, तुअर दाल 11146.04 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2844.10 रुपये और चावल 3841.39 रुपये प्रति क्विंटल और आटा गेहूं 3306.93 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4291.77 रुपये और गुड़ 4959.97 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। सरसों तेल 17660.20 रुपये, मूंगफली तेल 18322.24 रुपये, सूरजमुखी तेल 16521.92 रुपये, सोया तेल 14102.51 रुपये, पाम ऑयल 12729.72 रुपये और वनस्पति 14508.57 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

ज्यूडीशियल करप्शन...

में किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। यह एक सोची-समझी और गहरी साजिश लगती है। मुझे पता है इससे कैसे निपटना है।मैं यह केस खुद हैंडल करूंगा। हम इस बारे में और कुछ नहीं कहना चाहते। एनसीईआरटी चेयरमैन दिनेश प्रसाद सकलानी का इस मुद्दे पर कोई जवाब नहीं आया है। काउंसिल के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि मामला अब कोर्ट में विच.ाराधीन है। इसलिए वे इस मुद्दे पर कुछ भी नहीं बोलेंगे। इस बीच सरकारी सूत्रों ने कहा कि भले ही एनसीईआरटी एक ऑटोनामस संस्था है, लेकिन चैप्टर जोड़ने से पहले अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए था।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि अगर भ्रष्टाचार का मुद्दा शामिल करना था, तो उसमें शासन के तीनों अंगों- कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका को भी जोड़ा जाना चाहिए था। सरकारी सूत्रों ने कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित आंकड़े संसदीय अभिलेखों और नेशनल ज्यूडीशियल डेटा ग्रिड में मौजूद हैं, लेकिन फैक्ट्स के क्रॉस वेरिफिकेशन के लिए केंद्र से परामर्श नहीं लिया गया। एनसीईआरटी ने 23 फरवरी को क्लास 8 के स्टूडेंट्स के लिए सोशल साइंस की नई टेक्स्टबुक जारी की थी। ये किताब एकेडमिक सेशन 2026-27 से स्कूलों में पढ़ाई जानी थी। इसका पहला पार्ट जुलाई 2025 में रिलीज किया गया था। किताब का नाम 'एक्सप्लोरिंग सोसायटी- इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट 2' है। इसमें 'द रोल ऑफ द ज्यूडीशियरी इन अवर सोसायटी' चैप्टर के अंदर 'करप्शन इन द ज्यूडीशियरी' का टॉपिक जोड़ा गया है। इसमें कहा गया है कि भ्रष्टाचार, बड़ी संख्या में पेंडिंग मामले और जजों की भारी कमी ज्यूडीशियल सिस्टम के सामने प्रमुख चुनौतियों में शामिल हैं। जज आचार संहिता से बंधे होते हैं, जो न केवल कोर्ट में उनके व्यवहार को कंट्रोल करता है, बल्कि कोर्ट के बाहर उनके आचरण को भी तय करती है। किताब के एक सेक्शन का टाइटल का मतलब है- इंसाफ में देरी इंसाफ न मिलने जैसा है।

योगी के...

और औद्योगिक मशीनरी निर्माण में वैश्विक पहचान रखती है। कंपनी ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, इंजन और निर्माण उपकरण के साथ साथ जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान जैसे पाइप, पंप और ट्रीटमेंट सिस्टम के क्षेत्र में भी कार्यरत है। एस्काट्र्स कुबोता लिमिटेड के साथ सहयोग के माध्यम से कंपनी भारत में अपने विनिर्माण विस्तार और फार्म मैकेनाइजेशन क्षेत्र में उपस्थिति को मजबूत कर रही है। मिंडा कॉरपोरेशन, जो स्पार्क मिंडा समूह का हिस्सा है, ऑटोमोटिव कंपोनेंट निर्माण में अग्रणी भारतीय कंपनी है। यह मैक्ट्रॉनिक्स, वायरिंग हार्नेस, प्लास्टिक इंटीरियर, सेंसर और ईवी समाधान उपलब्ध कराती है। जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री जिसे जेएई के नाम से जाना जाता है, ऑटोमोटिव और एयरोस्पेस सेक्टर के लिए एडवांस कनेक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक इंटरफेस समाधान में विशेषज्ञता रखती है। नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, एक विविधिकृत जापानी ट्रेडिंग और टेक्नोलॉजी कंपनी है, जो केमिकल्स, एडवांस्ड मैटेरियल्स, मोबिलिटी सॉल्यूशंस और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में सक्रिय है। इन कंपनियों के बीच सहयोग से ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स और एडवांस कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। सीको एडवांस जापान मूल की कंपनी है, जो उच्च प्रदर्शन स्क्रीन प्रिंटिंग इंक और कोटिंग सॉल्यूशंस के लिए जानी जाती है। इसके उत्पाद ऑटोमोटिव डीकल्स, इंडस्ट्रियल ग्राफिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स पैनल, ग्लास प्रिंटिंग और कंज्यूमर अप्लायंसेज में उपयोग होते हैं। कंपनी भारत में अपनी विनिर्माण इकाई के माध्यम से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों को आपूर्ति कर रही है। इसके अतिरिक्त ओ एंड ओ ने हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश को लेकर समझौता किया। पहले दिन हुए इन समझौतों को भारत और जापान के बीच औद्योगिक सहयोग को नई गति देने वाला कदम माना जा रहा है।

### युकां का प्रदर्शन राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के खिलाफ: नागरिक मंच

**नई दिल्ली।** देश के प्रबुद्ध नागरिकों ने यहां भारत मंडपम में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के 'शर्ट हटाकर' प्रदर्शन करने पर चिंता व्यक्त की है और इस घटना को राष्ट्रीय गरिमा के विरुद्ध और वैश्विक मंच पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताया है। प्रबुद्ध नागरिकों के इस समूह ने बयान में समन्वयक के रूप में न्यायमूर्ति एस एन धींगरा (पूर्व न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय) और बीएल वोहरा, आईपीएस (पूर्व डीजीपी, त्रिपुरा एवं डीजी, एसएसबी) के नाम दिए हैं। इन्होंने युकां के प्रदर्शन को गलत बताया और कहा जब विश्व के प्रमुख टेक्नोलॉजी लीडर, वैश्विक सीईओ और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि भारत की प्रगति को देखने के लिए उपस्थित थे, उस समय इस प्रकार का प्रदर्शन देश की छवि को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर नुकसान पहुंचाने वाला है। इसे एक उच्चस्तरीय कूटनीतिक और तकनीकी मंच का अनुचित उपयोग बताते हुए कहा गया है कि इस तरह की राजनीति राष्ट्रीय प्रतिष्ठा से अधिक व्यक्तिगत प्रचार को प्राथमिकता देती है।ष प्रबुद्ध वरिष्ठ नागरिकों का आरोप है कि यह विरोध स्वतघ्स्फूर्त न होकर पूर्व नियोजित था। इसमें बयान में कहा गया है कि प्रदर्शनकारियों ने वैध प्रतिभागी के रूप में क्यूआर कोड के जरिए अत्यंत सुरक्षित अंतर्राष्ट्रीय बैठक स्थल में प्रवेश किया और बाद में कपड़े उतारकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

# पांच चालान कटे, तो लाइसेंस होगा रद्द

■ ट्रैफिक नियम तोड़ना पड़ेगा बहुत भारी

■ रद्द करने से पहले भेजा जाएगा नोटिस

**नई दिल्ली।** देश की सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं और ड्राइवरों के बेपरवाह रवैये को सुधारने के लिए केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक और बेहद सख्त कदम उठाया है। सरकार ने केंद्रीय मोटर वाहन (द्वितीय संशोधन) नियम 2026 लागू कर दिया है, जिसके तहत ट्रैफिक नियमों में क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। अब आपका ड्राइविंग लाइसेंस केवल किसी बड़े हादसे के बाद ही नहीं, बल्कि छोटी-छोटी गलतियों को बार-बार दोहराने पर भी रद्द कर दिया जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार नए नियमों का सबसे बड़ा प्रहार ड्राइवरों के व्यवहार पर है। अब तक नियम केवल जुर्माना भरने तक सीमित थे, लेकिन अब सरकार ने इसे बिहेवियरल कंट्रोल (व्यवहार नियंत्रण) से जोड़ दिया है। नए कानून के मुताबिक यदि कोई ड्राइवर एक साल के भीतर 5 बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करता है, तो परिवहन विभाग के पास उसका लाइसेंस निलंबित या हमेशा के लिए रद्द करने का पूरा अधिकार होगा। सरकार ने कुल 24 प्रकार के ट्रैफिक अपराधों की पहचान की है, जिन्हें अब बेहद गंभीरता से लिया जाएगा। खास बात यह है कि अब छोटी गलती या बड़ी गलती के बीच का फर्क खत्म कर दिया गया है। ये गलतियां तय सीमा से अधिक रफ्तार में गाड़ी चलाना, सीट बेल्ट या हेलमेट न पहनना, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करना, ट्रैफिक सिग्नल (लाल बत्ती) का उल्लंघन करना, गलत दिशा में गाड़ी चलाना और बिना वैध दस्तावेजों (बीमा या प्रदूषण प्रमाण पत्र) के सड़क पर निकलना चालान का आधार बनेंगी। अब सड़कों पर पुलिस हो या न हो, आपकी हर गलती पकड़ी जाएगी। हाई-टेक एनएनपीआर कैमरे, सीसीटीवी और ई-चालान सिस्टम के जरिए सारा डेटा सीधे वाहन और सारथी पोर्टल पर जमा होगा। जैसे ही किसी ड्राइवर की पांचवीं गलती दर्ज होगी, संबंधित आरटीओ को ऑटोमैटिक अलर्ट मिल जाएगा। लाइसेंस रद्द करने से पहले ड्राइवर को एक कारण बताओ नोटिस भेजा जाएगा, जिसमें उसे अपनी सफाई देने का मौका मिलेगा। यदि जवाब संतोषजनक नहीं हुआ, तो लाइसेंस हमेशा के लिए जा सकता है।

# धामी कैबिनेट में 28 प्रस्तावों पर लगी मुहर

## बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पेश होने वाले बजट पर भी मंत्रिमंडल ने सहमति जताई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 28 प्रस्तावों पर मुहर लगी है।

आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पेश होने वाले बजट पर भी मंत्रिमंडल ने सहमति जाता दी है। पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले इस साल बजट में 10 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। ऐसे में इस साल 1.11 लाख करोड़ रुपए का बजट सदन के पटल पर रखा जाएगा। मंत्रिमंडल ने बजट में संशोधन किए जाने संबंधित निर्णय के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अधिकृत कर दिया है।

कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान 32 मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें से 28 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। बैठक के दौरान आगामी विधानसभा बजट सत्र में पेश होने वाले बजट पर भी चर्चा की गई। मंत्रिमंडल ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को मंजूरी दी है। बजट में संशोधन करने की जरूरत संबंधी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अधिकृत कर दिया है।



■ बजट में हुई 10 फीसदी की बढ़ोतरी, सेब की अत्याधुनिक नर्सरी विकास योजना 2026 को स्वीकृति
■ प्रदेश के सभी 11 नगर निगम में पर्यावरण अभियंता के पद सृजित किए जाने को हरी झंडी

कैबिनेट में उत्तराखंड चकबंदी अधिष्ठान के तहत बंदोबस्त अधिकारी, चकबंदी के एक निसंवर्गीय पद के सृजन को भी मंजूरी मिली है। उत्तराखंड दुकान एवं स्थापन (रोजगार विनियम एवं सेवा- शर्त) (संशोधन) विधेयक 2026 को विधानसभा में पुनर्स्थापित किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। साथ ही समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड (संशोधन) विधेयक, 2026 को भी मंजूरी मिली है।

कैबिनेट बैठक में उत्तराखण्ड स्टोन क्रशर, स्क्रीनिंग प्लांट, मोबाईल स्टोन क्रेशर, मोबाईल स्क्रीनिंग प्लांट, पल्वराईजर प्लांट, हॉट मिक्स प्लांट, रेडिमिक्स प्लांट अनुज्ञा (तृतीय संशोधन) नीति 2024 में हॉट मिक्स प्लांट की स्थापना के लिए दूरी के मानकों में संशोधन को मंजूरी दी गई है। उत्तराखण्ड राज्य की वित्तीय स्थिति के दृष्टिगत किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के आदर्श नियम, 2016 के नियम 87 (1) के तहत गठित राज्य स्तरीय चयन समिति के अध्यक्ष को 5000/- प्रति बैठक और गैर सरकारी संगठनो से नामित 02 सदस्यों को 3000/- प्रति बैठक मानदेय दिये जाने को भी मंजूरी दी गई है। इसके अलावा कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग में लिपिक/ मिनिस्ट्रीयल संवर्ग के पदों के संरचनात्मक ढांचे में लिपिक/ मिनिस्ट्रीयल सवर्ग का पुर्नगठन किए जाने को मंजूरी मिली है।

### इन प्रस्तावों को भी मिली मंजूरी

- देहरादून जिले के विकासनगर, उधमसिंह नगर जिले के काशीपुर और नैनीताल जिले के मुख्यालय में, यानी कुल 03 अतिरिक्त
- फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट्स की स्थापना और संबंधित फास्ट ट्रैक कोर्ट के लिए पदों के सृजन को मंजूरी दी गई।
- नैनीताल हाईकोर्ट के लिए 01 और जिला न्यायालयो के लिए 13, यानी कुल 14 न्यायालय प्रबंधकों के नए पदों को सृजित किए जाने पर सहमति बनी है।
- विश्व बैंक के सहयोग से उत्तराखंड में बेहतर सर्विस डिलीवरी के लिए पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट को मजबूत करने के कियान्वयन के लिए स्टीयरिंग कमेटी व प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट यूनिट का गठन और प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट यूनिट के लिए पदों के सृजन को मंजूरी दी गई।
- उत्तराखंड जन विश्वास (उपबंधो का संशोधन) विधेयक 2026 को मंजूरी मिली है।
- सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रदेश में तदर्थ / अनुबन्ध / संविदा/आउटसोर्स के आधार पर कार्यरत 04 विशेष शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक (एल०टी०) विशेष शिक्षा शिक्षक के पदों के सापेक्ष नियमित नियुक्ति को मंत्रिमंडल की मंजूरी मिली है।

### कैबिनेट के मुख्य फैसले

- आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 1.11 लाख करोड़ का बजट पेश होगा।
- कैबिनेट से मिली मंजूरी, इसमें संशोधन में लिए सीएम धामी को अधिकृत किया गया है।
- यूआईआईडीबी के ढांचे में अतिरिक्त 14 नवीन पद ऑन को सृजित किए जाने और पूर्व से सृजित सहायक महाप्रबंधक लेखा/ लेखाकर का पदनाम व ऑफिस बॉय का मानदेय परिवर्तित किए जाने पर भी मंजूरी मिली है।
- मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना में 21 अशासकीय अनुदानित महाविद्यालय जहां पर नियमित प्रचार नियुक्त हैं को योजना में शामिल करने का निर्णय लिया गया है।
- उच्च शिक्षा विभाग के तहत स्वामी विवेकानंद उत्तराखंड की पुस्तकालय योजना को मंजूरी दी गई है।
- उत्तराखंड वन विभाग सर्वेक्षक सेवा नियमावली 2010 में संशोधन किया गया है।
- शहरी विकास विभाग के तहत प्रदेश के सभी 11 नगर निगमन में पर्यावरण अभियंता के पद सृजित किए जाने को मंजूरी मिली है।
- संविदा के आधार पर पर्यावरण अभियंताओं की भर्ती होगी।
- सेब की अत्याधुनिक नर्सरी विकास योजना 2026 को मंजूरी मिली है।
- मौन पालन नीति 2026 को मंजूरी मिली है।
- मुख्यमंत्री बाल पोषण अभियान- बाल पालाश योजना के तहत 3 से 6 साल उम्र के बच्चों को दी जाने वाली सामग्रियों में नवीन सामग्रियों को शामिल किए जाने का निर्णय लिया गया है।
- मुख्यमंत्री महिला पोषण योजना में किया गया संशोधन।
- अंडा, दूध और केला के अलावा अन्य पोषक खाद्य पदार्थ भी कराए जाएंगे उपलब्ध।
- उत्तराखंड लोक सेवा आयोग का 24वां वार्षिक प्रतिवेदन को सदन का पटल पर रखने को मंजूरी मिली है।
- उत्तराखंड राज्य में माल एवं सेवा कर अपीलीय अधिकरण की राज्यपीत को देहराद.ून में यथावत रखने के साथ ही हल्द्वानी में एक अतिरिक्त राज्य पीठ या सर्किट बेंच की स्थापना को मंजूरी दी गई है।
- उत्तराखंड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक को विधानसभा में पुनर्स्थापित करने को मंजूरी दी गई है।
- सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो को औद्योगिक विकास से ट्रांसफर कर वित्त विभाग के अंतर्गत गठित करने को हरी झंडी दी गई है।
- विश्व बैंक पोषित उत्तराखंड दक्ष जलापूर्ति कार्यक्रम के क्रियान्वयन को मंजूरी दी गई है।
- उत्तराखंड में उपचारित जल के सुरक्षित पुन उपयोग के लिए नीति 2026 को मंजूरी दी है। साथ ही उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समूह क और ख के कर्मचारियों के लिए सेवा नियमावली, 2026 के प्रख्यापन को भी मंजूरी दी गई है।

# सहकारी मेलों में वितरित किया गया 21 करोड़ का ऋण: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** अंतर्राष्ट्रीय सहका. रिता वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में आयोजित सहकारिता मेलों में राज्य सरकार द्वारा किसानों, काश्तकारों, युवा उद्यमियों व महिला स्वयं सहायता समूहों को पशुपालन, मछली पालन, फूलों की खेती जैसी अन्य गतिविधियों के लिए 21 करोड़ से अधिक का ब्याज मुक्त ऋण वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त मेलों में 500 से अधिक महिला स्वयं सहायता समूहों ने अपने उत्पादों का विक्रय कर अच्छा मुनाफा कमाया है।

सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं ग्रामीण आर्थिकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में सहकारिता मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

■ 1000 से अधिक किसानों व स्वयं सहायता समूहों ने उठाया योजना का लाभ, कहा, 500 से अधिक महिला स्वयं सहायता समूहों ने मेलों में बेचे अपने उत्पाद



डॉ. रावत ने बताया कि सहकारिता विभाग के माध्यम से विशेष थीमों पर आधारित इन मेलों का 11 जनपदों में सफल आयोजन किया जा चुका है, जबकि टिहरी जनपद में मेला आयोजित किया गया है। इन मेलों में किसानों, काश्तकारों, कारीगरों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को बाजार उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा मेलों में विभागीय योजनाओं का लाभ आम लोगों का पहुंचाया जा रहा है। डॉ. रावत ने बताया कि मेलों के माध्यम से अब तक 1038 किसानों व 147 महिला स्वयं सहायता समूहों को रुपये 21 करोड़ से अधिक ब्याज मुक्त ऋण वितरित किया जा चुका है, जिसमें अल्मोड़ा जनपद में 174 लाख का ब्याज मुक्त ऋण किसानों व महिला स्वयं सहायता समूहों को वितरित किया गया। इसी प्रकार बागेश्वर में 115 लाख, पिथौरागढ़ में 211 लाख, चम्पावत 81, नैनीताल 107 लाख, चमोली 155 लाख, रूद्रप्रयाग 177 लाख, पौड़ी 583 लाख, हरिद्वार 71 लाख, देहरादून 98 लाख तथा उत्तरकाशी जनपद में किसानों व महिला स्वयं सहायता समूहों को 56 लाख का ब्याज मुक्त ऋण वितरित किया गया है।

# शिक्षकों व कर्मचारियों की सुरक्षा को एसओपी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में बुधवार को सरकारी कार्यालयों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर शासन ने एसओपी जारी की है। हाल ही में शिक्षा निदेशक से मारपीट के मामले के बाद सीएम धामी ने एसओपी जारी करने के निर्देश दिए थे।

■ सीएम धामी ने मुख्य सचिव को दिए थे मानक संचालन प्रक्रिया बनाने के निर्देश

एसओपीए उद्देश्य एवं प्रयोज्यता: कार्यस्थल पर बाहरी आक्रामकता, अनावश्यक दबाव अथवा हिंसा से लोक सेवकों को भौतिक एवं विधिक रूप से पूर्णत: सुरक्षित र5ने के लिए एक सुदृढ़ सुरक्षात्मक तंत्र स्थापित करना। यह उत्तरा5ण्ड के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में कार्यरत समस्त सरकारी कार्यस्थलों (निदेशालयों, जिलाधिकारी परिसरों, 5ंड विकास कार्यालयों, राजकीय शैक्षणिक एवं चिकित्सा संस्थानों आदि) पर लागू होगी, जिस के लिए विभाग के सचिव द्वारा विभागीय आवश्यकतानुसार यथा संशोधनों सहित इसकी अधिसूचना पृथक से जारी की गई हो। जिन कार्यालयों में पूर्व से सुरक्षा की व्यवस्था विद्यमान है यथा सचिवालय / विधानसभा इत्यादि, उनमें यह मानक संचालन प्रक्रिया लागू नहीं होगी।

यह सुरक्षा प्रतिबंध एवं नियम आम जनमानस, निजी ठेकेदारों, जन-प्रतिनिधियों, उनके समर्थकों तथा व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारियों सहित समस्त आगंतुकों पर बिना किसी अपवाद के लागू होंगे। विभाग के सचिव सुरक्षा 5तरों के आधार पर (पसारा) के अन्तर्गत पंजीकृत सुरक्षा एजेंसियों से सुरक्षा कर्मियों की तैनाती कर सकते हैं।

**सुरक्षा जाँच प्रक्रिया:** प्रवेश द्वारों पर यथावश्यकता से स्थापित डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर के माध्यम से प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। महानुभावों / विशिष्ट व्यक्तियों के वाहन पूर्व अनुमति के साथ ही परिसर में प्रवेश कर सकेगें। सुरक्षा कर्मियों द्वारा सभी व्यक्तियों की शारीरिक जाँच की जाए। दुर्व्यवहार के दोषी व्यक्तियों का परिसर में प्रवेश वर्जित करने हेतु सुरक्षा चौकी पर एक औपचारिक ष्नो एंट्रीष् फोटो-युक्त पंजिका संधारित की जाए।

**आगंतुक प्रबंधन प्रणाली:** कार्यालयों में यथासंभव डिजिटल टडै प्रणाली लागू की जाए तथा जहाँ पर सम्भव न हो, तो भौतिक रजिस्टर के माध्यम से भी आगन्तुकों का विवरण र5ा जाए,: आगंतुक की उच्च-रिजॉल्यूशन फोटो एवं वैध सरकारी पहचान पत्र का सत्यापन कर वी०एम०एस० में प्रविष्टि की जाए। भौतिक रजिस्टर होने की दशा में आगंतुक का नाम, पता, मोबाइल नंबर, पहचान पत्र संख्या और आने का उद्देश्य स्पष्ट रूप से अंकित हो।

**प्रवेश एवं पहचान:** कार्यालय में प्रवेश से पूर्व स्वागत कक्ष पर अपना पंजीकरण कराएं और वैध पहचान पत्र दिए एवं साथ र5। किसी भी अधिकारी से मिलने के लिए पूर्व निर्धारित समय या आवंटित टोकन नंबर की प्रतीक्षा करें।

**शिष्टाचार एवं व्यवहार:** सरकारी अधिकारी/कर्मचारी के साथ बात करते समय शिष्ट भाषा का प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का शोर-शराबा, नारेबाजी या उत्तेजक व्यवहार कार्यालय परिसर में पूर्णत: वर्जित है। अधिकारी के कक्ष में एक समय में केवल दो (2) व्यक्तियों (या अधिकृत प्रतिनिधि) को ही प्रवेश की अनुमति होगी। 02 से अधिक व्यक्ति किसी भी दशा में अधिकारियों के कक्ष में प्रवेश नहीं करेंगे। शारीरिक हमला या अभद्र व्यवहार: ड्यूटी पर तैनात किसी भी लोक सेवक के साथ धक्का-मुक्की, मारपीट या गाली-गलौज करना एक गंभीर दंडनीय अपराध है।

### परिधि सुरक्षा एवं भौतिक प्रवेश नियंत्रण

समस्त स्थायी एवं संविदा कर्मचारियों के लिए मानकीकृत, टैम्पर प्रूफ पहचान पत्र दृष्टिगोचर रूप से धारण करना अनिवार्य होगा। कार्यालय परिसर में आम जनता के वाहनों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिषिद्ध रहेगा। वी०आई०पी० अथवा दिव्यांगजनों के वाहनों को अंडर-व्हीकल मिरर द्वारा सघन जाँच के उपरांत ही प्रवेश अनुमन्य होगा।

### प्रतिबंधित वस्तुएं

कार्यालय के भीतर ज्वलनशील पदार्थ, स्याही , लाठी-डंडा, हथियार या किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु ले जाना पूर्णत: वर्जित है। परिसर के भीतर वीडियो रिकॉर्डिंग करने से पूर्व सक्षम अधिकारी की अनुमति अनिवार्य होगी।

# कुमाऊं की खड़ी व बैठकी होली सांस्कृतिक विरासत की धरोहर: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** जनपद चम्पावत के दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों से आए होल्यारों के एक प्रति. निधिमंडल ने मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की और पारंपरिक अंदाज में उन्हें होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर होल्यारों ने कुमाऊँ अंचल की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का अनुपम प्रदर्शन करते हुए खड़ी एवं बैठकी होली के पारंपरिक लो. कगीतों का सुमधुर गायन किया।

मुख्यमंत्री धामी ने सभी होल्यारों का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमारी समृद्ध लोकसंस्कृति, शास्त्रीय संगीत परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि चम्पावत सहित समूचे कुमाऊँ क्षेत्र की खड़ी और बैठकी होली अपनी विशिष्ट शैली, राग-रागिनियों की शास्त्रीयता और भक्ति भाव से परिपूर्ण प्रस्तुति के कारण देशभर में विशेष पहचान रखती है। यह परंपरा हमारी सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर है, जिसे संजोकर रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोक कला, लोक संगीत और पारंपरिक उत्सवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है। विभिन्न सांस्कृतिक मंचों, महोत्सवों और आयोजनों के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, परंपराओं और मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। साथ ही ये समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द की भावना को सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर होल्यारों ने प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और निरंतर प्रगति की कामना करते हुए पारंपरिक मंगल गीत प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने भी समस्त प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कामना की कि यह रंगोत्सव सभी के जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता, सुख और समृद्धि लेकर आए। उन्होंने कहा कि होली का यह पावन पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम, सद्भाव और एकता के रंग में रंगने का संदेश देता है।



■ मुख्यमंत्री धामी को सीएम आवास में चम्पावत से आए होल्यारों ने दी होली की शुभकामनाएं

# स्पेशल असिस्टेंट स्कीम का कैपिटल इन्वेस्टमेंट के तहत केंद्र से मिले 350 करोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य को पूंजीगत निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के भाग-नौ "वित्तीय प्रबंधन में दक्षता के लिए राज्यों को प्रोत्साहन" के अंतर्गत 350 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार का आभार व्यक्त किया है।

■ मुख्यमंत्री धामी ने जताया प्रधानमंत्री मोदी का आभार

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा अपनाए गए सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन, पारदर्शिता और राजकोषीय अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड ने कर संग्रह बढ़ाने, व्यय नियंत्रण, डिजिटल भुगतान प्रणाली को सशक्त करने तथा बजटीय प्रबंधन में सुधार जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि इससे पूर्व राज्य को खनन क्षेत्र में पारदर्शी नीतियों, ई-टेंडरिंग एवं ऑनलाइन मॉनिटरिंग प्रणाली लागू करने तथा परिवहन विभाग में सुधारों के लिए भी केंद्र सरकार से प्रोत्साहन राशि प्राप्त हो चुकी है। यह दर्शाता है कि उत्तराखंड लगातार सुधार आधारित शासन मॉडल को अपनाकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड सुशासन, पारदर्शिता और विकास के नए मानक स्थापित कर रहा है। केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर दिया गया यह प्रोत्साहन राज्य के लिए प्रेरणास्रोत है और इससे हमारी विकास परियोजनाओं को नई गति मिलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री और भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार 'विकास भी, विरासत भी' के संकल्प के साथ उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# राज्य में अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून । भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि वन भूलपुरा अतिक्रमण को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को उत्साहवर्धक बताते हुए कहा कि इससे राज्य को अवैध कब्जा मुक्त करने की दिशा में एक उम्मीद जगी है।

भट्ट ने कहा कि देर सवेर न्यायालय का निर्णय सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण को लेकर आ सकता है। जहां तक प्रभावितों की बात है तो पीएम आवास एवं अन्य योजनाओं के माध्यम नियमानुसार पुनर्वास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वनभूलपूरा अतिक्रमण को लेकर पार्टी का मत स्पष्ट है। राज्य में अवैध कब्जा स्वीकार नही किया जायेगा। फिलहाल यह प्रकरण सर्वोच्च अदालत में लंबित है और सभी को अंतिम निर्णय का इंतजार है।



■ बनभूलपूरा पर एससी की टिप्पणी उत्साहवर्धक, राज्य के अवैध कब्जामुक्त होने की जगी उम्मीद

हालांकि अब तक की सुनवाई में विद्वान न्यायाधीशों की जो भी टिप्पणियां आई हैं वे इस मुद्दे पर हमारे रुख को स्पष्ट करती हैं। वहां सरकारी जमीन पर दशकों तक तय रणनीति के तहत अवैध कब्जा किया गया है, जिसे पूर्व में यूपी उत्तराखंड की विपक्षी सरकारों का संरक्षण प्राप्त हुआ था। चूंकि रेलवे की तरफ से किए गए वाद पर हाईकोर्ट द्वारा कार्रवाई के आदेश का प्रदेश सरकार पालन कर रही थी, लेकिन कुछ लोग सुप्रीम कोर्ट चले गए। अब सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों में भी स्पष्ट हुआ है कि वहां बसे हुए अधिकांश लोग अवैध कब्जेदार हैं। जिनका कोई भूमि अधिकार नहीं है कि वे रेलवे विकास योजनाओं के खिलाफ जाएं। इससे पूर्व ही सरकार और रेलवे द्वारा वहां के पीड़ित परिवारों के पुनर्वास को लेकर संविधान प्रद्धत योजनाएं प्रस्तुत की गई थी। लेकिन कुछ कट्टरपंथियों और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों द्वारा उन्हें भड़काया गया है और जिससे कानूनी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। आज भी वहां पर कांग्रेस के स्थानीय विधायक और नेताओं द्वारा अवैध अतिक्रमणकारियों को न्यायालय में कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। भाजपा सरकार नीति और नीयत, देवभूमि की डेमोग्राफी, शांति व्यवस्था और धार्मिक सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने के पक्ष में है।

# विधानसभा बजट सत्र की तैयारियों में जुटा प्रशासन

■ जिला प्रशासन ने सम्बन्धित अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** आगमी विधानसभा बजट सत्र (09 मार्च 2026) को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी गौरव कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने संयुक्त रूप से कर्णप्रयाग से भराड़ीसैण विधानसभा परिसर का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण करने के उपरांत विधानसभा परिसर में सम्बधित विभागों से बजट सत्र की व्यवस्थाओ का गहनता से जानकारी ली एवं सम्बन्धित अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को भराड़ीसैण विधानसभा सत्र के दौरान बैरिकेडिंग, वाहन पार्किंग, शौचालय / सफाई, मेडिकल सुविधा, पेयजल सुविधा, वाहन पार्किंग, सफाई, स्ट्रीट लाईट हैलीपैड, एटीएम,वाहन ,विद्युत, भोजन, आवासीय, सीसीटीवी कैमरे, पुलिस आवासीय भवनों,की व्यवस्थाओं को समय रहते हुए दुरुस्त करने, संवेदनशील क्षेत्रों में नेटवर्क/वायरलेस कनेक्टिविटी दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शैडो एरिया चिह्नित कर अतिरिक्त संचार साधनों की व्यवस्था करने ,इसके अलाव सत्र के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के लिए पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित करने,फेरी लगाने वाले, मजदूरों और होमस्टे में आने वाले लोगों का सत्यापन गहनता से करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सुरक्षा के साथ कोई समझौता न हो। सत्र के दौरान अन्य प्रदर्शनों की संभावना के कारण विशेष एहतियात बरतने के भी सख्त निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने कर्णप्रयाग से भराड़ीसैण तक सड़क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर एनएच के अधीक्षण अभियंता ओमकार, को तीन के भीतर खम्मप्यांणा और जखेड गदेरे में पानी की निकासी एवं सड़क को गड्ढा मुक्त के स्पष्ट निर्देश।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारिर्यो को जो दायित्व सोपा गया है वे उनका निर्वहन भली-भांति करें साथ ही जिन अधिकारियों अन्य मैनपॉवर से संबंधित सामग्री की आवश्यकता है वे अपर जिलाधिकारी एवं विधानसभा सत्र के नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करना सुनिश्चित करे।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अभिषेक गुप्ता, यूपी जिला अधिकारीकरण प्रयाग सोहन सिंह रांगड़, पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी असीम देव सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे

# इलाज के लिए महिला को डोली पर सड़क तक लाए

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** चनबोड़ी-सिमतोली व साता-प्यारा गांव के लिए अभी तक सड़क नहीं बन पाई है। सड़क के



अभाव में आज भी लोग मीलों पैदल चलने को मजबूर हैं। सिमतोली गांव की एक महिला पेट में तेज दर्द उठा, गांव में सड़क एवं अस्पताल की कमी होने के कारण ग्रामीण उसे चार किमी डोली से सड़क तक लाए। यहां से निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। उपचार के बाद उसके हालत में सुधार हुआ है। ग्रामीणों ने जल्द सड़क नहीं बनने पर आमरण अनशन की चेतावनी दी है। सिमतोली निवासी 29 वर्षीय पूजा देवी को मंगलवार की शाम पेट दर्द शुरू हुआ। दर्द से कहारती महिला को ग्रामीण डोली में बैठाकर चार किमी तक पैदल लाए। यहां से वाहन के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के लिए उन्होंने 2018 में दस दिन का आंदोलन किया। तब कैबिनेट मंत्री रहे स्व. चंदन राम दास ने सड़क बनाने का आश्वासन दिया, लेकिन आठ साल बीत जाने के बाद भी सड़क नहीं बन पाई है। सड़क के अभाव में उन्हें आज भी मीलों पैदल चलना पड़ रहा है। गर्भवती महिलाओं व बुजुर्ग तथा बीमार लोगों को सड़क तक लाना किसी चुनौती से कम नहीं है। पलायन के चलते गांव में युवा नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के लिए पहले लोनिवि ने सर्वे की, लेकिन उसके बाद पीएमजीएसवाई ने सर्वे की। फोरेस्ट क्लीरियंस हो गया है। इसके बाद भी सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ है। सिमतोली ग्राम प्रधान दीपा देवी, दरवान सिंह मेहता, पूर्व प्रधान आनंद सिंह मेहता, पूर्व सैनिक शोभन सिंह असवाल, दिनेश असवाल, भूपेश असवाल, राजेंद्र सिंह आदि ने जल्द गांव तक सड़क नहीं बनने पर आमरण अनशन की चेतावनी दी है। होली के बाद इसके लिए रणनीति बनाई जाएगी।

# मरीजों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं दें: आयुक्त

## कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के साथ जिला चिकित्सालय बागेश्वर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्थाओं, आधारभूत संरचना, दवाइयों की उपलब्धता, आपातकाल. ीन सेवाओं तथा ओपीडी संचालन की विस्तृत समीक्षा की। आयुक्त ने अस्पताल परिसर, पंजीकरण काउंटर, ओपीडी कक्ष, विभिन्न वार्ड तथा अन्य इकाइयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ओपीडी में प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या, पंजीकरण प्रक्रिया तथा उपचार व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान क्यूआर कोड के माध्यम से ओपीडी शुल्क भुगतान प्रणाली की जानकारी प्राप्त की। जन औषधि केंद्र में आवश्यक एवं जीवनरक्षक दवाइयों की उपलब्धता का गहन निरीक्षण किया। दवाओं के स्टॉक रजिस्टर, वितरण प्रणाली एवं मूल्य सूची की जांच करते हुए निर्देशित किया गया कि किसी भी परिस्थिति में आवश्यक दवाइयों की कमी न हो तथा मरीजों को निर्धारित



दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं ओपीडी में आए लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान आपातकालीन चिकित्सा सेवा 108 एम्बुलेंस की उपलब्धता, प्रतिक्रिया समय, संच. ालन व्यवस्था एवं तकनीकी स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा की गई। निर्देशित किया गया कि दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को समयबद्ध आपात सेवा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक में मानव संसाधन की उपलब्धता, विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती, स्वच्छता व्यवस्था, उपकरणों की कार्यशीलता एवं आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। अस्पताल की समग्र कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने हेतु आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एन एस नबियाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. तपन शर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी डा. अनुपमा हयांकी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

### टॉप फ्लोर के वार्डों में लटके पड़े हैं ताले

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल के सबसे टॉप फ्लोर पर बने वार्ड पर आज भी ताले लटके हुए हैं। करोड़ों रुपए से बना यह हाईटेक वार्ड कई खामियों के कारण बन पड़ा हुआ है। बुधवार को कुमाऊं कमिश्नर दीप रावत से लोगों ने वार्ड के संबंध में जानकारी दी। जिस पर उन्होंने जांच कर आगे की कार्रवाई करने जा आश्वा. सन दिया है। बता दें कि अस्पताल के टॉप फ्लोर पर बने वार्ड को आज तक तीन जिलाधिकारी तक सुचारू करवाने में असमर्थ हो गए है। जिले में बदलते डीएम हर बार अस्पताल के निरीक्षण पर रहते है। तीनों जिलाधिकारियों के संज्ञान में मामला लाया गया। उसके बाबजूद आज दिन तक वार्ड सुचारू नहीं हो पाया है। जबकि जिला अस्पताल में कभी कभी मरीजों की संख्या बढ़ जाने से मरीजों के लिए बेड गैलरी में लगाने पड़ते है। आयुक्त के संज्ञान में मामला आने से अब वार्ड के खुलने की उम्मीद जागी है।

# राज्य में अपराध बढने पर कांग्रेस का विरोध

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड में बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस मुखर हो गई है। बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को



ज्ञापन भेजा। इस दौरान भाजपा सरकार पर प्रदेश में कानून व्यवस्था बेपटरी होने का आरोप लगाया। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि प्रदेश में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध, चोरी, लूट, नशे का कारोबार और हत्या जैसी वारदातें आम होती जा रही हैं। आज भाजपा के राज मे सरकारी अधिकारी कर्मचारी कोई भी सुरक्षित नहीं है। भाजपा के नेता, विधायक खुलेआम मारपीट कर रहे हैं। कहा कि अल्मोड़ा जैसे शांत शहर मे अपराधी खुलेआम पुलिस को ललकार रहे हैं। इन सबके बावजूद भी पुलिस अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। कहा कि आम जनता में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने, पुलिस तंत्र को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त करने, महिलाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाये जाने की मांग उठाई। ज्ञापन सौंपने वालों में नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, विनोद वैष्णव, आनंद बिष्ट, नारायण दत्त पांडे, अधिवक्ता कुंदन भंडारी, पूर्व दर्जा मंत्री केवल सती, विनोद फुलारा, निर्मल रावत, बीके पांडे, गोविंद मेहरा, पार्षद दीपक कुमार, अनूप भारती, मुकेश कुमार, हिमांशु मेहता, धनंजय साह, शुधाशु रौतेला, विजय कनवाल, दानिश खान, फेमिना खान, ललित सतवाल, साहबुद्दीन, शरद साह दीपा साह, रविंद्र टम्टा, दीपक भट्ट, नरेश बराकोटी, जगदीश पांडे, पंकज पाठक, हरेंद्र रावत, पारितोष जोशी थे।

## 35 निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गोशाला भेजा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** मंगलवार को नगर निगम हल्द्वानी, नगर पालिका कालाढूंगी और स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर कालाढूगी-हल्द्वानी मार्ग पर नयांगाव और कमौला से 35 निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गौशाला और जंगल के खत्तों में छोड़ा। इस अभियान को कनिष्ठ प्रमुख अपूर्वा बिष्ट ने नेतृत्व किया। कनिष्ठ प्रमुख अपूर्वा बिष्ट ने बताया कि यह अभियान आवारा मवेशियों को सुरक्षित आश्रय देने और सड़क दुर्घटनाओं एवं फसलों के नुकसान को कम करने के उद्देश्य से चलाया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले बैलपडाव में जनता दरबार में जिलाधिकारी को क्षेत्र में आवारा पशुओं के कारण हो रहे सड़क हाद. सों और फसलों को हो रहे नुकसान से अवगत कराया था, जिसके बाद प्रशासन ने इस पहल को साकार किया। इस अभियान के दौरान चिकित्साधिकारी की निगरानी में पशुओं का टैगिंग और पोर्टल पर पंजीकरण किया गया। कनिष्ठ प्रमुख ने बताया कि निराश्रित गोवंशों के कारण कई वाहन चाल. कों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी और अब किसानों की फसलों को भी नुकसान से राहत मिलेगी। उन्होंने मेयर गजराज बिष्ट, ईओ अभिनव कुमार और प्रशासन का आभार जताया। इस दौरान सामा. जिक कार्यकर्ता अनूप दिष्ट और स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## जैविक खेती के लाभ बताए

**अल्मोड़ा।** विकासखंड भैंसियाछाना के ग्राम पंचायत बेलवाल में बुधवार को कृषि विभाग ने जैविक खेती पर एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की। सहायक कृषि अधिकारी विनोद पांडे और ब्लॉक समन्वयक विनोद भाकुनी ने किसानों को जैविक खेती के लाभ और तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैविक खेती से किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं और यह पर्यावरण के लिए भी लाभकारी है।

## आईजीएल ने विद्यालय को प्रदान की प्रयोगशालाएं व बहुउद्देशीय भवन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड काशीपुर हमेशा से अपनी सामाजिक जिम्मेदारियां निभाने के लिए अग्रसर रहा है और काशीपुर की कई संस्थाओं को कई वर्षों से लाभान्वित कर रहा है। इसी क्रम को जारी रखते हुए आईजीएल ने विद्या भारती से सम्बद्ध शिशु शिक्षा समिति उत्तराखण्ड द्वारा संचालित केशवपु. रम, काशीपुर स्थित अजय भरतिया सरस्वती विद्या मन्दिर विद्यालय को



नवनिर्मित भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला, रासायनिक विज्ञान प्रयोगशाला, जीव विज्ञान प्रयोगशाला, स्टेम लैब के साथ ही विशाल बहुउद्देशीय भवन विद्यालय प्रबंध समिति को बच्चों के बेहतर शिक्षण के लिए प्रदान किया। इस अवसर पर आलोक सिंघल आईजीएल अधिशासी निदेशक ने कहा कि इस सहयोग से विद्यालय के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार होगा। इस अवसर पर राजेश कुमार सिंह हेड एचआर, विक्रांत चौधरी सहायक महाप्रबंधक प्रशासन, सचिन गुप्ता, विधायक त्रिलोक चीमा, महापौर दीपक बाली, राम मेहरोत्रा विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष, अमित मित्तल प्रबंधक, सुखविंदर सिंह कोषाध्यक्ष, देवेंद्र कुमार अग्रवाल प्रबंध निदेशक केवीएस, शत्रुघ्न सिंह राठौड़ प्रांतीय मंत्री शिशु/जन शिक्षा समिति उत्तराखंड, ईश्वरी दत्त जोशी सह प्रदेश निरीक्षक, जयपाल सिंह प्रधानाचार्य सहित विद्यालय स्टाफ व कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी आरसी उपाध्याय प्रबन्धक लाइजिनिंग आईजीएल काशीपुर द्वारा दी गई।

# होली गीतों पर महिलाओं ने लगाए ठुमके

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी में महिला कल्याण संस्था की ओर से ऐतिहासिक मल्ला महल में दो दिवसीय होलिकोत्सव का भव्य श्रीगणेश हुआ। शुभारंभ मौके पर महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इसके बाद विभिन्न कार्यक्रम हुए। महिलाएं होली गीतों पर जमकर थिरकीं। बुधवार को होलिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, मेयर अजय वर्मा, होटल एसोसिएशन अध्यक्ष अरूण वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि ने होलिकोत्सव का शुभारंभ करते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं दी। कहा कि महिला कल्याण संस्था के प्रयास सराहनीय है। जिसके बाद होलिकोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। होली गीतों का शुभारंभ भगवान गणेश की स्तुति के साथ किया। इसके बाद नगर के विभिन्न मोहल्लों की महिलाओं ने ढोलक और मंजीरें की थाप पर होली गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। महिला होल्यारों ने सिद्धि को दाता विध्न विनाशक होली खेले गिरजापति नंदन... होली गीत गाकर महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके अलावा मुझे



मिल गया नंद का लाल रसिया हो. लिन..., आज नंद लाल संग खेलूंगी होली..., जल कैसे भरू जमुना गहरी.. ., गई गई रे असुर तेरी नारी मंदोदरी सिया मिलन गई वागां में..., शिव के मन माही बसे काशी..., सीता राम के ब्याह जनकपुर जाना है..., आदि होली गीतों और अन्य झोड़े गाकर खूब वाहवाही बंटोरी। होलिकोत्सव के शुभारंभ मौके पर महिला होत्यारों ने सामूहिक रूप से झोड़ा गायन किया। इससे पूर्व महिला होल्यारों ने कां ले छो गंवरा त्वीले जनम आओ हो वसुधारा पड़ी गैछ राता..., महिलाओं ने खोल दे माता खोल भवानी धरम किवाड़ा... समेत कई कुमाऊंनी झोड़ों की शानदार प्रस्तुति दी। होलिकात्सव के दौरान महिला दलों ने स्वांग के जरिए चुटीले अंदाज से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। अलग-अलग टीमों के महिलाओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर जमकर कटाक्ष किए। किसी ने वर्तमान में राजनीति, तो किसी ने पहाड़ों में शादियों और किसी ने मोबाइल के बढ़ते प्रचलन को लेकर कटाक्ष के जरिये दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को तालियां बजाने में मजबूर कर दिया। समिति की ओर से हर टीम के लिए मंच में 15-15 मिनट का समय तय किया गया था। महिलाओं की टोलियों ने होली गायन के साथ नृत्य और शानदार स्वांग की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बंटोरी। कार्यक्रम में मां जगदम्बा टीम धारौनाल, मां कोकिला महिला सांस्कृतिक दल, जन शिक्षण संस्थान समिति, सर्वोदय नगर, मातृ शक्ति खत्याड़ी, जौहार सांस्कृतिक टीम, जाखन देवी टीम, महिला शक्ति तल्ली खत्याड़ी समेत विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने महिला होलिकोत्सव में प्रतिभाग किया। यहां महिला कल्याण संस्था की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल, सचिव पुष्पा सती, उपाध्यक्ष चंद्र अग्रवाल, संरक्षक मीता उपाध्याय, रंगकर्मी मनमोहन चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार व रंगकर्मी नवीन बिष्ट, अखिलेश थापा, सुनैना मेहरा, मंजू जोशी, ममता चौहान, डा. ललित मोहन नेगी, चंचल तिवारी, बृज मोहन जोशी, अखिलेश थापा, जयमित्र सिंह बिष्ट, सुंदर लटवाल समेत बड़ी संख्या में विभिन्न मोहल्लों की महिला होल्यार मौजूद रही।

## एक नजर

### किशोरी की न्यूड वीडियो वायरल करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**काशीपुर।** किशोरी की न्यूड वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर वायरल करने के आरोप में आईटीआई कोतवाली पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक बीते रविवार को बजरंग दल के लगभग 50-60 व्यक्ति कोतवाली आए और बताया कि दो युवकों द्वारा एक नाबालिग लड़की की न्यूड वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर वायरल कर दी गई है, जिसमें एक मुस्लिम लड़का भी शामिल है। इस दौरान परिजनों के साथ आई नाबालिग द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर नामजद युवकों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। दोनों से पूछताछ कर उनके मोबाइल फोन की जांच की गई तो दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार किया। दोनों अभियुक्तों अभिषेक पुत्र कुंवर चंद निवासी ग्राम गंग. ूवाला जसपुर और जीशान अली पुत्र मोहम्मद साबिर हुसैन निवासी नारायणपुर जसपुर को मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गय टीम में रवि कुमार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली आईटीआई, उपनिरीक्षक मीनाक्षी मनराल, उपनिरीक्षक मनोज सिंह धौनी, कांस्टेबल धर्मेन्द्र भारती व अमित राणा थे।

### राष्ट्रीय तिरंगे के बिना सूना पड़ा पोल

**काशीपुर।** महाराणा प्रताप चौक पर हमारे देश की शान राष्ट्रीय तिरंगा लगाया था, जिसे देखकर हर नगरवासी अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता था। अब काफी समय से वह राष्ट्रीय तिरंगा वहां पर नहीं है, जिससे लोगों को काफी निराशा हो रही है। विदित हो कि कई वर्ष पूर्व महाराणा प्रताप चौक पर नगर निगम द्वारा पोल पर राष्ट्रीय तिरंगा लगाया गया था जो पिछले वर्ष तेज़ आंधी एवं तूफान के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। जिस कारण वह राष्ट्रीय ध्वज उतार दिया गया था। लोगों को उम्मीद थी कि 26 जनवरी को वहां फिर से राष्ट्रीय तिरंगा लगाया जायेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अभी तक भी उक्त पोल पर राष्ट्रीय ध्वज नहीं लगाया गया है। जिससे नगर की छवि धूमिल हो रही है। हालांकि यह राष्ट्रीय ध्वज लगाने को लेकर कई बार सोशल मीडिया पर भी मांग उठती रहती है लेकिन उसका भी कोई असर नहीं हुआ। नगर के लोगों ने नगर निगम के जनप्रतिनिधियों /नगर निगम से उक्त खाली पड़े पोल पर तिरंगा लगाने की मांग की है।

### मांगों को लेकर गरजी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

**अल्मोड़ा।** भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने बुधवार को नगर के गांधी पार्क में धरना देकर अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सरकार पर उनकी समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया और सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, मानदेय में वृद्धि और पेंशन की व्यवस्था लागू करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ की कई प्रमुख सदस्य मौजूद रहे।

### शोध छात्रा सोनिया का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रानीखेत।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत की शोध छात्रा सोनिया ने डीएसबी परिसर नैनीताल में आयोजित पीएचडी फाइनल वाइवा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके शोध का विषय कुमाऊं के टीबी सेनेटोरियम का ऐतिहासिक अध्ययन था, जो कुमाऊं के चिकित्सा इतिहास पर महत्वपूर्ण योगदान है। शोध में भवाली टीबी सेनेटोरियम के ऐतिहासिक महत्व पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो स्वास्थ्य पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण के लिए उपयोगी साबित होगा। सोनिया के शोध निर्देशक सहायक प्रो. डा. पंकज प्रियदर्शी थे, और वाइवा के बाह्य परीक्षक प्रो. अमित कुमार सुमन थे। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने सोनिया का भव्य स्वागत किया। प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे ने इसे महाविद्यालय के लिए गर्व की बात बताया।

### दो माह बाद परिवार से मिला तौफीक

**अल्मोड़ा।** धौलछीना थाना क्षेत्र के नौगांव में संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक व्यक्ति की सूचना डायल 112 पर मिली। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुनील बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और व्यक्ति को थाने लाई। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद तौफीक बताया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए परिजनों की तलाश शुरू की और संपर्क स्थापित किया। जांच में पता चला कि तौफीक मानसिक रूप से अस्वस्थ है और दो माह से घर से लापता था। आवश्यक कार्रवाई के बाद बुधवार दोपहर करीब तीन बजे उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने पुलिस की संवेदनशीलता के लिए आभार जताया।

### खतरा बने पेड़ को काटकर हटाया

**अल्मोड़ा।** नगर के बेस तिराहे के पास मुख्य मार्ग की ओर खतरनाक रूप से झुका एक विशालकाय पेड़ जनमानस के लिए खतरा बन गया। पेड़ के कारण यातायात बाधित होने के साथ ही किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन अल्मोड़ा की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जवानों ने स्थिति का जायजा लेकर वुडन कटर की सहायता से पेड़ को सावधानीपूर्वक छोटे-छोटे टुकड़ों में काटा और उसे सड़क से हटाया। कार्रवाई के दौरान यातायात को नियंत्रित रखा गया। पेड़ हटते ही मार्ग पर आवाजाही सुचारू कर दी गई।

### गुमशुदा किशोरी मोहान से बरामद

**अल्मोड़ा।** चौखुटिया में कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 17 वर्षीय गुमशुदा किशोरी को 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। बीते मंगलवार को क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री के बिना बताए घर से चले जाने की सूचना दी। इस पर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत तलाश शुरू की। सर्विलांस टीम की मदद से संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई और किशोरी को मोहान क्षेत्र से सुरक्षित बरामद कर लिया गया। आवश्यक काउंसलिंग के बाद किशोरी को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने पुलिस की त्वरित और सराहनीय कार्रवाई के लिए आभार जताया।

### फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' का विरोध

**काशीपुर।** फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' के विरोध में आज यहां सैकड़ों की संख्या में यादव समाज के लोग सड़कों पर उतर आए और जोरदार नारेबाजी करते हुए फिल्म के निर्माता, निर्देशक का पुतला फूंका। आक्रोशित लोगों ने महाराणा प्रताप चौक पर पहुंचकर फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' के निर्माता संदीप तोमर और निर्देशक अंकित भड़ाना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनका पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से फिल्म पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। उनका कहना है कि रचनात्मक स्वतंत्रता के नाम पर किसी भी समाज को नकारात्मक और षडयंत्रकारी रूप में दिखाना सामाजिक सौहार्द के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि फिल्म के जरिए यादव समाज को 'लव जिहाद' जैसे संवेदनशील और विवादित मुद्दे से जोड़कर सुनियोजित तरीके से बदनाम करने की कोशिश की गई है। उन्होंने निर्माता-निर्देशक से सार्वजनिक माफी की भी मांग की। वक्ताओं ने सेंसर बोर्ड की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए।

## कार्यालय सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई उपखण्ड कपकोट

पत्रांक: 64/ल0सिं0/नि0सू0/2025-26 दिनांक: 16 फरवरी 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु मोहरबंद निविदा वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 28.02.2026 के अपराह्न 2.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराहन 3.00 बजे सहायक अभियंता लघु सिंचाई उपखण्ड कपकोट के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.02.2026 को अपराहन 4.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पंजीकरण के प्रमाण पत्रों की सत्य प्रतिलिपि के साथ निविदा प्रपत्र दिनांक 27.02.2026 को सहायक अभियन्ता कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। किसी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। निविदा क्रय के समय जीएसटी नम्बर चालू होना, जीएसटी अदेयता प्रमाण-पत्र दिखाया जाना तथा निविदा क्रय हेतु प्रत्येक योजना की अलग-2 धरोहर धनराशि दिखाया जाना अनिवार्य है अन्यथा निविदा विक्रय नहीं किया जाएगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | विकासखण्ड | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | दरों की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कपकोट विधानसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत बदियाकोट के सुप्रसिद्ध मां आदिबदरी धाम बदियाकोट में श्रद्धालुओं हेतु विश्राम गृह निर्माण। | कपकोट | 16000.00 | 1000 + GST | 45 दिन | 60 दिन | ई0 एवं उच्च |

निविदा संबंधी अन्य शर्तें कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई उपखण्ड कपकोट

## कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी ( नैनीताल )

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री नवीन चन्द्र पुत्र श्री गोविन्द लाल निवासी कालाढूंगी वार्ड न0-2 पो.ओ. कालाढूंगी (नैनीताल) द्वारा कालाढूंगी में अपनी नाता श्रीमती राधा देवी पत्नी श्री गोविन्द लाल के नाम दर्ज गृहकर जिसके जिसके पूरब में सड़क, पश्चिम में में दीवार, उत्तर में भवन व दक्षिण में खाली प्लॉट/भूमि (श्री पूरन कुमार के हिस्से की) स्थित है। जिसका गृहकर अपने नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र व स्व. राधा देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य वारीसान अपने भाई पूरन कुमार पुत्र स्व. गोविन्द लाल के अनापत्ति का शपथ पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत किये जाने उपरान्त उक्त भवन का गृहकर करो की वसूली के परियोजनार्थ व भू-स्वामित्व का आधार न होने के दशा में श्री नवीन चन्द्र पुत्र श्री गोविन्द लाल निवासी- कालाढूँगी वार्ड नं.-2 पो.ओ. कालाढूंगी (नैनीताल) के नाम हस्तान्तरण किया जाना प्रस्तावित है। कि यदि भविष्य में उक्त गृहकर हस्तान्तरण के सम्बन्ध में किसी के द्वारा कोई आपत्ति की जाती त लगाया गया गृहकर स्वत: ही समाप्त हो जायेगा। **नोट:-** यदि किसी को कोई आपत्ति व सुझाव हो तो इन सूचना जारी होने के 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति व सुझाव अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करे। बाद म्याद आपत्ति में विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

रमज़ान मुबारक



सरवर अली

सभासद वार्ड नंबर-03

नगर पालिका कालाढूंगी

जिला नैनीताल

+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक



मोहम्मद हसनैन ख़तीबी

( पूर्व उपाध्यक्ष )

उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड

उत्तराखंड सरकार

हल्द्वानी (नैनीताल)

मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक



बासित खान

( सदर )

जामा मस्जिद कमेटी

काठगोदाम

जिला - नैनीताल

मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट

फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर

रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स

(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)



Zubair Khan Najeeb Khan

Near-Axis Bank ATM, Church Compound

Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद





इसरार हुसैन

प्रदेश उपाध्यक्ष

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखण्ड।

रमज़ान मुबारक

जनसेवा एकता कमेटी



अध्यक्ष अलीम खान



उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू

कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी

मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



मोकिन सैफी

( विधानसभा अध्यक्ष )

यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल

पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

# बनभूलपुरा में ज्यादातर अवैध कब्जेदार

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को बताया उत्साहवर्धक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा रेलवे भूमि प्रकरण को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को उत्साहवर्धक बताते हुए कहा कि इससे राज्य को अवैध कब्जा मुक्त करने की दिशा में एक उम्मीद जगी है। भट्ट ने कहा कि देर सवेर न्यायालय का निर्णय सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण को लेकर आ सकता है। जहां तक प्रभावितों की बात है तो पीएम आवास एवं अन्य योजनाओं के माध्यम नियमानुसार पुनर्वास किया जाएगा। बनभूलपुरा अतिक्रमण को लेकर पार्टी का मत स्पष्ट है। राज्य में अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। फिलहाल यह प्रकरण सर्वोच्च अदालत में लंबित है और सभी को अंतिम निर्णय का इंतजार है। हालांकि अब तक की सुनवाई में विद्वान न्यायाधीशों की जो भी टिप्पणियां आई है वे इस मुद्दे पर हमारे रुख को स्पष्ट करती है। वहां सरकारी जमीन पर दशकों तक तय रणनीति के तहत अवैध कब्जा किया गया है, जिसे पूर्व में यूपी-उत्तराखंड की विपक्षी सरकारों का संरक्षण प्राप्त हुआ था। चूंकि रेलवे की तरफ से किए गए वाद पर हाईकोर्ट द्वारा कार्रवाई के आदेश का प्रदेश सरकार पालन कर रही थी, लेकिन कुछ लोग सुप्रीम कोर्ट चले गए। अब सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों में भी स्पष्ट हुआ है कि वहां बसे हुए अधिकांश लोग अवैध कब्जेदार हैं, जिनका कोई भूमि अधिकार नहीं है कि वे रेलवे विकास योजनाओं के खिलाफ जाए। इससे पूर्व ही सरकार और रेलवे द्वारा वहां के पीड़ित परिवारों के पुनर्वास को लेकर संविधान प्रद्धत योजनाएं प्रस्तुत की गई थी, लेकिन कुछ कट्टरपंथियों और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों द्वारा उन्हें भड़काया गया और जिससे कानूनी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। आज भी वहां पर कांग्रेस के स्थानीय विधायक और नेताओं की ओर से अवैध अतिक्रमणकारियों को न्यायालय में कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार देवभूमि की डेमोग्राफी और शांति को बनाए रखने के लिए पहले ही अवैध कब्जों पर ताबड़तोड़ ऐक्शन ले रही है। उसी क्रम में इस प्रकरण में जब अंतिम निर्णय आएगा उसे पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। हमारी सरकार वैध कब्जेदारों को रेलवे द्वारा निर्धारित पुनर्वास नीति के तहत संरक्षण में सहायता करेगी और उसके अतिरिक्त जो भी जरूरतमंद परिवार होंगे उन्हें नियमों के दायरे में पीएम आवास योजना के तहत बसाया जाएगा। इससे अलग जो बाहर से आकर अवैध रूप वहां रह रहे है, उन्हें तो जाना ही होगा। भाजपा सरकार नीति और नीयत, देवभूमि की डेमोग्राफी, शांति व्यवस्था और धार्मिक सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने के पक्ष में है। भट्ट ने गोठ खत्तों को लेकर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को झूठा शो करार दिया। उन्होंने सभी समुदायों के अधिकारों के संरक्षण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि अपनी डबल इंजन सरकार में कांग्रेस उनके अधिकारों को लेकर उदासीन और उनको छलने का कार्य करती रही और अब नौटंकी कर रही है।

### कहा- प्रभावितों को पीएम आवास एवं अन्य योजनाओं के माध्यम नियमानुसार पुनर्वास किया जाएगा



# भाजपा एक परिवार की तरहः भट्ट

## प्रदेश अध्यक्ष ने हल्द्वानी में कई लोगों को दिलाई पार्टी की सदस्यता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** भाजपा के कुमाऊं संभाग कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में ऊधमसिंह नगर और पिथौरागढ़ जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधियों तथा अन्य दलों के अनेक कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी नवागंतुक कार्यकर्ताओं को पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह कार्य करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के पिछले 11 वर्षों और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार के विगत चार वर्षों में देश और प्रदेश में ऐतिहासिक जनकल्याणकारी निर्णय लिए गए है और अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। इस दौरान उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि पार्टी में प्रत्येक नए कार्यकर्ता का पूरा सम्मान किया जाएगा और संगठन में उन्हें किसी न किसी भूमिका में समायोजित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि धामी सरकार के विकास कार्यों के बल पर आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा रिकॉर्ड तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। ऊधमसिंह नगर से भाजपा की सदस्यता लेने वालों में ब्लॉक प्रमुख रुद्रपुर रीना गौतम, ज्येष्ठ प्रमुख रुद्रपुर संजय सिंह, कनिष्ठ प्रमुख रुद्रपुर भारती देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य रुचि पाल, जय नारायण तिवारी, अकील अहमद एवं आरकीन शामिल रहे। वहीं, पिथौरागढ़ जिले से ब्लॉक प्रमुख बेरीनाग संगीता चन्याल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डा. भीम कुमार, राज्य आंदोलनकारी गोविंद महर (गोपु), ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार, रविंद्र कुमार चंतोला सहित कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, जिलाध्यक्ष नैनीताल प्रताप सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष पिथौरागढ़ गिरीश जोशी, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, प्रदेश प्रवक्ता मथुरा दत्त जोशी, दर्जा राज्य मंत्री नारायण राम आर्य, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, नवीन वर्मा, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, विनीत अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी नितिन राणा, मधुकर श्रोत्रिय सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रिक्त पदों पर पदोन्नति की रखी मांग

## डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन की स्वास्थ्य महानिदेशक के साथ बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय फार्मेसी अधिकारियों के मान्यता प्राप्त सेवा संघ डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन ने स्वास्थ्य महानिदेशक के साथ एक बैठक आयोजित कर स्वास्थ्य उपकेंद्रों में पूर्व से सृजित फार्मेसी अधिकारी के 391 पदों को यथावत रखने की मांग को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और कार्मिक विभाग से स्वीकृति प्राप्त होने के बावजूद यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है, जिसके कारण सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों में ग्रामीण जनता को मिल रही स्वास्थ्य और फार्मास्युटिकल सेवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। संघ ने यह भी अनुरोध किया कि विभाग में चीफ फार्मेसी अधिकारी के रिक्त पदों पर पदोन्नति का प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजा जाए, क्योंकि सेवानिवृत्ति के करीब पहुंचे कई फार्मेसी अधिकारी पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, संगठन ने फार्मेसी संवर्ग के कार्मिकों को 10 वर्षों की सेवा पर प्रथम पदोन्नति पद का वेतनमान देने की मांग की, साथ ही राज्य में फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। संगठन ने सुदूर क्षेत्रों में स्थापित चिकित्सालयों में चिकित्सक की अनुपस्थिति के दौरान उड़ीसा और असम राज्य की तर्ज पर फार्मेसी अधिकारियों को औषधि प्रदान करने की भी मांग उठाई। स्वास्थ्य महानिदेशक ने इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया। बैठक में संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुधा कुकरेती, महामंत्री डा. सतीश चंद्र पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश भूषण नौटियाल, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार पाण्डेय, संगठन मंत्री राहुल लखेड़ा, संयुक्त मंत्री नितिन कुंवर, कोषाध्यक्ष प्रदीप रावत और संप्रेक्षक गंगा सिंह थलवाल रहे।



## 5 हजार से अधिक लोगों का सत्यापन

**हल्द्वानी।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन क्रैकडाउन अभियान के तहत आपराधिक घटनाओं को रोकने और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। अब तक 5,000 से अधिक लोगों का सत्यापन किया जा चुका है और 409 संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस महानिदेशक ने राज्य में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण रखने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान के अंतर्गत आश्रम, होमस्टे, हॉस्टल, शैक्षणिक संस्थान, प्रतिष्ठान, किरायेदारों और अन्य निवासियों की जांच की जा रही है। इसका उद्देश्य उन व्यक्तियों पर निगरानी रखना है जो अज्ञात, अपरिचित या आपराधिक पृष्ठभूमि छिपाकर रह रहे हैं।

# पनियाली जंगल में बाघ ने महिला को बनाया निवाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के फतेहपुर रेंज के पनियाली जंगल में लापता हुई महिला का शव बरामद होने से क्षेत्र में दहशत है। जंगल में पहले महिला की चप्पल, दराती, कपड़े और खून के निशान मिले थे, जिसके बाद बाघ के हमले की आशंका जताई जा रही थी। सर्च अभियान के दौरान महिला का क्षत-विक्षत शव जंगल के अंदर से बरामद हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला कमला फर्त्याल रोज की तरह जंगल में घास और लकड़ी लेने गई थी, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटी। परिजनों और ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू की तो जंगल में उसकी चप्पल, दराती और कपड़े बिखरे मिले। आसपास खून के धब्बे पाए गए, जिससे जंगली जानवर के हमले की आशंका गहरा गई। बताया जा रहा है कि बाघ ने महिला के शरीर को बुरी तरह नोच डाला था और आधा हिस्सा खाया हुआ मिला। घटना की सूचना के बाद वन विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि समय पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। आक्रोशित ग्रामीण खुद ही जंगल में सर्च अभियान में जुट गए और कई घंटों की मशक्कत के बाद महिला का शव बरामद किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्गम क्षेत्र होने के कारण ग्रामीणों ने शव को डंडे पर बांधकर जंगल से बाहर निकाला। इस दौरान क्षेत्र में भारी भीड़ जमा हो गई और लोगों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए गश्त बढ़ाने तथा आदमखोर बाघ को पकड की मांग की। वन विभाग के अधिकारियों ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि प्राथमिक जांच में बाघ के हमले के संकेत मिले हैं। क्षेत्र में पिंजरा लगाने, कैमरा ट्रैप सक्रिय करने और गश्त बढ़ाने की कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों को अकेले जंगल न जाने और सतर्क रहने की सलाह दी गई है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी ने कहा कि पनियाली फतेहपुर वन क्षेत्र में कमला फर्त्याल को बाघ द्वारा मारा जाना अत्यंत दु:खद ही नहीं, बल्कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की घोर किलता है। इससे पहले गांधी आश्रम क्षेत्र में भी ऐसी घटना हो चुकी है। हर बार आश्वासन दिए जाते हैं, पर कार्रवाई शून्य रहती है।

# जनगणना 2027 के लिए तीन दिन का प्रशिक्षण

## डिजिटल मोड में इस बार जनगणना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत की जनगणना-2027 को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने की। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों द्वारा जनगणना कार्य की सही, समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से जानकारी दी गई। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार जनगणना डिजिटल मोड में होगी, और पहली बार डेटा मोबाइल ऐप्स के माध्यम से एकत्र किया जाएगा। इसके तहत प्रगणक और पर्यवेक्षक खुद मोबाइल का उपयोग करेंगे।

जनगणना के प्रबंधन और निगरानी के लिए सीएमएमएस पोर्टल का इस्तेमाल किया जाएगा। जनगणना के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण और आवास गणना) की शुरुआत 25 अप्रैल से होगी, जो 24 मई तक चलेगा। यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी। द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना की जाएगी, जो 9 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक होगी। इसके अलावा, हिम आच्छादित क्षेत्रों में जनगणना 11 सितंबर 2026 से 30 सितंबर 2026 तक होगी। स्वजनगणना के तहत आम जनता सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से अपना डेटा स्वयं अपलोड कर सकती है, जिसके लिए 10 अप्रैल 2026 से 24 अप्रैल 2026 तक समयावधि निर्धारित की गई है। एडीएम श्री नेगी ने प्रशिक्षण में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इसे समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न किया जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर उपनिदेशक जनगणना प्रवीन कुमार ने जनगणना से संबंधित विस्तृत जानकारियाँ दीं और चार्ज अधिकारियों के प्रश्नों का समाधान किया। मास्टर ट्रेनर ने जनगणना के महत्व, राष्ट्रीय योजना एवं नीति निर्माण में इसके योगदान, और जनगणना पदाधिकारियों के दायित्वों के बारे में भी अहम जानकारियाँ दीं। प्रशिक्षण में नगर आयुक्त परितोष वर्मा, जिला विकास अधिकारी/सहायक जिला जनगणना अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, मास्टर ट्रेनर शिवानी जेटली, नितीश रावत, और जनपद के सभी तहसीलदार, नगर पंचायत, नगर पालिका, परिषद कैटोनमेंट के अधिकारी, तकनीकी सहायक, सेंसेस क्लर्क आदि मौजूद रहे।

# फरार वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काफी लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को काठगोदाम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अपराध में पंजीकृत एक वारंटी लंबे समय से फरार चल रहा था। इसके साथ ही वह न्यायालय में भी पेश नहीं हो रहा था। इस मामले में आरोपी के खिलाफ वारंट जारी कर गिरफ्तारी के लिए दबिश दी गई। दबिश के दौरान पुलिस ने आरोपी गौरव उर्फ गौरैया निवासी ब्यूरा टांगर काठगोदाम को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# दोबारा सीवर लाइन बिछाने पर आपत्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में सीवर लाइन दोबारा बिछाए जाने को लेकर राज्य आंदोलनकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंप कर आपत्ति जताई। आंदोलनकारियों ने कहा कि कॉल टैक्स तक सीवर लाइन पहले ही बिछ चुकी है तो दोबारा बिछाने की आवश्यकता क्यों पड़ी। राज्य आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि बार-बार खुदाई करने से न केवल जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है, बल्कि सरकारी राजस्व और सार्वजनिक धन का भी नुकसान हो रहा है। प्रमुख राज्य आंदोलनकारी राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि यदि लाइन में मोटे पाइप डाले जा रहे हैं, तो यह कार्य पहले क्यों नहीं किया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि दोबारा पाइप डालने में होने वाला आर्थिक नुकसान और असुविधा किसका जिम्मा है। बिष्ट ने कहा कि कुछ साल पहले ही सिविल लाइन कॉल टैक्स तक लाइन बिछाई गई थी, इसलिए बार-बार लाइन डालना न केवल जनता के पैसे का दुरुपयोग है, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और योजना की कमी को भी दर्शाता है। उनका कहना है कि बार-बार खुदाई और निर्माण कार्य से न केवल सड़क और परिवहन व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजमर्रा की परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। ज्ञापन में आंदोलनकारियों ने इस मामले की गंभीर जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। ज्ञापन देने वालो में राजेंद्र सिंह बिष्ट, कमल जोशी, भुवन जोशी, गोपाल सिंह आदि शामिल रहे।



# महिला होल्यारों ने किया मंत्रमुग्ध



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में आयोजित महिला होली गायन प्रतियोगिता रंग, रस और सुरों की अविरल धारा के बीच संपन्न हुई। इस आयोजन में फाल्गुनी उमंग और पारंपरिक लोकधुनों से सजी महिला होल्यारों की भावपूर्ण प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बुधवार को आयोजित इस प्रतियोगिता में 10 टीमों ने भाग लिया। हर टीम ने कुमाऊंनी और ब्रज शैली की पारंपरिक होली प्रस्तुत कर सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया। कार्यक्रम के दौरान सभागार में बैठे सभी श्रोता फाग के रंग में रंगे हुए नजर आए। प्रतियोगिता में होल्यारों ने फाल्गुन के दिन चार सन, सन चलत बयार, श्रंग डारो न हम पर बार, बार, राजकुंवर होली खेले सरयू के तीर, और तेरे आंगन होली आयी रही जैसे लोकप्रिय होली गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। इन प्रस्तुतियों में ताल, स्वर और भाव का अद्भुत समन्वय देखने को मिला, जिसने कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। कई प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने जोरदार तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद निर्णायक मंडल ने परिणाम घोषित किए। प्रतियोगिता में नैनीताल की प्रेरणा समिति ने उत्कृष्ट सामूहिक प्रस्तुति के बल पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। हल्द्वानी की अमरावती कॉलोनी की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि सांस्कृतिक समागम ने तीसरा स्थान हासिल किया। आयोजन के समापन पर मंच पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम न केवल हमारी परंपराओं को सहेजते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी कार्य करते हैं। इस मौके पर मंच के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर, अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेन्द्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनोली, शोभा बिष्ट, एलडी पाण्डे, पंकज सुयाल, चंद्रशेखर परगांई, भुवन जोशी, संदीप भैसोड़ा, विमला सांगुड़ी, हेम भट्ट, जगमोहन रौतेला, रत्ना श्रीवास्तव, निर्मला जोशी, पुष्पा संभल, पुष्पा नेगी, किरन डालाकोटी, जया पाठक, मंजू पाण्डे, तरुण नेगी, मनोज मेलकानी, नीरज जोशी, आनंद सिंह, एनबी गुणवंत समेत कई लोग मौजूद रहे।

# मेयर ने किया आरोग्य मंदिर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बुधवार को वार्ड-36 में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने विधिवत् फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके साथ ही मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने नगर निगम क्षेत्रांतर्गत भगवानपुर, दमुवाढुंगा, नारायण नगर बिठौरिया और गोकुल नगरी कुसुमखेड़ा में अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ किया। इस दौरान मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि इस केंद्र का उद्देश्य नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करना है, साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता, पौष्टिक आहार, स्वच्छता और निवारक उपायों के प्रति जानकारी देना भी है। मेयर ने बताया कि इससे पूर्व रामपुर रोड देवलचौड़ और गौजाजाली में भी दो केंद्र खोले जा चुके हैं। उन्होंने बताया इस केंद्र पर प्रशिक्षित एमबीबीएस चिकित्सकों की टीम द्वारा निशुल्क उपचार और परामर्श की सेवाएँ दी जाएँगी। केंद्र में प्रतिदिन सामान्य रोगों की जांच, गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच, बच्चों का टीकाकरण, वरिष्ठ नागरिकों की नियमित स्वास्थ्य जांच, और एनसीडी (हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं कैंसर) की प्राथमिक जांच एवं परामर्श की सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। मेयर गजराज बिष्ट ने बताया इस केंद्र में दी जाने वाली सभी सेवाएँ राज्य एवं केंद्र सरकार की संयुक्त पहल के तहत संचालित की जा रही हैं, और इसके लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस मौके पर नगर आयुक्त परितोष वर्मा, काठगोदाम मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट, स्थानीय पार्षद तनुजा जोशी, वार्ड-37 के पार्षद प्रतिनिधि हृदयेश कुमार, पूर्व प्रधान महेश जोशी, मंडल महामंत्री अरुण कुमार, कंचन उप्रेती, पनराम, दीपक बिष्ट, सुरेंद्र मोहन नेगी, प्रमोद पंत, धीरज पांडे, अरुण टम्टा, महेश जोशी, पूर्व सैनिक गोविंद बरती, सोबन भड़, अशोक चौहान, डा. मनोज कांडपाल, रोषपाल मौर्या, पंकज अधिकारी, मुन्ना शुक्ला, वीरेंद्र बिष्ट, रक्षित शर्मा, डा. राहुल तोमर सहित नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट और अन्य लोग मौजूद रहे।



# 300 नशे के इंजेक्शन के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बहेड़ी से भारी मात्रा में नशे के इंजेक्शन लेकर हल्द्वानी बेचने आ रहे एक तस्कर को लालकुआं पुलिस ने 300 नशे के इंजेक्शन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक के खिलाफ पूर्व में 6 मुकदमे भी दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। बुधवार को बहुद्देशीय भवन में एसपी सिटी मनोज कत्याल ने खुलासा करते हुए बताया कि बीते मंगलवार की रात्रि लालकुआं कोतवाल ब्रजमोहन सिंह राणा के नेतृत्व में लालकुआं पुलिस सुभाषनगर बैरियर के पास से चैकिंग कर रही थी तभी चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में आता दिखाई दिया। जो पुलिस टीम को देख भागने लगा। शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए युवक को दबोच लिया। युवक के पास रखे बैग की जब तलाशी ली गई तो उसमे से 300 नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। पकड़े गए युवक ने अपना नाम मौ.रफी पुत्र शकील अहमद निवासी वार्ड नं-14 उजालानगर बनभूलपुरा बताया। पूछताछ में पकड़े गए तस्कर ने बताया कि वह उक्त इंजेक्शन को बहेड़ी फाटक बरेली निवासी एक युवक से खरीदकर लाया और उसे यहां पर महंगे दामों में बेचकर अच्छा मुनाफा कमाता है। पकड़े गए तस्कर के खिलाफ पूर्व में 6 मुकदमें भी दर्ज है। पत्रकार वार्ता के दौरान सीओ अमित कुमार मौजूद रहे। टीम में एसआई शंकर नयाल, कांस्टेबल गणेश गिरी, कुवेर राणा, सन्तोष बिष्ट, भूपेन्द्र ज्येष्ठा मौजूद रहे।

# लिटिल फ्लावर स्कूल में कुमाऊंनी भाषा प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सौहार्द जनसेवा समिति द्वारा बुधवार को कुमाऊंनी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाए जा रहे अभियान की श्रृंखला में छठे दिन लिटिल फ्लावर स्कूल लालडांठ में कुमाऊनी भाषा में बच्चों की कविता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य शांति जीना और संस्था अध्यक्ष विद्या महतोलिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार दयाल पांडे और कुमाऊनी कवि धीरज पांडे निर्णायक मंडल के रूप में मौजूद रहे। जबकि संचालन विद्यालय की छात्रा निमिषा सुनाल ने कुमाऊनी भाषा में किया। संस्था अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य कुमाऊनी भाषा का प्रचार-प्रसार करना है। इसके साथ ही बच्चों को नशा मुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता के प्रति जागरूक करना भी हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया प्रतियोगिता में कुल 15 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें निमिषा सुनाल ने प्रथम, कृष्णा कांडपाल ने द्वितीय, और महिमा जोशी तथा इशिका आर्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्था से नंदा पांडेय, विद्या जोशी, डा. गीता मिश्रा, पूर्णिमा पांडे, अंजू पांडे, ममता भट्ट, पुनीता पांडेय, ईश्वर चंद्र भट्ट आदि मौजूद रहे।

# तीन सदस्यों की समिति का गठन किया

## चंदन हॉस्पिटल में अवैध वसूली की होगी जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चंदन हॉस्पिटल में उपचार के नाम पर हो रही अवैध वसूली, चिकित्सा में लापरवाही आर्थिक शोषण एवं कुप्रबंधन की जांच को लेकर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। इस मामले को लेकर तीन सदस्यों की जांच समिति का गठन किया गया। बुधवार को अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने बताया कि जिलाधिकारी ललित मोहल रायल के निर्देश के बाद हल्द्वानी भोटिया पड़ाव क्षेत्र स्थित चंदन हॉस्पिटल में उपचार के नाम पर अवैध वसूली, चिकित्सा में लापरवाही आर्थिक शोषण एवं कुप्रबंधन की जॉच के लिए अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), नगर मजिस्ट्रेट एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को तीन सदस्यों की जॉच समिति का गठन किया गया। एडीएम विवेक राय ने बताया कि चंदन हॉस्पिटल में ली जा रही फीस और निर्धारित स्वास्थ्य मानकों की विस्तृत जांच तथा मरीजों के आर्थिक एवं मानसिक शोषण तथा चिकित्सा में लापरवाही के आरोप के साक्ष्य संकलित किया जाए। एडीएम ने कहा कि उक्त संबंध में जानकारी रखने वाले सम्बद्ध, असम्बद्ध या अन्य व्यक्तियों से अपेक्षा की जाती है इस संबंध में प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपना मौखिक, लिखित, बयान अभिकथन अथवा उक्त के संबंध में काई साक्ष्य हो तो किसी भी कार्य दिवस को गठित जांच समिति को किसी भी अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सामूहिक दुष्कर्म का हुआ सनसनी खेज खुलासा

## देवर ने चंद रुपयों के लिए दोस्तों के आगे परोसा दी भाभी

- पुलिस को देख वहशी ने पकड़े जाने के डर से गटका जहर
- 22 फरवरी को विवाहिता से गैंगरेप में पूरे कांड का मास्टरमाइंड निकला देवर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एक विवाहिता के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म का मास्टरमाइंड कोई और नहीं, बल्कि उसका अपना सगा देवर निकला। देवर ने चंद रुपयों के लालच में अपने ही घर की इज्जत का सौदा अपने दरिंदे दोस्तों के साथ कर डाला। वहीं, मामले में जब पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ने की कोशिश की तो उसने पकड़े जाने के डर से जहर गटक लिया। इस रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात ने समाज और रिश्तों पर भरोसे को शर्मसार कर दिया है।

बता दें कि उक्त घटना मंगलवार देर शाम उस समय हुई, जब लिंक एक्सप्रेस ट्रेन में जीआरपी द्वारा नजीबाबाद-नगीना रेलवे स्टेशन के बीच नियमित चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान ट्रेन के एक कोच में सफर कर रहे 23 वर्षीय अभय सक्सेना पुत्र रवेंद्र सक्सेना निवासी रुद्रपुर ने जहर गटक लिया, जिससे उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। पूछताछ में संदेह होने पर जीआरपी ने उसे तत्काल नगीना रेलवे स्टेशन पर उतारा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में भर्ती कराया। उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि 22 फरवरी की रात रुद्रपुर में एक विवाहिता के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी, जिसमें अभय सक्सेना आरोपी है और घटना के बाद से फरार चल रहा था। बताया जा रहा है कि आरोपी रुद्रपुर से भागकर ट्रेन के जरिए नजीबाबाद-नगीना की ओर जा रहा था। ट्रेन में जीआरपी को जांच करते देख उसने उन्हें उत्तराखंड सिविल पुलिस समझ लिया और घबराकर जहर खा लिया।

एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि आवश्यक उपचार के बाद आरोपी रुद्रपुर पुलिस अपने साथ रुद्रपुर ले आई और जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। फिलहाल आरोपी का इलाज जिला अस्पताल रुद्रपुर में चल रहा है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। मेला गई महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में देवर ही मास्टरमाइंड निकला है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी देवर ने अपने दोस्तों से रुपये लेकर साजिश रची थी। वह भाभी को जान-बूझकर किच्छा बाईपास से ले गया था। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मुख्य आरोपी देवर की शुरुआत से ही गतिविधियां संदिग्ध रहीं। पहले तो वह महिला के कोतवाली पहुंचने के बाद फरार हो गया था। फिर खुद ही कोतवाली पहुंचकर बयान देने लगा। जब पुलिस ने सख्ती की तो उसने सारी हकीकत उगल दी। आरोपी देवर ने बताया कि उसने अपने दोस्तों से रुपये लेकर साजिश रची थी।

भाई के मेले में जाने से मना करने का उसने फायदा उठाया और भाभी को बिना घर पर बताए अपने साथ ले गया था। इधर, अन्य आरोपी पहले से ही मेले में मौजूद थे। भाभी जहां जा रही थी, आरोपी भी उसी के पीछे चल रहे थे, लेकिन भाभी इस बात से अंजान थी कि जिस पर भरोसा करके वह मेले में आई है, वही देवर उसके दुष्कर्म की साजिश रच चुका है।

जब भाभी घर वापस लौट रही थी, तभी आरोपी देवर उसे शॉर्टकट का बहाना बनाकर किच्छा बाईपास से ले गया। तमंचे के बल पर आरोपियों ने सुनसान स्थल पर ले जाकर महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया और देवर निगरानी करता रहा।

सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि महिला का मेडिकल कराने के बाद मंगलवार को मजिस्ट्रेट के सामने पीड़िता के बयान दर्ज किए गए हैं। मामले में देवर को हिरासत में लेकर उसकी सीडीआर रिपोर्ट खंगाली जा रही है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई हैं, जो संभावित क्षेत्रों में दबिश दे रही हैं। वहीं पुलिस गांधी पार्क से लेकर ठंडी रोड और किच्छा बाईपास तक के सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्रामोत्थान परियोजना द्वारा जलवायु आधारित परिवर्तन के साथ ही खेती कर जल संरक्षण एवं उन्नत कृषि संबंधी दो दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम दिन समूह की 60 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान तीन महिला कलस्टरों की 20-20 महिलाओं को जलवायु आधारित कृषि एवं पशुपालन हेतु उपचार संबंधी जानकारी दी।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह राणा एक खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गांधी ने प्रशिक्षण हेतु महिलाओं को प्रेरित किया और प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को एक-एक मोबाइल वितरित किया।ब्लॉक सभागार में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह राणा ने प्रशिक्षण का लाभ क्षेत्र वासियों को दिलाने की अपील की। परियोजना के माध्यम से पशुपालन विभाग ने पशुपालकों को जानकारी दी गयी। इस दौरान अंकित बालियान, नागेंद्र पटेल, कमल राणा, गीता बिष्ट, मोनिका पांडे, भागीरथी, मनोज बसेड़ा, नीतू राणा, पुष्पांजलि, उमां जोशी आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### पाक्सो के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उच्च अधिकारियों के निर्देश के क्रम में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत खटीमा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में थाना पर दर्ज मुकदमा 47/2026 धारा 64, 351(2) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने अभियुक्त नरेंद्र राम उर्फ नरी राम पुत्र देवराव निवासी ग्राम पचौरिया खटीमा को ग्राम झाड़ी नाला चकरपुर से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में खटीमा प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शाह, उपनिरीक्षक विकास कुमार तथा कांस्टेबल पूरन सिंह शामिल थे।

### वांछित अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज खटीमा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारंट मुकदमा वाद संख्या 818/2022, मुकदमा अपराध संख्या 384/2018 धारा 392/411 आईपीसी में वांछित चल रहे अभियुक्त दानिश अंसारी पुत्री यामिन अंसारी निवासी वार्ड नंबर 13 खटीमा को कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, कांस्टेबल दीपक कुमार तथा ललित कन्याल शामिल थे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने कामरेड/ किसान नेता की पत्नी के निधन पर जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** वरिष्ठ समाजसेवी और पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष तरुण गहलोत की मां धर्मवती देवी पत्नी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शहीद कामरेड करन एडवोकेट) का बीमारी के चलते 24 फरवरी 2026 की रात्रि में निधन हो गया । वे करीब 90 वर्ष की थीं । उनके निधन पर भाजपा जिलाअध्यक्ष मनोज पाल, विभिन्न सामाजिक व राजनैतिक संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया।

### भाकियू की मासिक बैठक 27 फरवरी को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भारतीय किसान यूनियन, ब्लॉक जसपुर (ऊसिंन) की मासिक पंचायत 27 फरवरी को जसपुर-काशीपुर रोड स्थित टोल प्लाजा के प्रांगण में प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष शीतल सिंह एवं युवा भाकियू , जसपुर ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

### सीसी रोड व नाली निर्माण का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम सभा बरहैनी में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। बुधवार को कॉलोनी में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया।



कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मनप्रीत कौर, प्रधान प्रतिनिधि नरेंद्र शर्मा, खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी तथा ब्लॉक जेई जितेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से नारियल तोड़कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सड़क और नाली निर्माण से कॉलोनीवासियों को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी तथा आवागमन सुगम होगा। ग्राम प्रधान मनप्रीत कौर ने बताया कि ग्राम सभा के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और भविष्य में भी अन्य आवश्यक कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे। खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी ने कहा कि योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने के साथ-साथ आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करना भी शासन की प्राथमिकता में शामिल है। स्थानीय निवासियों ने निर्माण कार्य शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में अहम कदम बताया।

## पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कंजाबाग निवासी शीला देवी पत्नी स्वर्गीय गंगा प्रसाद ने खटीमा कोतवाली में एक तहरीर देकर बताया कि 21 फरवरी 2026 को वाहन संख्या पीबी 11 बीजेड 8089 होंडा सिटी के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क के किनारे पैदल चल रहे उसके पुत्र को पीछे से टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं पीड़िता के तहरीर के आधार पर धारा 281/106(1) डीएनएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में बुझा घर का चिराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** मंगलवार की रात्रि गदरपुर थाना क्षेत्र में रविवार बाजार के पास हुए एक हादसे में कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया । पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार वार्ड 4 इन्द्र विहार गदरपुर निवासी 18 वर्षीय अभिषेक पुत्र बंटीलाल मंगलवार की रात्रि बाईक पर सवार होकर काशीपुर रोड से घर वापस लौट रहा था। मार्ग में रविवार बाजार के पास सामने की ओर से तेज गति से आती कार के चालक ने उसकी बाईक को जोर से टक्कर मार दी। जिससे अभिषेक छिटककर सड़क किनारे लगे पोल से टकराकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई। मामले की जानकारी मिलने पर परिजनों के साथ ही पुलिसकर्मी भी वहां आ गये। अभिषेक को उपचार के लिए तत्काल चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।जिससेपरिजनों में कोहराम मच गया।

पुलिस ने परिजनों से आवश्यक जानकारी लेकर शव अपने कब्जें में लिया औरं पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि मृतक अभिषेक तीन भाईयों में सबसे छोटा था। उसकी एक बहन है। पिता बंटीलाल हलवाई का काम करते हैं अभिषेक उनके काम में हाथ बंटाता था।

## पुलिस ने तीन वारण्टी दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंह नगर अजय गणपति द्वारा वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर, क्षेत्राधिकारी बाजपुर के नेतृत्व में कोतवाली जसपुर पुलिस टीम द्वारा न्यायालय से जारी आदेश/वारंट में वारण्टी शहनावाज उर्फ मोनी पुत्र असलम निवासी मोहल्ला पट्टी चौहान थाना जसपुर गुलफाम पुत्र अली हसन निवासी लक्ष्मीपुर खेड़ा थाना जसपुर, समीर जावेद पुत्र रईस अहमद निवासी मोहल्ला पट्टी चौहान थाना जसपुर को घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई गई।

पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसआई भोपाल राम पौरी, एसआई ललित सिंह, एसआई इंद्र सिंह ढेला, एचसी गणेश राम, का. कुलदीप सिंह, एचजी दीक्षित आदि शामिल रहे।

## नमाजी के साथ मारपीट में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अटरिया मंदिर परिसर के पास नमाज पढ़ रहे एक व्यक्ति के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामला पंतनगर कोतवाली क्षेत्र का है। पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र चौधरी ने बताया कि घटना के संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मारपीट के आरोपी श्री अटरिया मन्दिर समिति के सचिव अरविन्द शर्मा और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ धारा 115, 351(3) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम अटरिया मंदिर के सामने खुले मैदान में नमाज पढ़ने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मजदूरी करने वाला युवक पिछले कुछ दिनों से मंदिर के सामने स्थित मैदान में नमाज अदा कर रहा था। मंगलवार को इस पर आपत्ति जताए जाने के बाद विवाद बढ़ गया और युवक के साथ लात-घूंसों व डंडों से मारपीट की गई। घटना का वीडियो किसी व्यक्ति ने बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया, जो तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई और बड़ी संख्या में लोग सिडकुल चौकी पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा शांति बनाए रखने की अपील की है।

## लेबड़ा नदी के निर्माणाधीन पुल को लेकर विधायक ने ली बैठक



- शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बेरिया रोड स्थित लेबड़ा नदी पर निर्माणाधीन पुल को लेकर अरविन्द पाण्डेय ने बुधवार को चीनी मिल गेस्ट हाउस में लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने पुल निर्माण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि पुल का निर्माण कार्य सही ढंग से आगे नहीं बढ़ पाने के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बरसात के दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। जिससे आमजन को परेशानी झेलनी पड़ती है।

उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर जल्द ही निर्माण कार्य तेज गति से शुरू कराया जाएगा। क्षेत्र के लोगों ने भी पुल निर्माण शीघ्र शुरू होने की उम्मीद जताई है, जिससे उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हो सके।

### शिक्षा निदेशक से मारपीट मामले में धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** शिक्षा निदेशालय प्रारम्भिक शिक्षा देहरादून में निदेशक से मारपीट एवं अभद्रता प्रकरण में चल रहे प्रदेशव्यापी कार्य बहिष्कार आन्दोलन उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् में तृतीय दिवस बुधवार को भी जारी रहा। यह धरना प्रदर्शन विभिन्न संगठनों के प्रान्तीय स्तर पर गठित अधिकारी-शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में किया जा रहा है।

तीसरे दिन धरना स्थल पर वक्ताओं ने जोरदार नारेबाजी के साथ उक्त घटना पर आक्रोश व्यक्त किया और तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर सरकारी संस्थानों में अधिकारियों-शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर भय के माहौल को दूर करने के लिए इस विषय पर एसओपी जारी करने की मांग की गई, साथ ही यह भी मॉग की गई कि कुछ कर्मचारियों पर बेवजह गलत तरीके से दर्ज की गयी एफआईआर तुरन्त वापस ली जाए। धरना स्थल पर विनोद प्रसाद सिमल्टी, बृजमोहन सिंह रावत, सुनील भंडारी, दरपान सिंह रौतेला, नवीन चंद्र घिल्डियाल, डा. नन्दन सिंह बिष्ट, कृपाशंकर पाण्डे, शैलेन्द्र जोशी, सुजीत रावत, प्रकाश चन्द्र भट्ट , सोनम शर्मा, निर्मला नेगी, नन्दी तिवारी, भावना राणा, गिरिजा भूषण गुरूरानी, विजय मासीवाल, मनमोहन सिंह, भूपेन्द्र सिंह, अमित भट्ट , दिलीप मेहता आदि थे।

## थाना दिवस में 17 शिकायतें दर्ज आठ का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली बाजपुर में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी सीओ विभव सैनी बाजपुर की अध्यक्षता में सभी चौकी प्रभारी एवं हल्का प्रभारी उपस्थित रहे।

थाना दिवस के दौरान जनता से कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से आठ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि 2 भूमि संबंधी शिकायतों को जांच हेतु दर्ज किया गया।

शेष सात शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित चौकी प्रभारी एवं हल्का प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को साइबर फ्रॉड से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही बाहरी व्यक्तियों का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित कराने और आसपास किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई।

## राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल 15वीं वाहिनी की व्यापक मोबिलाइजेशन ड्रिल

- 18 टीमों ने बहु-आपदा परिदृश्यों में दिखाई तत्परता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की 15वीं वाहिनी, गदरपुर ने बल मुख्यालय के निर्देश पर व्यापक मोबिलाइजेशन ड्रिल का आयोजन किया। कमांडेंट श्री संतोष कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस सुव्यवस्थित अभ्यास में कुल 18 टीमों ने भाग लिया। ड्रिल का उद्देश्य बहु-आपदा परिदृश्यों में त्वरित तैनाती, बेहतर समन्वय और परिचालन दक्षता की परख करना रहा।



अभ्यास के तहत वाहिनी मुख्यालय से 15 टीमों को अलग-अलग स्थानों पर रवाना किया गया। बाढ़ आधारित जल-राहत कार्यों के लिए 6 टीमों को नानक सागर बांध, नानकमत्ता (उधम सिंह नगर) में तैनात किया गया। भूकंप परिदृश्य के लिए 6 टीमों को हल्दूचौर (नैनीताल) भेजा गया। वहीं, वनाग्नि से निपटने हेतु 2 टीमों को गोला रेंज (नैनीताल) और गैस रिसाव जैसी आपात स्थिति के मद्देनजर 1 टीम को सैंचुरी पल्प एंड पेपर, लालकुआं में तैनात किया गया। इसी क्रम में आरआरसी झाझरा, देहरादून से 3 टीमों को रवाना किया गया। इनमें 1 टीम को गैस रिसाव की स्थिति के लिए अरहम वायेटेक, रामपुर (देहरादून) तथा 2 टीमों को भूकंप अभ्यास के लिए रानीपोखरी में तैनात किया गया।ड्रिल के दौरान टीमों ने भूकंप, बाढ़, वनाग्नि और गैस रिसाव जैसी प्राकृतिक व मानवजनित आपदाओं का जीवंत प्रदर्शन किया। रेस्क्यू कटर, लाइफ डिटेक्टर, डी-कंटेमिनेशन यूनिट और अत्याधुनिक संचार उपकरणों की मदद से प्रभावितों की सुरक्षित निकासी, घायलों को प्राथमिक उपचार और त्वरित संचार व्यवस्था स्थापित करने का अभ्यास किया गया।अभ्यास में वरिष्ठ अधिकारियों की सक्रिय मौजूदगी रही। अधिकारियों ने टीमों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के नियमित अभ्यास से आपदा के समय त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सकती है।

### आदिवासी कांग्रेस की हुई जिला स्तरीय बैठक



**जनजाति ट्राइपल सब प्लान का बजट न मिलने पर चर्चा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** आदिवासी कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक में गोपाल सिंह राणा विधायक नानकमत्ता प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस ने जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में ट्राइपल सब प्लान के तहत बजट न मिलने पर चिंता व्यक्त की। रुद्रपुर में आयोजित बैठक में विधायक राणा ने जनजाति मतदाताओं को निर्णायक वोटर बताते हुए कहा कि भाजपा शासन में गैर भाजपाई विधानसभा सीटों पर इस मद से होने वाले विकास कार्यों को ठप्प बताया।

विधायक राणा ने खटीमा स्थित अपने कैंप कार्यालय में आदिवासी कांग्रेस जिला स्तरीय बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में आदिवासी जनजाति मतदाताओं की संख्या साढे तीन लाख हैं। इधर खटीमा एवं नानकमत्ता में सर्वाधिक आदिवासी जनजाति वोटर बताते कहा कि सरकार द्वारा जनजाति ट्राइपल सब प्लान में खटीमा एवं नानकमत्ता को कोई बजट निर्गत नहीं किया। विधायक राणा ने प्रदेश के बाजपुर, चकराता, विकास नगर, धारचूला, मुंस्यारी, पिथौरागढ़, मांडा, जोशीमठ, हरियाणा, हरिद्वार, चमोली आदि में बुक्सा जनजाति जौनसारी मतदाताओं की संख्या बतायी। रुद्रपुर बैठक का हवाला देते हुए राणा ने संगठन की मजबूती एवं जनजातियों के उत्थान एवं विकास संबंधि मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में प्रभारी राजस्थान बंशीलाल मीणा, जीत सिंह परमार जिला अध्यक्ष, गोपाल सिंह राणा विधायक प्रदेश अध्यक्ष, राम नरेश सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष आदि मौजूद थे।

## त्रिशूल चौक की स्थापना पर महापौर को किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर के मुख्य प्रवेश द्वार पर भव्य त्रिशूल चौक की स्थापना कर रुद्रपुर को एक विशिष्ट और आध्यात्मिक पहचान दिलाने के लिए भाजपा नेताओं ने महापौर विकास शर्मा का भव्य स्वागत किया। नगर निगम कार्यालय पहुँचकर नेताओं ने महापौर को अंगवस्त्र भेंट किए और प्रतीक चिह्न देकर उनके विजन की सराहना की।

इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में नगर निगम ने न केवल बुनियादी ढांचा सुधारा है, बल्कि शहर की आत्मा को भी निखारा है। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर का नाम भगवान रुद्र (शिव) के नाम पर है, लेकिन वर्षों से यहाँ आने वाले आगंतुकों को इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक तथ्य का बोध नहीं होता था। त्रिशूल चौक की स्थापना महज एक निर्माण कार्य नहीं है, बल्कि यह हमारी जनभावनाओं और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। महापौर विकास शर्मा ने इस उपलब्धि का श्रेय मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और जनता के विश्वास को दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य को विस्तार देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य रुद्रपुर को केवल कंक्रीट का जंगल बनाना नहीं, बल्कि इसे एक स्मार्ट सिटी के साथ-साथ संस्कार सिटी के रूप में विकसित करना है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों पर भी चर्चा की और महापौर की कार्यशैली की प्रशंसा की। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना , पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा अनिल चौहान, प्रमोद मित्तल, योगेश वर्मा, विजय पाल सिंह तोमर, सुनील सिंह, अभिषेक तिवारी आदि मौजूद थे।

## प्रशिक्षण से लौटे डॉ. दीपक एवं डॉ. ममता का हुआ स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड सरकार की उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जनपदों से आए 40 प्राध्यापकों का शैक्षिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन भ्रमण 16 फरवरी से 21 फरवरी तक इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय, प्रयागराज में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने प्रयागराज के गौरवशाली स्थलों त्रिवेणी संगम, इलाहाबाद किला, आनंद भवन, खुसरो बाग, सरस्वती घाट, हनुमान मंदिर और इलाहाबाद संग्रहालय का अवलोकन किया। साथ ही विश्वविद्यालय के कॉमर्स संकाय, अर्थशास्त्र विभाग और विज्ञान संकाय - इन स्थलों ने भारतीय इतिहास, आध्यात्मिकता और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा से सभी को ओत-प्रोत कर दिया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के वाणिज्य विभाग के डॉ. दीपक खाती एवं डॉ. ममता भदोला जोशी के शैक्षिक यात्रा सम्पन्न कर महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य प्रो. एम सी पाण्डे, चीफप्राक्टर प्रो. एस एस मौर्य सहित महाविद्यालय परिवार ने दोनों का स्वागत किया।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंनें अपने पुत्र सारिफ खान व उसकी पत्नी को उनके दुर्व्यवहारों से तंग आकर उनसे अपने व अपने परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं तथा पुत्र सारिफ खान व उसकी पत्नी को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे किसी भी परिजन का मेरे पुत्र सारिफ खान उसकी पत्नी से उनके किसी भी कार्य से कोई वास्ता-सरोकार नहीं है।

**अजीमुद्दीन पुत्र श्री जमालुद्दीन निवासी-वार्ड-बघोरी, थाना व तहसील सितारगंज, जिला उधमसिंह नगर**

# शैक्षणिक भ्रमण एवं स्कूल ट्विनिंग प्रोग्राम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** जूनियर हाईस्कूल फोर्ती के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय प्रभारी लक्ष्मण सिंह मेहता के दिशा निर्देशन में जू. हा. चौड़ाढेक के साथ विद्यालय साझेदारी( स्कूल ट्विनिंग प्रोग्राम ) कर शैक्षिक गतिविधियों को जाना। दोनों विद्यालयों ने संयुक्त रूप से शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में बिशुंग क्षेत्र में स्थित मां कड़ाई देवी मंदिर, बाणासुर के किले का भ्रमण कर ऐतिहासिक महत्व को जाना।

दल ने वापसी में कोलीढेक झील का भ्रमण किया। आज के स्कूल ट्विंनिंग प्रोग्राम में शिक्षक जगदीश चंद्र पाटनी, इंद्रा आर्या, जया जोशी, करुणा गहतोड़ी भट्ट आदि ने बच्चों का मार्गदर्शन किया।

# बनबसा में 500 करोड़ की आधुनिक लैंड पोर्ट से बदलेगी सीमा की तस्वीर

- अप्रैल 2027 तक पूर्णता के सख्त निर्देश
- सतपाल महाराज ने किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जनपद के बनबसा स्थित गुदमी क्षेत्र में प्रस्तावित लगभग 500 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली आधुनिक लैंड पोर्ट परियोजना का स्थलीय निरीक्षण सतपाल महाराज ने किया। यह महत्वाकांक्षी परियोजना भारतीय भू-सीमा पत्तन प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही है, जो भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में व्यापा. रिक एवं यात्री सुविधाओं को नया आयाम देगी।



निरीक्षण के उपरांत एनएचपीसी लिमिटेड बनबसा गेस्ट हाउस सभागार में विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना की प्रगति, तकनीकी ढांचा, सुरक्षा प्रबंधन, पर्यावरणीय स्वीकृतियां एवं विभागीय समन्वय तंत्र पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना को हर हाल में अप्रैल 2027 तक पूर्ण किया जाए, ताकि भारत-नेपाल सीमा पर व्यापारिक गतिविधियाँ और यात्री आवागमन की आधुनिक सुविधाएँ शीघ्र शुरू हो सकें। उन्होंने कहा कि लैंड पोर्ट को अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली, डिजिटल निगरानी तंत्र और स्मार्ट प्रबंधन व्यवस्था से सुसज्जित किया जाए, जिससे पारदर्शिता और तीव्रता सुनिश्चित हो।

मंत्री ने तराई क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने, परियोजना परिसर में वर्षा जल संचयन प्रणाली अनिवार्य रूप से शामिल करने तथा सभी संकेतक पट्ट तीन भाषाओं में स्थापित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा. जीएस खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी सहित लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, वन विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

# शिक्षा निदेशक से मारपीट मामले में विधायक व उनके साथियों की गिरफ्तारी को दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** देहरादून में शिक्षा निदेशक पर हुए हमले के विरोध में रायपुर विधायक उमेश शर्मा एवं उनके साथियों की गिरफ्तारी की मांग कों लेकर रामनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को भेजा है।

बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक रणजीत रावत के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा शासन में बढ़ती गुंडागर्दी एवं बिगड़ती कानून व्यवस्था पर आक्रोश व्यक्त किया. यह प्रदर्शन शिक्षा निदेशक अजय कुमार नौड़ियाल के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में विरोध में आयोजित किया गया था। रणजीत सिंह रावत ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि एक प्रतिष्ठित प्रशासनिक अधिकारी के साथ उसके ही कार्यालय में मारपीट और हमला बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह घटना दर्शाती है कि सत्ता के संरक्षण में कुछ लोग खुद को कानून से ऊपर समझने लगे हैं। कहा कि यह घटना शासन और प्रशासन के बीच तालमेल की कमी को भी दर्शाती है ऐसी घटनाएं प्रदेश की छवि को धूमिल करती हैं और आम नागरिकों का कानून पर से विश्वास कमजोर करती हैं। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, देशबंधु रावत, ओम प्रकाश, ललिता उपाध्याय, अनिल अग्रवाल खुलासा, दीप्ति भारद्वाज, मो. अजमल, गिरधारी लाल,मो युसूफ, नजाकत अली, बाबर खान, मुनव्वर हुसैन, जावेद खान, चांद खान, अफाक हुसैन, राजेंद्र बिष्ट, डूंगर कनवाल, पंकज सुयाल, खुर्शीद आलम, भोपाल राम, अजय छिमवाल, राजू छिमवाल आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने थनारा नदी की पिचिंग व रपटा निर्माण का मामला उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विधायक गोपाल सिंह राणा नानकमत्ता के समक्ष ग्राम सडासडिया के ग्रामीणों ने थानारा नदी में पिचिंग एवं नदी में रपटा बनाने व लगभग 100 मीटर सीसी मार्ग निर्माण की मांग की। विधायक राणा ने इस वित्तीय वर्ष के अंत में इन समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

विधायक राणा के कैंप कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन चढूनी के ब्लॉक अध्यक्ष अनील सिंह राणा की देखरेख में विधायक से मिले ग्रामीणों ने कहा कि थनारा नदी तट की पिचिंग नहीं होने से नदी का पानी आबादी की ओर भूकटाव करने लगा है। सडासडिया से प्रतापपुर मार्ग पर थनारा नदी का बरसों पुराना रपटा अब जर्जर हालत में है। उन्होंने गांव के मंदिर के सौंदरीकरण एवं महेश के घर से घूमा देवी के घर तक सीसी मार्ग निर्माण की मांग की। इस दौरान ग्राम प्रधान उमेश सिंह राणा, पूर्व प्रधान विजय सिंह राणा, पूर्व प्रधान भुवन सिंह राणा, सुभाष सिंह राणा, सूरज सिंह राणा, विवेक सिंह राणा आदि मौजूद थे।

# 'नमामि गंगे' के तहत हर्बल होली का संदेश

- छात्राओं ने सीखे प्राकृतिक रंग बनाने के गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** राजकीय महाविद्यालय लोहाघाट में 'नमामि गंगे' एवं 'अर्थ गंगे' योजना के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. संगीता गुप्ता ने की। आयोजन में वैली क्रिएशन संस्था की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम में 'नमामि गंगे' से जुड़ीं डॉ. लता कैड़ा, डॉ. कमलेश सक्ता तथा नोडल अधिकारी डॉ. सुमन पांडेय ने आगामी होली पर्व के मद्देनजर कैमिकल युक्त रंगों से होने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रासायनिक रंगों के प्रयोग से त्वचा, आंखों और स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ते हैं, साथ ही भूमिगत जल और नदियों का प्रदूषण भी बढ़ता है, जबकि नमामि गंगे कार्यक्रम का मूल उद्देश्य गंगा एवं अन्य जल स्रोतों को स्वच्छ और अविरल बनाए रखना है। वैली क्रिएशन की संरक्षिका नेहा मुरारी एवं उनकी प्रशिक्षक अनिता ने छात्र-छात्राओं को हल्दी, नीम और विभिन्न फूलों से



प्राकृतिक अबीर-गुलाल तैयार करने की विधि सिखाई। डॉ. के.सी. जोशी, डॉ. दिनेश व्यास, डॉ. अभिषेक पंत, डॉ. अनिता खर्कवाल, डॉ. नीरज कांडपाल, डॉ. सीमा नेगी, प्रीति सामंत, मीना मेहता सहित अन्य प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने हर्बल रंग निर्माण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए इसे समाज में अपनाने और प्रचारित करने का संकल्प लिया।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत अभिनव पहल

- 'मेरी चेली मयार घरै पछ्यांण' कनालीछीना से हुआ कार्यक्रम का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई के निर्देशानुसार जनपद में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने एवं समाज में सकारात्मक सोच विक. सित करने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल ''मेरि चेली म्यार घरै पछ्यांण" कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ कनालीछीना विकासखण्ड के ग्राम सतगड़ से किया गया ।

उल्लेखनीय है कि जनपद में पुरुषों की तुलना में महिलाओं का लिंगानुपात अपेक्षाकृत कम है, विशेष रूप से बालकों की तुलना में बालिकाओं का लिंगानुपात चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। इस पृष्ठभूमि में यह कार्यक्रम बालिका जन्म को बढ़ावा देने, कन्या भ्रूण हत्या की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा लैंगिक समानता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

"मेरी चेली मयार घरै पछ्यांण" कार्यक्रम के अंतर्गत बालिका के जन्म पर उसके परिवार के घर की पहचान बालिका के नाम से की जाने हेतु बालिकाओं के नाम की पट्टिका संबंधित परिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई, जिसे घर के बाहर स्थापित किया जाएगा।

कार्यक्रम में एक बालिका हर्षिता के घर में जिलाधिकारी द्वारा स्वयं जाकर घर के बाहर हर्षिता नाम की पट्टिका लगवाई गई। इस तरह से खुशी , ईशा, अर्पिता ,सपना,सौम्या आदि सहित कुल 20 बच्चों को उनके नाम की पट्टिका जिलाधिकारी द्वारा वितरित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सम्मान के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा समाज में यह संदेश प्रसारित किया जाएगा कि बेटी किसी से कम नहीं है।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अंजू कापड़ी, भुवन कापड़ी, सावित्री कापड़ी, डा. निर्मल सिंह बसेड़ा , राजकुमार भंडारी, मिशन शक्ति टीम तथा वन स्टॉप सेंटर की परामर्शदाता सहित समस्त ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

# बनबसा मिलिट्री स्टेशन में अग्निवीर भर्ती की उलटी गिनती शुरू, 27 फरवरी से ऑनलाइन परीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत/बनबसा।** आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस पिथौरागढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़ एवं चम्पावत जनपद के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर भर्ती रैली के अंतर्गत ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा 27 फरवरी से 05 मार्च 2026 तक बनबसा मिलिट्री स्टेशन में आयोजित की जाएगी। यह आयोजन मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) के अधीन संपन्न होगा। भर्ती प्रक्रिया में अग्निवीर की विभिन्न श्रेणियों जनरल ड्यूटी, लिपिक/स्टोरकीपर टेक्नीशियन, तकनीकी एवं ट्रेड्समैन (आठवीं व दसवीं उत्तीर्ण)ख्रके लिए 4000 से अधिक शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। 27 व 28 फरवरी को पिथौरागढ़ जनपद के लगभग 2500 अभ्यर्थी तथा 01, 02 व 03 मार्च को चम्पावत जनपद के करीब 1500 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

# देवीधुरा के बाराही धाम में इतिहास रचेगा 72 फीट ऊंचा भव्य मंदिर

- 20 मार्च को वैदिक विधि से होगा शिलान्यास
- सीएम पुष्कर सिंह धामी को मुख्य यजमान बनने का निमंत्रण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** उत्तराखंड के आस्था केंद्र बाराही धाम देवीधुरा में उत्तर भारत के पहले नवनिर्मित भव्य एवं दिव्य मंदिर का शिलान्यास आगामी 20 मार्च को पूर्ण वैदिक विधि-विधान के साथ किया जाएगा। मंदिर का स्वरूप सार्वजनिक होते ही श्रद्धालुओं में उत्साह की लहर दौड़ गई है। मंदिर शिलान्यास कार्यक्रम के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मुख्य यजमान के रूप में आमंत्रित किया गया है।

प्रस्तावित मंदिर का गर्भगृह नागर शैली में निर्मित होगा और इसकी ऊंचाई लगभग 72 फीट होगी। मंदिर के मध्य भाग में ताम्रपेटिका में विरा.



जमान मां बाराही की वर्तुल ब्रह्मांडीय शक्तियों का दिव्य स्वरूप स्थापित किया जाएगा। केंद्र में माँ महाकाली एवं मां सरस्वती की स्थापना होगी तथा उनके पीछे मां बाराही का स्वरूप इस प्रकार रहेगा कि श्रद्धालु सामने से ही दर्शन कर सकें। मान्यता है कि ताम्रपेटिका में विराजमान माँ बाराही के विग्रह को वर्ष में केवल एक बार रक्षाबंधन के दूसरे दिन स्नान एवं नवीन वस्त्र धारण कराने के लिए निकाला जाता है। इस दौरान पुजारी आंखों पर काली पट्टी बांधकर ही विग्रह को स्पर्श करते हैं। स्थानीय जनश्रुति के अनुसार मां के तेज को खुली आँखों से देख पाना संभव नहीं है। मां बाराही की मूर्ति श्याम ग्रेनाइट पत्थर से निर्मित होगी, जिस प्रकार श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित की गई है।

श्रीबाराही शक्तिपीठ ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष हीरा बल्लभ जोशी के अनुसार मंदिर निर्माण को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। ट्रस्ट की मंशा है कि मां बाराही में आस्था रखने वाले प्रत्येक घर से एक शिला मंदिर निर्माण में समर्पित की जाए, जो उनकी श्रद्धा का प्रतीक होगी। ट्रस्ट के सूत्रधार लक्ष्मण सिंह लमगड़िया ने बताया कि 20 मार्च को होने वाले शिलान्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे और इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे।

# पानी टंकी की मोटर खराब, जल्द सप्लाई बहाल होने की संभावना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर के मलेरिया रोड स्थित पानी की टंकी की मोटर खराब होने से पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित रही। जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पानी की सप्लाई ठप होने के कारण कई मोहल्लों के निवासी पानी के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए।

मोटर खराब होने की सूचना मिलते ही विभाग हरकत में आया और जेई हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में जल निगम विभाग की टीम मरम्मत कार्य में जुट गई। टीम द्वारा मोटर को ठीक करने और जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारु करने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यदि कार्य निर्धारित समय पर पूरा हो गया तो बुधवार शाम तक पानी की सप्लाई पूर्ण रूप से बहाल कर दी जाएगी। इससे क्षेत्रवासियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

स्थानीय लोगों ने जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग करते हुए कहा कि बार-बार मोटर खराब होने से उन्हें परेशानी झेलनी पड़ती है।

,फिलहाल सभी की नजरें बुधवार शाम तक पानी सप्लाई बहाल होने पर टिकी थी।

# काली नदी की स्वच्छता पर डीएम सख्त, एसटीपी संचालन प्रबंधन की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा संरक्षण समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निर्देशानुसार जनपद में संचालित सीवरेज, एसटीपी एवं अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने जनपद अंतर्गत संचालित 5.0 MLD एवं 1.25 MLD क्षमता वाले एसटीपी के कार्य प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी संयंत्र निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित हों। उन्होंने सीवरेज अवसंरचना की स्थिति, यूवी ट्रीटमेंट व्यवस्था तथा एफ्लुएंट गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।ढबैठक में धारचूला, बेरीनाग, गंगोलीहाट, डीडीहाट एवं मुनस्यारी क्षेत्रों में प्रस्तावित/निर्माणाधीन एसटीपी कार्यों, को-ट्रीटमेंट प्लांट, सीवर लाइन विस्तार, तथा 20 से अधिक कमरों वाले होटलों एवं संस्थानों को एसटीपी से जोड़ने की कार्यवाही की समीक्षा की गई। नगर निकायों को समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष सिंह आदि संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




# डीएम भदौरिया ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने मेलघाट के चौड़ीकरण व सड़क सुरक्षा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता को गुणवत्ता के साथ कार्य शीघ्र पूर्ण करने, नव निर्मित सीएसडी कैंटीन की साफ सफाई कराने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत खटीमा-मझोला सड़क निर्माण का निरीक्षण किया तथा सड़क निर्माण कार्यों में धीमी गति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सहायक अभियंता एनएच को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि दो दिन में सड़क निर्माण कार्यों में तेजी नहीं आई तो आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने धूल मिट्टी से राहगीरों के बचाव हेतु निरंतर पानी छिड़काव करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

इसके बाद जिलाधिकारी ने हल्दी गांव में निर्माणाधीन गौ शाला का भी निरीक्षण कर कार्यों में तेजी लाते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश कार्यदाई संस्था को दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष खटीमा रामेश चंद्र जोशी, विनोद भारती, सतीश भट्ट, मनोज साही, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, अधिशासी अभियंता लोनिवि नीरज अग्रवाल, सहायक अभियंता एनएच विनोद कुमार आदि मौजूद थे।



















# विश्व में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बढ़ता उपयोग........



**आज** के आधुनिक समय में ए,आई, ,कृत्रिम बुद्धिमत्ता, तकनीक का उपयोग बढ़ता ही जा रहा है यह कम्प्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों को मानव जैसी बुद्धिमत्ता क्षमताएं प्रदान करती है इसका उद्देश्य ऐसी प्रणालियां विकसित करना है जो सोच,सीख, समस्या व समाधान, निर्णय लेने और भाषा को को समझने जैसे कार्य कर सकें यह हमारे जीवन में सहजता से शामिल हो गया है यह अपने ए,आई, टूल्स के माध्यम से स्वास्थ्य, सेवा,से लेकर मानव रहित परिवहन के कार्य करने के तरीकों को बदल रहा है सीरी और एलेक्सा जेसे वर्चुअल असिस्टेंट का उपयोग करके जो हमारे प्रश्नों को समझ उनका सही जबाब व जानकारी देते हैं ग्रामर्ली-व्याकरण को जानकर हमारी लेखनी को सुधारती है डीपमांइड -यह स्वास्थ्य, ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में जटिलता से भविष्य के लिए सजगता से जानकारी प्रदान करता है, सर्जरी सिस्टम से सर्जरी नियंत्रण कम चीरा लगाकर आप्रेशन करने की जानकारी प्रदान करता है कैंसर ,लीवर हदय लोगों का सटीक डायग्नोसिस व प्रभावी इलाज संभव हो सका है एक शरीर के लिए सही डाइट की जानकारी प्रदान करता है कि शरीर को कितने भोजन की जरूरत है तथा पानी और कब और कितना पीना है यह तकनीक प्रशिक्षण व शिक्षा,सोशल मीडिया, फिल्म-निर्माण के क्षेत्र में उपयोगी सिद्ध हुआ है नवीन प्रौद्योगिकी, अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु सुरक्षा, आर्किटेक्ट के क्षेत्रों में ए, आई का योगदान उल्लेखनीय है सन1960मे पो,एच,एन,महबला के कार्यों के माध्यम से ए,आई,का भारत में पदार्पण हुआ अनेक लाभो के वावजूद एक,आई,ने नैतिक चिंताओं को जन्म देता है यह मानवीय भावनाओं में करूणा,दया, प्रेम जैसे मानवीय मूल्यों से यह अभी तक अछूता है डेटा -गोपनियता का चोरी एल्गोरिथम, नौकरियों की हानि जैसी महत्वपूर्ण चुनौतिया है इसके दुर्भाग्यपूर्ण उपयोग में डीपफेक का उपयोग द्वारा फेकवीडियो या फोटो बनाकर जो किसी व्यक्ति की बेहद निजी छवि को खराब कर सकता है जो मानवीय मूल्यों व चरित्र के लिए बड़ा खतरा है। इसके लिए सरकार व बुद्धिजीवियों द्वारा मजबूत नियम व नैतिक ढांचे की आवश्यकता है ताकि एक, आई, का उपयोग सही व जिम्मेदारी से हो सके आज के आधुनिक युग में यह एक शक्तिशाली हथियार की भांति विकसित हो रहा है जो समय को अभूतपूर्व तरीके से बदल रहा है इससे इतर अधिक लाभ प्राप्त कर इससे उत्पन्न चुनौतियों को ध्यान में रखकर इसकी क्षमताओं को उजागर कर एक बेहतर भविष्य बना सकते हैं सरकारे इसके लिए बेहतर प्रयास कर रही है। **प्रस्तुति --नरेश छाबड़ा आवास-विकास रुद्रपुर**

# रामनगर पुलिस को जांच रोकने के निर्देश

## पति पर पिता के शोषण के आरोपों पर हाई कोर्ट से याचिकाकर्ता को राहत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रामनगर पुलिस को उस मामले की जांच रोकने का निर्देश दिया है जिसमें एक पिता ने अपनी बेटी के अपहरण और यौन शोषण का आरोप लगाया था। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता (पति) और पीड़िता दोनों के आधार कार्ड के अनुसार वे वयस्क हैं। इसलिए वर्तमान स्थिति में आगे की जांच की आवश्यकता नहीं प्रतीत होती। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 7 अप्रैल मंगलवार की तिथि निर्धारित की है। मामले के अनुसार रामनगर थाने में पीड़िता के पिता ने याचिकाकर्ता सुधांशु रावत के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और पॉक्सो अधिनियम की धारा 5/6 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पिता का आरोप था कि याचिकाकर्ता ने उसकी बेटी का अपहरण किया और उसके साथ गलत काम किया। इसके उलट याचिकाकर्ता ने इस एफआईआर को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि सुधांशु और पीड़िता एक-दूसरे से प्रेम करते थे और उन्होंने 16 अगस्त 2025 को ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित बनदुर्गा मंदिर में विवाह कर लिया था। शादी के बाद उन्होंने एक नोटरीकृत समझौता भी तैयार किया था। उम्र के प्रमाण के रूप में अदालत में पीड़िता का आधार कार्ड पेश किया गया, जिसमें उसकी जन्मतिथि 14 अगस्त 2007 अंकित है जिससे अगस्त 2025 में वह 18 वर्ष (वयस्क) सिद्ध होती है। चूंकि पीड़िता वर्तमान में हल्द्वानी स्थित नारी निकेतन में रह रही थी इसलिए अदालत ने उसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होने का निर्देश दिया था। नारी निकेतन की अधीक्षिका कंचन आर्या की उपस्थिति में पीड़िता ने न्यायाधीश से बातचीत की। इस दौरान पीड़िता ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि उसने अपनी मर्जी से याचिकाकर्ता के साथ विवाह किया है। सुनवाई के दौरान एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि पीड़िता को अपने ही परिवार और पिता से जान का खतरा है। नारी निकेतन की अधीक्षिका ने भी कोर्ट को अवगत कराया कि हालांकि पाक्सो कोर्ट ने पीड़िता को रिहा करने के आदेश दे दिए हैं लेकिन उसके परिवार की ओर से गंभीर सुरक्षा खतरा बना हुआ है। इसी खतरे को देखते हुए पीड़िता को फिलहाल नारी निकेतन में ही रखा गया था। अदालत ने स्थिति का आंकलन करते हुए कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता (पति) अभी न्यायिक हिरासत में है। इसलिए पीड़िता को सीधे रिहा करना उसके हित में नहीं होगा। हालांकि कोर्ट ने एक विकल्प दिया कि यदि याचिकाकर्ता के माता-पिता (पीड़िता के सास-ससुर) उसे अपने घर ले जाने के लिए तैयार हैं और इसके लिए शपथ पत्र दाखिल करते हैं तो नारी निकेतन के अधिकारी उसे उनके सुपुर्द कर सकते हैं और लड़की के पिता उसे किसी तरह की हानि नहीं पहुंचाएंगे।

## अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कंपनी के हक में फैसला

हाईकोर्ट ने कुमाऊं मंडल के बागेश्वर जिले के कांडा तहसील सहित जिले के कई अन्य गांवों में अवैध खड़िया खनन से आई दरारों के मामले में स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका के अलावा 135 खनन इकाइयों से संबन्धित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने अल्मोड़ा मैग्नेसासाइट कंपनी के हक में फैसला देते हुए कहा है कि कंपनी फिर से अपना कार्य कर सकती है बशर्ते उसे राज्य प्रदूषण बोर्ड के मानक पूर्ण करने होंगे। कंपनी को फिर से संचालन करनें के लिए उच्च न्यायलय के आदेश के चार माह बाद नो आब्जेक्शन प्रमाण पत्र लेना होगा। न लेने पर कोर्ट का आदेश यथावत रहेगा। कोर्ट ने बाकी खनन इकाइयों को फिलहाल कोई राहत नहीं दी। बता दें बुधवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि अल्मोड़ा मैगनेसाईट कंपनी के बंद होने के कारण सरकार के राजस्व में कमी आई है लिहाजा इसे खोलने की अनुमति दी जाय जबकि इस कंपनी ने कोई भी अवैध खनन नहीं किया है। कंपनी ने पीसीबी के मानकों व उसकी अनुमति के बिना कोई खनन नहीं किया है। कंपनी सभी मानकों को पूर्ण करती है इसलिए कंपनी पर लगी रोक को हटाया जाए। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने कंपनी पर लगी रोक को हटाते हुए कहा कि वे सभी नियमावलियों का अनुपालन करें साथ ही राज्य प्रदूषण बोर्ड के नियमों का अनुपालन करें। कोर्ट ने अन्त: किसी अन्य खनन इकाइयों पर लगी लगी रोक पर किसी को अंतरिम राहत नही दी।

## फौजी पर दुष्कर्म व अपहरण का मुकदमा रद्द

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने फौज में कार्यरत एक जवान के खिलाफ दर्ज दुष्कर्म और अपहरण के मुकदमे को रद्द कर दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि दो वयस्कों के बीच संबंध आपसी सहमति से बने हों तो बाद में शादी से इनकार करना स्वत: ही दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं आता। बता दें बुधवार को न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि आपराधिक कानून का उपयोग व्यक्तिगत प्रतिशोध लेने या असफल रिश्तों के निपटारे के लिए नहीं किया जाना चाहिए। मामला पिथौरागढ़ जिले के बेरीनाग थाने का है जहाँ साल 2022 में एक युवती ने गुरपाल सिंह नामक युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर युवती को उसके घर से बाहर बुलाया और एक होटल में ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में जब आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया तो युवती ने उसके खिलाफ धारा 366 (अपहरण) और 376 (दुष्कर्म) के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया था। अदालत ने मामले के दस्तावेजों और पीड़िता के बयानों का गहन अध्ययन करने के बाद पाया कि दोनों पक्ष 2019 से एक दूसरे को जानते थे और सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क में थे। न्यायालय ने टिप्पणी की कि पीड़िता अपनी मर्जी से अपना घर छोड़कर आरोपी के साथ गई थी। ऐसे में अपहरण (धारा 366) का कोई भी आवश्यक तत्व यहाँ मौजूद नहीं था क्योंकि युवती एक वयस्क थी और उसने अपनी मर्जी से साथ जाने का फैसला किया था। न्यायमूर्ति आशीष नैथानी ने अपने फैसले में कहा कि शादी के वादे पर बने यौन संबंध तभी दुष्कर्म माने जा सकते हैं जब यह साबित हो कि आरोपी की नीयत शुरू से ही धोखा देने की थी। वर्तमान मामले में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला जिससे यह लगे कि आरोपी ने शुरू से ही शादी न करने के इरादे से सहमति प्राप्त की थी। अदालत ने माना कि एक असफल रिश्ते और धोखाधड़ी के बीच स्पष्ट अंतर होता है। सुनवाई के दौरान यह भी सामने आया कि 23 फरवरी 2022 की पूरक मेडिकल रिपोर्ट में भी जबरन यौन शोषण या बल प्रयोग की पुष्टि नहीं हुई थी। कोर्ट ने पाया कि अभियोजन पक्ष के पास ऐसा कोई ठोस आधार नहीं था जो धारा 376 के तहत अपराध को प्रथम दृष्टया साबित कर सके। बचाव पक्ष ने तर्क दिया था कि यह दो वयस्कों के बीच एक सहमतिजन्य रिश्ता था जिसे गलत तरीके से पेश किया गया। उच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि जहाँ आरोप पूरी तरह से निराधार हों वहाँ आरोपी को मुकदमे की लंबी और कठिन प्रक्रिया से गुजरने के लिए मजबूर करना कानून का दुरुपयोग होगा। न्यायालय ने कहा कि धारा 482 के तहत प्राप्त अंतर्निहित शक्तियों का प्रयोग न्याय सुनिश्चित करने और अनावश्यक उत्पीड़न को रोकने के लिए किया जाना आवश्यक है।

## युगमंच का 30वां होली महोत्सव आज से

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में विगत तीन दशकों से होली महोत्सव का आयोजन करते आ रहे युगमंच परिवार की पहल पर वीरवार आज से शुरु होने जा रहे 30वें होली महोत्सव के सफल आयोजन हेतु बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष का महोत्सव विलक्षण खिलाड़ी और संस्कृति के संरक्षक स्वर्गीय प्रो. घनश्याम लाल शाह को समर्पित रहेगा। तय किया गया कि होली महोत्सव का शुभारंभ अपराह्न 1 बजे से मां नैना देवी मंदिर परिसर से होगा, जहां खड़ी होली का भावपूर्ण गायन एवं मंचन आमंत्रित कलाकारों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर खड़ी होली के वरिष्ठ होलियार कैलाश सेलिया एवं किशोर जुकारिया को सम्मानित किया जाएगा जबकि सायं काल में शारदा संघ में बैठ होली का आयोजन किया जाएगा जिसमें होलियार नरेश छिमवाल एवं हेमंत पंत को सममा. नित किया जाएगा। कार्यक्रम के अगले दिन महिलाओं की बैठ होली का कार्यक्रम बीएम शाह ओपन थिएटर में किया जाएगा जहां विभिन्न महिला दलों द्वारा होली एवं स्वांग प्रस्तुत किए जाएंगे तथा महिला होल्यारों को सम्मानित किए जाने के क्रम में गीता नैनवाल तथा पार्वती उप्रेती को सम्मानित किया जाएगा। इसी क्रम में 1 मार्च को नैनीताल समाचार तल्लीताल में बैठकी होली का आयोजन किया जाएगा जिसमें अजय कुमार अज्जू को सम्मानित किया जाएगा। छलड़ी के दिन 4 मार्च को होली जुलूस के साथ आशीष होली के रूप में शारदा संघ से प्रारंभ होकर भ्रमण के किया जाएगा जबकि कार्यक्रम का समापन 5 मार्च सायं 40 बजे से नैना देवी मंदिर परिसर में तक की होली गायन के साथ किया जाएगा।कार्यक्रम को सफल बनाने में शारदा संघ के प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट, चंद्र लाल शाह, डा. मनोज सिंह बिष्ट सहित युगमंच के जहूर आलम, भास्कर बिष्ट, नवीन बेगाना, मनोज कुमार, रफत आलम, अदिति खुराना, कनिका रावत तथा डा. हिमांशु पांडे आदि द्वारा योगदान दिया जा रहा है।

# शिक्षा विभाग के अधिकारी पर हमला बेहद दुर्भाग्यपूण

## कांग्रेसियों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देहरादून में विद्यालय का नाम परिवर्तन किए जाने को लेकर उत्पन्न विवाद के दौरान शिक्षा निद.ेशालय, ननूरखेड़ा में प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक पर हुए जानलेवा हमले के बाद कांग्रेस पार्टी ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। बुधवार को महानगर कांग्रेस ने इसे प्रदेश की कानून व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार बताते हुए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट एबी वाजपेई के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन भेजा। राज्यपाल को भेजे गए ज्ञापन में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि भाजपा शासन में सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों पर हमले लगातार बढ़ रहे हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। किसी भी विद्यालय का नाम परिवर्तन सरकार के स्तर पर लिया जाने वाला निर्णय होता है, जबकि अधिकारी और कर्मचारी केवल विधिसम्मत आदेशों का पालन करते हैं। ऐसे में जनसेवा में लगे अधिकारियों पर हमला करना न केवल उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि प्रशासनिक मनोबल को भी कमजोर करता है। उन्होंने कहा देहरादून में शिक्षा विभाग के अधिकारी पर हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। यदि सत्तारूढ़ दल के जनप्रतिनिधियों या विधायकों की मौजूदगी में अधिकारी सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा का अंदाज़ा सहज लगाया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस इस प्रकार की अराजकता को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी और दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग करती है। ज्ञापन देने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला दत्त भट्ट, मलय बिष्ट, हेम पांडे, मोहन बिष्ट, पार्षद भागीरथी बिष्ट, नीमा भट्ट, मुकुल बल्यूटिया, एनबी गुणवंत, गोविंद बगड़वाल, रेनू तोमर, सीमा लोहनी, महेशानंद, दिवेश तिवारी, भुवन तिवारी, रंजीत डसीला, मनोज मेहरा, गोविंद बिष्ट, अमित रावत, भानु कबड़वाल, अंकुर जोशी, उदित करायत, जीवन बिष्ट, अभिषेक बिष्ट मौजूद रहे।

## नैनीताल में कांग्रेसियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल।** प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर भाजपा विधायक उमेश शर्मा एवं उनके साथियों द्वारा शिक्षा निदेशालय देहरादून में प्राथमिक शिक्षा निदेशक के साथ अभद्रता, मारपीट एवं जानलेवा हमला करने के विरोध में नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल द्वारा नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा।

## आपराधिक मामले की कार्रवाई पर लगाई रोक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने चंपावत जिले के पंचायत चुनाव से जुड़े आपराधिक मामले की कार्यवाही पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकल पीठ ने महेंद्र सिंह ढेक और अन्य द्वारा दायर आवेदन पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। मामला अगस्त 2025 में एक महिला द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी से जुड़ा है, जिसमें आरोप है कि आरोपी ने उनके घर का दरवा.जा तोड़कर हमला किया। महेंद्र ढेक के वकील ने इसे राजनीतिक रंजिश का परिणाम बताया और दावा किया कि शिकायत झूठी है। पुलिस जांच रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि नहीं होने और दरवाजा टूटने की बात का खंडन किए जाने के बाद कोर्ट ने कार्यवाही पर रोक लगाने का आदेश दिया।

# फागोत्सव में महिला होल्यारों ने मचाई धूम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा की ओर से आयोजित दस दिनी 30वें फागोत्सव के तहत बुधवार को सभी महिला होलियारों ने जमकर होली की जिसमें होली गायक महिलाओं ने होली के रंग बिखेरे।

महिलाओं ने होली खेलन पधारो वृंदावन में..., बरसाने में होली हो रही है..., मल मल जात बदन में मैया जी होली खेले आज..., भारी पिचकारी मेरे अंगों में मारी..., हर रंग डालो... आज बिराज में होली रे राशियां..., होली होली रसिया हा हा होली है..., ब्रिज में होली कैसे खेलूंगी में सवारियां के संग..., होली आई री होली रे..., सावरी खेले होली सावन में... तथा आज कन्हैया रंग भरे... होली खेले जनाब अली जुग जुग जीवो मित्र हमारे... का सुंदर प्रस्तुति कारण हुआ। फागोत्सव के कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी कीर्ति तथा प्रो. ललित तिवारी ने किया जबकि स्वांग ने होली के रंगों के साथ होली का उत्साह दिया। श्री राम सेवक सभा के बाल कलाकारों ने तल्लीताल गांधी चौक में भी राधा कृष्ण की होली का नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। सीओ नैनीताल समेत मंजू बोरा, चंद्रा पंत, रजनी चौधरी, ईश्वरी जोशी, मोहिनी देवी तथा हीरा नयाल, वीणा पंत को बेहतरीन स्वांग के लिए सम्मानित किया गया। फागोत्सव को सफल बनाने में श्री राम सेवक सभा परिवार पूरी तरह से जुटा रहा।

## नो पार्किंग पर कार्रवाई

**नैनीताल।** नगर के बाजार क्षेत्र में दोपहिया वाहनों की आवाजाही बढ़ने से पैदल चलने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को मल्लीताल बाजार क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। इसके चलते बाजार क्षेत्र में दोपहिया दौड़ाने व पार्क करने वाले लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। बता दें बुधवार को मल्लीताल बाजार क्षेत्र में एसआई दीपक कार्की ने दो पहिया वाहनों के संचालन और अवैध पार्किंग को लेकर अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि मल्लीताल बड़ा बाजार क्षेत्र के मुख्य गेट पर आमतौर पर ताला रहता है लेकिन कुछ वाहन चालक जयलाल शाह बाजार की ओर से बाजार में प्रवेश कर रहे थे। बुधवार सुबह मुख्य गेट का ताला खोलकर पुलिस ने बाजार में घुसे वाहनों को बाहर निकाला।

# आईजी दफ्तर के सामने नियमों की धज्जियां

## शिवसेना की रैली में कारों की छत पर बैठे दिखे युवक, मूकदर्शक बनी रही पुलिस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के आईजी दफ्तर व कोतवाली से पुलिस के सामने ही युवक कारों की छत पर बैठकर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाकर निकल गए लेकिन ताज्जुब की बात यह रही कि कार्रवाई करना तो दूर की बात पुलिस ने युवकों को टोका तक नहीं।

बता दें पूर्व से भी आईजी व एसएसपी के कार्यालय होने के बाद भी नैनीताल में कानून व्यवस्थाएं बिगड़ी हुई हैं। यहां यातायात नियमों का उल्लंघन करना लोगों के लिए आम बात हो गई है, वहीं पुलिस भी नियमों का पालन नहीं करने वालों से नजरें फेरती नजर आती है। इसके चलते नियमों का उल्लंघन करने वालों में पुलिस



कार्रवाई का भय खत्म हो चुका है। इसका जीता जागता उदाहरण बुधवार को नजर आया जब शिव सेना की एक रैली में युवक कारों की छतों में बैठे नजर आए वहीं लगभग 20 बाइ.कों पर भी युवक बिना हेलमेट ही नजर आए। हद तब हो गई जब युवकों ने अपने वाहन आईजी कार्यालय व कोतवाली के सामने रोक दिए और कारों की छत पर बैठ कर नारेबाजी करते हुए यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई। इस दौरान पुलिस भी युवकों का तमाशा देखती रही। कार्रवाई करनी तो दूर की बात थी पुलिस युवकों को टोक तक नहीं पाई। इससे साफ लगता है कि पुलिस नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करना चाहती है। उन्हें हादसों का इंतजार है। वहीं लोगों में अब नियमों का उल्लंघन करते समय कार्रवाई का डर भी नहीं है। मामले में जिल के पुलिस कप्तान डा. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि रैली के दौरान कई चीजें अनदेखी की जाती हैं लेकिन रैली में यातायात बाधित न हो, अमर्यादित भाषा का प्रयोग न हो और हथियार का प्रदर्शन न हो इसका ध्यान दिया जाता है। रैली के दौरान अनुमति थी या नहीं इसकी वह जांच प्राथमिकता से करेंगे।

# हैड़ाखान रोड पर नाबालिग से दुष्कर्म

## टैक्सी चालक और उसका साथी गिरफ्तार, पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते मंगलवार की शाम काठगोदाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत हैड़ाखान रोड पर एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में है। जहां एक टैक्सी चालक ने अपने एक साथी के साथ नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर ले हैड़ाखान रोड की तरफ ले गया और इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए टैक्सी चालक व उसके साथी को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार की शाम करीब सात बजे के आस-पास काठगोदाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली एक 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी दुकान पर कुछ सामान लेने के लिए घर से निकली थी। आरोप है कि इस दौरान अल्मोड़ा दन्या का रहने वाला 20 वर्षीय मोहित और 24 वर्षीय टैक्सी चालक प्रदीप जो नाबालिग के पड़ोस में ही एक किराए के मकान में रहता था। बताया जा रहा कि जब किशोरी घर से दुकान कुछ सामान लेने के लिए गई तभी टैक्सी चालक प्रदीप व उसका साथी मोहित उसे बहला फुसलाकर उसे घूमने के बहाने अपनी कार में बिठाया और हैड़ाखान रोड की ओर ले गए। आरोप है कि दोनो ने नाबालिग को जबरदस्ती शराब पिलाई और उसके साथ दुष्कर्म किया। जब देर रात तक नाबालिग किशोरी घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। लेकिन जब कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस व परिजनों ने रात में ही नाबालिग की खोजबीन शुरू कर दी और खोजबीन करते हुए पुलिस व परिजन जब हैड़ाखान की तरफ निकले तभी कार में नाबालिग बेहोशी की हालत में मिली। जबकि दोनो आरोपी भी कार में मौजूद थे। पुलिस ने दोनो आरोपियों को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया और नाबा.लिग को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि दुष्मर्क के मामले में दोनो आरोपियों के खिलाफ पॉक्सों एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया और घटना में प्रयुक्त कार को भी सीज कर दिया। इसके साथ ही पुलिस ने नाबालिग पीड़िता का भी मेडिकल परीक्षण कराया।

## आशाओं ने किया प्रदर्शन

**बागेश्वर।** आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी 12 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर डीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मानदेय लागू न होने पर कड़ी आपत्ति जताई और दुर्घटना बीमा के रूप में छह लाख रुपये तथा सेवानिवृत्ति पर दस लाख रुपये एकमुश्त देने की मांग की। आशा कार्यकर्ताओं ने मासिक मानदेय को बढ़ाकर 18,000 रुपये और फेसिलिटेटर को 24,000 रुपये करने की भी मांग की। इसके अलावा, उन्हें टीकाकरण प्रशिक्षण, वर्दी, यात्रा भत्ता, 5जी मोबाइल टेबलेट और मातृत्व अवकाश जैसी सुविधाएँ देने की भी मांग की गई। कार्यकर्ताओं का कहना था कि वे स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं और उनकी भूमिका कोरोना काल में बेहद महत्वपूर्ण रही है। प्रदर्शन में रेखा बिष्ट, गीता तिवाड़ी, विमला बोरा, ललिता भाकुनी शामिल रहे।

# कई लोगों ने थामा यूकेडी का दामन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हर घर चर्चा-हर घर पर्चा के अंतर्गत उत्तराखंड क्रांतिदल की बैठक एवं सभा का आयोजन बीर भट्टी क्षेत्र के तोक में किया गया जिसमें कई युवाओं ने उत्तराखंड क्रांति दल की सदस्यता ग्रहण की। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डा. नारायण सिंह जंतवाल ने संबोधन में कार्यकर्ता एवं उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरा उत्तराखंड चुनौती पूर्ण स्थान पर खड़ा है जहाँ उत्तराखंड बनने के उपरांत यहां की बनी सरकारों ने



उत्तराखंड का जिस प्रकार से दोहन किया है उसको देखकर यह प्रतीत होता है की आने वाले समय पर उत्तराखंड की सभयता और संस्कृति संपूर्ण रूप से नष्ट हो जाएगी। जनता को मुफ्त का राशन देकर उत्तराखंड की आर्थिक स्थिति ही नहीं बल्कि पूरे भारत की अर्थव्यवस्था को झकझोर देने वाला संकट सामने खड़ा हो गया है। उत्तराखंड क्रांति दल के अनुसूचित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष रवि वाल्मीकि ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टियों प्रदेश को बारी-बारी से लूट रही है प्रशासन अतिक्रमण के नाम पर युवाओं के रोजगार हक हुकूक छीन रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश को बचाने के लिए दिल्ली से निर्देशित सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए उत्तराखंड आंदोलन की तर्ज पर कार्यकर्ताओ पूरे उत्तराखंड के समाज को जगाने के लिए हर घर चर्चा हर घर पर्चा देकर जागरूक करना होगा। सभा को केंद्रीय सचिव श्याम सिंह नेगी, केंद्रीय संगठन मंत्री भुवन सिंह बिष्ट, मोहन सिंह नेगी जिला महामंत्री पंडित हरिश वारीयाल, उत्तम बिष्ट, लीला बोरा, भुवन रावत आदि लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पान सिंह सिजवाली द्वारा किया गया।

# पुस्तकालय का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल की माल रोड स्थित दुर्गा लाल साह पुस्तकालय भवन का शासन स्तर पर गठित कमेटी सदस्यों ने बुधवार को बारीकी से निरीक्षण किया। कमेटी के सदस्यों ने तत्काल मरम्मत का प्रोजेक्ट बनाकर रोकथाम कार्य करने का सुझाव दिया। बता दें नैनीताल के दुर्गा लाल साह पुस्तकालय भवन का



लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से एडीबी की ओर से सौंदर्यीकरण किया गया था। कुछ समय से पुस्तकालय की लकड़ियां सड़ने लगी थीं। मामले में हाई कोर्ट ने भी स्वत: संज्ञान लिया था। इस पर पर्यटन निदेशक स्तर से पूर्व में हुए कार्य की जांच के लिए कमेटी का गठन कर दिया। लोनिवि अधिशासी अभियंता की अध्यक्षता में गठित कमेटी में ग्रामीण निर्माण विभाग के ईई, यूटीडीबी निदेशक अवस्थापना तथा केएमवीएन के जीएम निर्माण व जिला पर्यटन अधिकारी को शामिल किया गया था। बुधवार को कमेटी के सदस्यों ने पुस्तकालय भवन का निरीक्षण किया, साथ ही पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल व ईओ रोहिताश शर्मा के साथ पुस्तकालय भवन में पूर्व में हुए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। यूटीडीबी निदेशक दीपक खंडूरी ने बताया कि जल्द ही निरीक्षण की जांच रिपोर्ट निद.ेशालय भेजी जाएगी। बताया कि कमेटी में शामिल विभागों को पुस्तकालय भवन का निरीक्षण कर उसके जीर्णोद्धार का प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश दिये हैं।

# डीएसबी परिसर में विकसित भारत युवा संसद -2026 का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मेरा युवा भारत नैनीताल (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के समन्वय से बुधवार को डीएसबी परिसर के एएन सिंह प्रेक्षागृह नैनीताल जिले का विकसित भारत युवा संसद -2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नैनीताल जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आए 50 से अधिक युवाओं ने आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उद्घाटन सत्र में प्रो. संजय पंत (डीएसडब्लू) समेत प्रो. ललित तिवारी, डा. शिवांगी चन्या



(एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी) एवं डौल्वी तेवतिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. सुषमा टमटा, प्रो. हरि प्रिया पाठक, डा. नवीन चंद्र पांडेय तथा अंचल पंत समिलित रहे।

इस अवसर पर डौल्वी तेवतिया (उपनिदेशक मेरा युवा भारत नैनीताल) ने कार्यक्रम की रूपरेखा बतायी जबकि प्रो. ललित तिवारी ने युवाओं को विकसित भारत में उनकी भूमिका पर चर्चा की। प्रतियोगिता में कुल 50 प्रतिभागियों में से शीर्ष 5 प्रतिभागी अर्नव त्रिपाठी, नकुल देव साह, नंदिनी जोशी, प्राची जोशी एवं दिपांशु का चयन राज्य स्तरीय विक.सित भारत युवा संसद-2026 हेतु किया गया जहां उन्हें विधान सभा देहरादून में अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। शीर्ष 10 में कार्तिकेय, दीपक, तिलक, निहा.रिका एवं लक्षा शामिल रहे। प्रमाण पत्र वितरण एवं समापन सत्र में मुख्य अतिथि दर्जा मंत्री शांति मेहरा उपस्थित रहीं। उन्होंने विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन डा. शिवांगी चन्याल एवं प्रो. ललित तिवारी द्वारा किया गया।

# नैनीताल में शूटिंग टीम व स्थानीय लोगों के बीच विवाद

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में बुधवार को तल्लीताल में एक फिल्म शूटिंग टीम और स्थानीय लोगों के बीच विवाद हो गया। लोगों ने शूटिंग टीम के सुरक्षा कर्मियों पर अभद्रता का आरोप लगायाए जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। बता दें यह घटना बुधवार को तल्लीताल बिशप स्कूल के समीप हुई। शूटिंग टीम नैनी झील किनारे शूटिंग की तैयारी में जुटी थी और अपना सामान रख दिया था। इसी दौरानए पूर्व निर्धारित होली कार्यक्रम के लिए स्कूली बच्चे और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। शूटिंग टीम के कुछ सदस्यों ने लोगों से वहां शूटिंग होने की बात कही और उन्हें हटने के लिए कहा। जब लोगों ने अपने होली कार्यक्रम के पूर्व निर्धारित होने की बात बताई तो टीम के सदस्यों ने उनसे अनुमति पत्र दिखाने को कहा। इस व्यवहार से स्थानीय लोग भड़क गए और मौके पर कारोबारी भी आ पहुंचे। कारोबा.रियों ने भी लोगों से हुई अभद्रता पर शूटिंग टीम के प्रति नाराजगी व्यक्त की। सूचना मिलने पर तल्लीताल पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। तल्लीताल कोतवाली के एसओ मनोज नयाल ने बताया कि होली के कार्यक्रम के लिए शूटिंग टीम ने अपना सामान हटा दिया था। इसके बाद मामला शांत हो गया। **इधर,** तल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष मारुति नंदन साह ने कहा कि उन्हें शूटिंग से कोई आपत्ति नहीं है, हालांकि उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ अभद्रता बर्दाश्त न करने की बात कही। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्थानीय भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। लोगों के विरोध और पुलिस के हस्तक्षेप के बाद शूटिंग टीम को अपना सामान वहां से हटाना पड़ा।

**खेल विशेष**

## वकार यूनुस ने हार के लिए पाकिस्तान की बैटिंग को जिम्मेदार ठहराया

**पल्लेकेले, वार्ता।** पाक के पूर्व पेसर वकार यूनुस ने कहा है कि टी 20 वर्ल्ड कप सुपर आठ मैच में इंग्लैंड क्रिकेट टीम से हार के दौरान शाहीन शाह अफरीदी की जबरदस्त बॉलिंग के बावजूद पाकिस्तान सही टोटल से चूक गया और बीच के ओवरों में कंट्रोल खो दिया। जियो हॉटस्टार पर बात करते हुए, यूनुस ने कहा कि पाकिस्तान को बोर्ड पर 15-20 रन और चाहिए थे। उन्होंने कहा कि पहली इनिंग में, पाकिस्तान ने काफी रन नहीं बनाए। इस पिच पर, उन्हें और 15-20 रन चाहिए थे। 175-180 का टोटल बराबर होता। फिर हैरी ब्रूक तीसरे नंबर पर आए और पूरा कंट्रोल ले लिया। यह बिना किसी मौके के बैटिंग थी, वह शानदार थे। उन्होंने अकेले ही पाकिस्तान से गेम छीन लिया।

## ऑस्ट्रेलिया 23 साल बाद बांग्लादेश के साथ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगा

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया 23 साल के लंबे अंतराल के बाद अगस्त में बंगलादेश के साथ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार 2003 के बाद यह पहली बार होगा जब बंगलादेश ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज खेलेगा। इस सीरीज के दोनों मैच मैच डार्विन के मारारा स्टेडियम और मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में खेले जाएंगे। डार्विन के मैदान पर 22 साल बाद टेस्ट मैच खेला जाएगा। यहां वर्ष 2004 में श्रीलंका ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच खेला था। इत्तेफाक से, डार्विन का पहला टेस्ट 2003 में बंगलादेश के साथ हुआ था। इस बीच, ग्रेट बैरियर रीप अपने पहले टेस्ट की मेजबानी करेगा। इस जगह पर सिर्फ तीन वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले गए है 1992 में भारत और श्रीलंका के बीच एक एकदिवसीय बारिश की वजह से रद्द हो गया था।

# भारत के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला आज

### गत चैंपियन को सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों के लिए जिम्बाब्वे को हराना होगा



**चेन्नई, वार्ता।** खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरा गत चैम्पियन भारत 'करो या मरो' के मुकाबले में फंस गया है और सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों के लिए उसे गुरुवार को जिम्बाब्वे को हराना होगा। सुपर 8 में बने रहने की लड़ाई नाम, आंकड़ों या टूर्नामेंट से पहले की हाइप से तय नहीं होती यह हिम्मत, मेहनत और दबाव में हर रन और हर विकेट के लिए लड़ने की इच्छा से तय होती है। गुरुवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में उमस भरी शाम को, भारत और जिम्बाब्वे दोनों यह जानते हुए मुकाबले में उतरेंगे कि एक और हार न सिर्फ उनके कैंपेन को नुकसान पहुंचाएगी, बल्कि उनके सेमीफाइनल के सपने भी खत्म कर देगी। यह स्टाइलिश दबदबे का मुकाबला नहीं है। यह लड़ने वालों का मुकाबला है। भारत पर उम्मीदों का बोझ है, लेकिन सिर्फ उम्मीद से स्कोरबोर्ड पर दबाव नहीं पड़ता। उनके बल्लेबाजों को अपनी ताकत दिखाने से पहले सब्र के साथ पारी बनानी होगी।

शुरुआती ओवरों में टॉप ऑर्डर को डिसिप्लिन दिखाना होगा, नई गेंद की चुनौती को समझना होगा और फिर कंट्रोल में अटैक करना होगा। बीच के ओवर जंग का मैदान बन जाते हैं जहां या तो मोमेंटम बचाना होता है या खोना होता है। बहुत कुछ सूर्यकुमार यादव के निडर स्ट्रोक प्ले पर निर्भर करेगा, जो एक ऐसे बैट्समैन हैं जो तेज और अहम शॉट सिलेक्शन से गेम की लय बदल सकते हैं। उनका साथ हार्दिक पंड्या की जबरदस्त फिनिशिंग काबिलियत देगी, जिनसे उम्मीद की जाएगी कि वे क्लासिक लेट-इनिंग्स रोल-एब्जॉर्ब प्रेशर निभाएंगे, फिर जब बॉलर थक जाएं और फील्ड फैल जाए तो स्ट्राइक करेंगे। भारत की बॉलिंग कंट्रोल और पेनेट्रेशन पर बनी है। जसप्रीत बुमराह का अनुभव और सटीकता पावरप्ले और डेथ ओवर्स दोनों में जरूरी होगी, जबकि वरुण चक्रवर्ती का स्पिन कंट्रोल पिच के धीमा होने पर अहम हो सकता है। चेपॉक में पारंपरिक रूप से उन बॉलर्स को इनाम मिलता है जो रॉ पेस के बजाय लेंथ, सब्र और टैक्टिकल इंटेलिजेंस बनाए रखते हैं। जिम्बाब्वे एक ऐसी टीम के जोश के साथ आएगा जो गेम के हर फेज में मुकाबला करने में यकीन रखती है। वे अपनी रेप्युटेशन बचाने के लिए नहीं खेल रहे हैं। वे एक रेप्युटेशन बनाने के लिए खेल रहे हैं। उनके कैप्टन सिकंदर रजा बैटिंग ऑर्डर को स्टेबल करने और स्मार्ट स्पिन और टाइट लाइन्स से बीच के ओवर्स को कंट्रोल करने की जिम्मेदारी उठाते हैं। उनके पेस लीडर ब्लेसिग मुजरबानी की को. शिश होगी कि वे जल्दी स्ट्राइक करें और पार्टनरशिप बनने से पहले इंडिया के टॉप ऑर्डर को हिला दें। चेपॉक की पिच ज्यादा देर तक आसान रन नहीं देगी। शुरुआत में स्ट्रोक प्ले मुमकिन होगा, लेकिन जब स्पिनर्स मुक. ाबले में आएंगे तो टिके रहने के लिए हिम्मत चाहिए होगी। पहले बैटिंग करने वाली टीमें आराम से 180-190 तक पहुंचना चाहेंगी, जबकि पीछा करने वाली टीमों को विकेट हाथ में रखने होंगे और बिना सोचे-समझे हिट करने के बजाय सोचे-समझे अटैक पर भरोसा करना होगा। इस तरह के मैचों में, स्किल सिर्फ आधी कहानी होती है। बाकी आधी कहानी टेम्परामेंट की होती है। जब वर्ल्ड कप के सपने हाथ से निकलते दिखें तो डटे रहने की काबिलियत। आज रात की लड़ाई इस बारे में कम है कि कौन सबसे ज्यादा शॉट खेलता है, बल्कि इस बारे में ज्यादा है कि चेन्नई की भारी शाम की हवा में मुकाबला कड़ा होने पर कौन हार नहीं मानता।

**भारतीय टीम:** सूर्यकुमार यादव, अक्षर पटेल, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, ईशान किशन, शिवम दुबे, वाशिगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, मोहम्मद सिराज

**जिम्बाब्वे टीम:** सिकंदर रजा, ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ग्रीम क्रेमर, ब्रैड इवांस, क्लाइव मडांडे, टिनोटेंडा मापोसा, तदिवानाशे मारुमानी, वेलिगंटन मसकाद्जा, टोनी मुनयोंगा, ताशिगा मुसेकिवा, ब्लेसिग मुजरबानी, डियोन मायर्स, रिचर्ड नगारवा, बेन करेन

## रिंकू की अनुपस्थिति में अभ्यास में सैमसन पर फोकस

- **भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह पारिवारिक आपात स्थिति के कारण घर लौट गए हैं**

**चेन्नई, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह पारिवारिक आपात स्थिति के कारण घर लौट गए हैं और 26 फरवरी को चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर 8 मुकाबले में उनके खेलने पर संदेह है। चेपॉक में मैच से दो दिन पहले दूधिया रोशनी में हुए अभ्यास सत्र में रिंकू मौजूद नहीं थे। रिंकू का टूर्नामेंट अब तक साधारण रहा है। ग्रुप चरण में 6, 1, 11 ' और 6 ' के स्कोर के बाद वह अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन की हार में खाता भी नहीं खोल सके। अगर रिंकू गुरुवार के मैच के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं, तो संजू सैमसन अंतिम एकादश में वापस आ सकते हैं। यह शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों के वर्चस्व को तोड़ सकता है। हालांकि नंबर 3 पर कप्तान सूर्यकुमार यादव भी एक विकल्प बने हुए हैं। सैमसन ने मंगलवार को भारत के अभ्यास सत्र के दौरान सेंटर विकेट पर लंबी प्रैक्टिस की। बाद में उन्होंने मुख्य मैदान से सटे एमए चिदंबरम बी नेट्स में भी बल्लेबाजी की। करीब 6-30 बजे पहले नेट में कोच गौतम गंभीर की निगरानी में सैमसन और इशान किशन ने ते गें. दबाजों का सामना किया। जब भी मोहम्मद सिराज या अर्शदीप सिंह ने बैक ऑ लेंथ या शॉर्ट गेंद फेंकी, सैमसन जल्दी बैकफुट पर आकर उन्हें मजबूती से लॉन्ग-ऑन या मिडविकेट के ऊपर पुल कर रहे थे। वाइड लॉन्ग-ऑन के ऊपर एक जोरदार शॉट पर कैमरामैन को बचने के लिए भागना पड़ा। हालांकि जब अर्शदीप ने गुड लेंथ पर गेंदबाजी की, सैमसन बैकफुट पर ही खड़े रहे, बिना पैरों का इस्तेमाल किए ड्राइव के लिए गए और चूक गए। टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में जैकब डफी और मैट हेनरी ने इसी तरह की लेंथ पर उन्हें परेशान किया था, जब उन्हें कवर के ऊपर या सीधे शॉट खेलने की जगह नहीं मिली। बाद में सैमसन ने पीछे हटकर जगह बनाने की कोशिश की, लेकिन वह तरीका भी सफल नहीं रहा। थोड़ी देर बाद दूसरे नेट में स्पिन के खिलाफ सैमसन ने लय हासिल कर ली। जब मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने हल्की ओवरपिच गेंद डाली, सैमसन ने ऑफ साइड के ऊपर छक्का जड़ दिया। फील्डिंग कोच टी दिलीप के साथ कुछ समय कीपिग का अभ्यास करने के बाद, सैमसन साइड नेट्स में गए और सहायक कोच रायन टेन डेशकाटे की निगरानी में फिर बल्लेबाजी की। अब आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा बन चुके।

# अभिषेक-वरुण रैंकिंग में शीर्ष पर कायम

- **जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने टी-20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑलराउंडर्स रैंकिंग में फिर नंबर-1 स्थान हासिल किया**





**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी ताजा टी-20 रैंकिंग में भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और स्पिन गें. दबाज वरुण चक्रवर्ती शीर्ष पर बने हुए हैं। आईसीसी की आज जारी रैंकिंग के अनुसार भारत और श्रीलंका की मेजबानी में चल रहे टी-20 विश्वकप में अभिषेक शर्मा खराब फॉर्म के बावजूद टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर है।

वहीं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महंगे प्रदर्शन के बावजूद स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी गेंदबाजी रैंकिंग में भी शीर्ष पर बने हुए है। इसके अलावा इशान आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए है जबकि भारत के शिवम दुबे दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें पर पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे के सिकटर रजा ने टी-20 विश्वकप में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑलराउंडर्स रैंकिंग में फिर से नंबर वन स्थान हासिल कर लिया है। रजा ने जिम्बाब्वे को सुपर आठ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई, कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ 45 और मुंबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ 27 रन बनाए, जिससे वह ताजा रैंकिंग अपडेट में ऑल-राउंडर्स की लिस्ट में पाकिस्तान के सैम अयूब को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंच गए। अफगानिस्तान के अनुभवी मोहम्मद नबी तीन स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे नंबर पर बने हुए हैं, जबकि पाकिस्तान के ओपनर साहिबजादा फरहान दो पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे नंबर पर आ गए हैं। टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के बाद उन्होंने अपने करियर की सबसे अच्छी रेटिंग हासिल की है।

## रिचर्ड पाइबस बने अफगानिस्तान के मुख्य कोच

**काबुल, वार्ता।** अफगानिस्तान ने इंग्लैंड में जन्मे रिचर्ड पाइबस को सभी प्रारूपों के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है।

वह अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीमित ओवर सीरीज से पहले टीम के साथ जुड़ेंगे। पाइबस ने 1986 में केवल एक लिस्ट ए मैच खेला। हालांकि उन्होंने कई देशों की टीमों के साथ कोच के रूप में भूमिका निभाई है। वह 1999 से 2003 तक पाकिस्तान के कोच रहे, जिसमें 1999 एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल तक की यात्रा शामिल थी। 2013 में उनका बंगलादेश के प्रमुख कोच के रूप में एक छोटा कार्यकाल भी रहा। इसके बाद 2013 से 2019 तक उन्होंने वेस्टइंडीज टीम के साथ छह साल बिताए और क्रिकेट डायरेक्टर, हाई-परफॉर्मेंस विशेषज्ञ और अंत में प्रमुख कोच की भूमिका निभाई। इसके अलावा उन्होंने इंग्लैंड काउंटी क्रिकेट में मिडलसेक्स के साथ भी काम किया और दक्षिण अफ्रीका की घरेलू लीग में टाइटंस टीम के भी कोच रहे।

# वू ने रूड को चौंकाया, ज्वेरेव आगे बढ़े



- **अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ 6-2 6-2 से जीत हासिल की**

**मेक्सिको, वार्ता।** क्वालिफायर वू यिबिग ने मंगलवार रात एबिएर्टो मेक्सिकनो टेलसेल में तीसरी सीड कैस्पर रूड को 7-6(2), 7-6(1) से हराकर अपने करियर की तीसरी टॉप 20 जीत हासिल की। चीनी स्टार, जिन्होंने पहले 2023 में टेलर फिट्ज और पिछले सितम्बर में दानिल मेदवेदेव को हराया था, दो टाई-ब्रेक में शानदार रहे क्योंकि उन्होंने एक एग्रेसिव गेम प्लान के साथ रूड को हरा दिया। वू ने जीत के बाद कहा कि मुझे लगता है कि जब भी वह मुझ पर बहुत ज्यादा प्रेशर डाल रहे थे, मैं शांत रहा।बेशक कैस्पर टूर पर रैली खेलने वाले सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक हैं, और मुझे सच में सब्र रखना था और साथ ही एग्रेसिव भी रहना था। वू ने अपनी पहली सर्व का सिर्फ 62 परसेंट ही किया, और रूड के दूसरी सर्व पर अटैक करने का प्रेशर महसूस किया। लेकिन उनकी सर्विस सिर्फ एक बार टूटी, और दूसरे सेट के बीच में दोनों ने एक-दूसरे को ब्रेक दिया। एटीपी रैंकिंग में नंबर 12 खिलाड़ी के खिलाफ जीत के साथ, अकापुल्को में डेब्यू करने वाले इस खिलाड़ी ने इवेंट में और रूड के साथ अपनी हेड2हेड सीरीज में 1-0 का सुधार किया। कार्लोस अल्काराज के खिलाफ एक जबरदस्त ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में हार के बाद अपने पहले कॉम्पिटिटिव एक्शन में, अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी मंगलवार रात अकापुल्को में अपने कैंपेन की शानदार शुरुआत की। ज्वेरेव ने कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। टॉप सीडेड जर्मन खिलाड़ी ने एक भी ब्रेक पॉइंट नहीं दिया, और पहले सर्व में और पहले सर्व में जीते गए पॉइंट्स पर 79 परसेंट अंक हासिल किए। अकापुल्को में अपनी 15वीं जीत के साथ, ज्वेरेव (15-5) 2014 में हार्ड कोर्ट पर स्विच होने के बाद से इस इवेंट में सबसे ज्यादा जीत के मामले में राफेल नडाल (15-2) की बराबरी पर आ गए।

## हैदराबाद महिला क्वालिफायर के लिए पूरी तरह तैयार

**हैदराबाद, वार्ता।** एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप में बची हुई आखिरी जगहों के लिए रेस तेज हो गई है। बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाले विश्व कप के लिए 8 विमेंस टीमें 8-14 मार्च तक हैदराबाद, तेलंगाना, में मुकाबला करेंगी। ए टीमें 16 टीमों वाले वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफिकेशन हासिल करने की कोशिश में भिड़ेंगी। यह वर्ल्ड कप 15-30 अगस्त 2026 तक बेल्जियम के वावरे और नीदरलैंड्स के एम्सटलवीन में होगा। कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप और एफआईएच हॉकी प्रो लीग पहले ही नौ क्वालिफायर तय कर चुकी हैं, इसलिए यह इवेंट इन आठ उभरते देशों के लिए हॉकी के इस बड़े इवेंट के लिए अपना टिकट बुक करने का आखिरी रास्ता है। टूर्नामेंट का फॉर्मेट फील्ड को चार टीमों के दो पूल में बांटता है, जिसमें हर पूल से टॉप दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचती हैं।

## सिदरा अमीन को आईसीसी आचार सहिता उल्लंघन पर लगी फटकार

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान महिला टीम की खिलाड़ी सिदरा अमीन को आईसीसी आचार सहिता के लेवल 1 के उल्लंघन को लेकर फटकार लगाई गई है। सिदरा को आईसीसी आचार सहिता के लेवल 1 के आर्टिकल 2-2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। जो 'अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या वस्त्र, मैदान उपकरण या फिटिग का दुरुपयोग' से संबंधित है। इसके लिए उन्हें आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई गई। इसके अलावा, सिदरा के डिसिप्लिनरी रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। यह उनके लिए यह 24 महीने में दूसरी गलती थी, जिससे उनके डिमेरिट पॉइंट्स की संख्या दो हो गई।यह घटना रविवार को ब्लोमफोंटेन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुकाबले के दौरान पाकिस्तान की पारी के 24वें ओवर में हुई, जब आउट होने के बाद, सिदरा ने क्रीज छोड़ने से पहले अपना बल्ला जमीन पर पटक दिया। पांच अक्टूबर को भारत के खिलाफ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्वकप 2025 मैच के दौरान इसी गलती के लिए उन्हें एक डिमेरिट अंक दिया गया था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पौसारी, विकास खण्ड कपकोट, जनपद बागेश्वर।**

पत्रांक- 03/ग्रा0 पं0 भ0 नि0/अल्पकालीन निविदा/2025-26 दिनांक: 24 फरवरी, 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-RGSA/ग्रा0पं0 /2025-26**

राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड/सचिव, पंचायतीराज, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु पृथक-पृथक निविदायें उत्तराखण्ड में अधिकृत / पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से उनकी श्रेणी के अनुसार दिनांक 12.03.2026 को अपराहन 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो अधोहस्ताक्षरी द्वारा उसी दिन अपराहन 2.30 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा मनोनित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी। उक्त तिथि को अवकाश रहने की स्थिति में निविदायें अगले कार्यदिवस में खोली जायेंगी।

आमंत्रित निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 06.03.2026 से 09.03.2026 प्रात: 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक पंचायत भवन उतरौडा में निर्धारित मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्राप्त डाक से मंगाने पर रू0 100.00 अतिरिक्त जमा करना होगा। डाक में देरी के लिये कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

**कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-**

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्रों का मूल्य + जी0एस0टी0 18% अतिरिक्त | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 01 | ग्राम पंचायत पौसारी, विकास खण्ड कपकोट में पंचायत भवन निर्माण कार्य। | 20.00 | 60000.00 | 1500 +18% | 180 दिन | श्रेणी 'डी' व उच्चतर |

अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रो के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**नोट:** निविदा प्रपत्र कय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पडेगा।

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत विकास अधिकारी

## अपराजित टीमों में होगी टक्कर

**अहमदाबाद, वार्ता।** दो ऐसी टीमों के बारे में कुछ बहुत ही दिलचस्प है जिन्होंने अभी तक हार का स्वाद नहीं चखा है, जब वे एक ही मैदान में उतरती हैं। यह माहौल को तेज करता है, मार्जिन को कम करता है और विचारों को साफ करने पर मजबूर करता है। गुरुवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, वेस्ट इंडीज और दक्षिण अफ्रीका न सिर्फ जीत के रिकॉर्ड के साथ आ रही हैं, बल्कि उनकी पहचान भी इस बात से बनी है कि उन्होंने कैसे जीता है।

वेस्टइंडीज ने आजादी से खेला है। उनकी बैटिंग में कैरेबियाई क्रिकेट की अनोखी लय रही है - बड़ी, एक्सप्रेसिव और, कभी-कभी, जबरदस्त। जब शिमरोन हेटमायर ने पिछले मैच में 34 गेंदों में 85 रन बनाए, तो यह सिर्फ पावर के बारे में नहीं था। यह इरादे के बारे में था। यह शुरू में ही शर्तें तय करने और विरोधी टीम को रिएक्टिव क्रिकेट के लिए मजबूर करने के बारे में था। फिर भी जो चीज इस वेस्ट इंडीज टीम को खास तौर पर खतरनाक बनाती है, वह सिर्फ अंदाज नहीं है, बल्कि लेयरिंग है। शाई होप टॉप पर शांति देते हैं, रोवमैन पॉवेल और शेरफेन रदरफोर्ड बीच में रफ्तार लाते हैं, और अकील होसेन और गुडाकेश मोती की स्पिन जोड़ी जब खेल के बिगड़ने का खतरा होता है तो कंट्रोल देती है। उन्होंने बैलेंस बना लिया है, और टी20 क्रिकेट में, बैलेंस अक्सर शांत अंतर पैदा करता है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ( वि./ यॉ. ) ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड तपोवन मार्ग, रायपुर रोड, देहरादून**

पत्रांक 1411/ ग्रा.नि.वि./निविदा सूचना/2025-26 दिनांक 23.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या- 49**

उत्तराखण्ड राज्यपाल महोदय की ओर से कालम-08 के अनुसार अधिकृत श्रेणी के ठेकेदारों से निम्न कार्यों की निविदायें दिनांक 11.03.2026 को अपरान्ह् 12.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि०/ यॉ०) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून में आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 11.03.2026 को अपरान्ह् 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। जिनका विक्रय दिनांक 10.03.2026 को अपराह्न 4:00 बजे तक कैम्प कार्यालय अधिशासी अभियंता (वि./ यॉ.) भीमताल से किया जाएगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. रहित (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार हेतु श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में क्रिकेट पिच हेतु स्ट्रीट लाइटों की स्थापना का कार्य। | 1671336.00 | 50500.00 | 1500.00+ 18%GST | 12 माह | 45 दिन | ए श्रेणी विद्युतीकरण |

**-: निविदा की शर्तें:-**

**नोट:**- 1. उक्त कार्य की जानकारी अधिशासी अभियन्ता (वि०/यॉ०) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय में दिन 11.03.2026 से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**( इं. तहसीन अहमद )**
**अधिशासी अभियन्ता, ( वि./यॉ. )**
**ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कटारमल, विकास खण्ड गरूड़, जनपद बागेश्वर।**

पत्रांक- 03/ग्रा0 पं0 भ0 नि0/अल्पकालीन निविदा/2025-26 दिनांक 24 फरवरी, 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या- RGSA/ग्रा0पं0 /2025-26**

राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड/सचिव, पंचायतीराज, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु पृथक-पृथक निविदायें उत्तराखण्ड में अधिकृत / पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से उनकी श्रेणी के अनुसार दिनांक 12.03.2026 को अपराहन 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो अधोहस्ताक्षरी द्वारा उसी दिन अपराहन 2.30 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा मनोनित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी। उक्त तिथि को अवकाश रहने की स्थिति में निविदायें अगले कार्यदिवस में खोली जायेंगी।

आमंत्रित निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 06.03.2026 से 09.03.2026 प्रात: 11.00 बजे से सांय 04:00 बजे तक पंचायत भवन मथुरों में निर्धारित मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्राप्त डाक से मंगाने पर रू0 100.00 अतिरिक्त जमा करना होगा। डाक में देरी के लिये कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

**कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-**

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्रों का मूल्य जी0एस0टी0 18% + अतिरिक्त | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 01 | ग्राम पंचायत कटारमल, विकास खण्ड गरूड़ में पंचायत भवन निर्माण कार्य। | 20.00 | 60000.00 | 1500 +18% | 180 दिन | श्रेणी 'डी' व उच्चतर |

अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**नोट:** निविदा प्रपत्र कय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पडेगा।

ग्राम प्रधान
देवेन्द्र सिंह महरा
ग्राम पंचायत कटारमल
विकास खण्ड गरूड़

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
अंकित बिष्ट
ग्राम पंचायत कटारमल
विकास खण्ड गरूड़

### आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता के द्वार पहुंची भगवानपुर पुलिस

# महिला व बालिकाओं को दी सुरक्षा कानूनों की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** जनपद हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे जागरुकता अभियान पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम को कुशल क्रियान्वयन हेतु एसएसपी हरिद्वार' द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार आदेश के क्रम में भगवानपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक-25.02. 2026 को कस्बा भगवानपुर व पी०जी० थरमो कम्पनी रायपुर भगवानपुर मे महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों, गौरा शक्ति एप्प. उत्तराखंड पुलिस एप्प, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112,महिला हेल्पलाइन 1090/1091 साइबर



अपराध से बचाव, हेल्पलाइन 1930, छेड़छाड़,घरेलू हिंसा तथा किसी भी आपात स्थिति

**❖महिलाओं व बालिकाओं ने किया बढ़-चढ़कर प्रतिभाग**

में त्वरित सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे बिना संकोच पुलिस से संपर्क करें। पुलिस सदैव आपकी सहायता एवं सुरक्षा के लिए तत्पर है। साथ ही आत्मरक्षा के सामान्य उपायों एवं सतर्कता संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए गए। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में सुरक्षा एवं विश्वास बढ़ाने वाला कदम बताया की पुलिस द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की बात कही गई।

# 23 वर्षीय युवक का रेलवे ट्रैक पर शव मिलने से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** सीधदू रेलवे फाटक के पास एक 23 वर्षीय युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया।

लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी मैं जानकारी देते हुए बताया कि 24 फरवरी 2026 को पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा रेलवे फाटक के पास रन ओवर की सूचना दी गई थी जिस पर तुरंत ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया पुलिस टीम ने मौके पर जाकर देखा तो खंबा नंबर 4/24 व 4/25 के मध्य एक व्यक्ति का शव क्षत विक्षत अवस्था में पड़ा हुआ है जिसकी सिनाख्त के प्रयास किये गये आम जनता को बुलाकर प्रयास किया तो ग्रामीण व परिजनो द्वारा मृतक की पहचान सुमित उम्र 23 वर्ष पुत्र स्वर्गीय कालूराम निवासी ग्राम सीधडू व थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार के रूप में की गई अग्रिम कार्रवाई के लिए मृतक के शव को मोर्चरी उप जिला चिकित्सालय रुड़की भेजा जा रहा है।

# लक्सर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों की थाने पर बुलाकर कराई परेड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली लक्सर पुलिस ने उच्च अधिकारियों के आदेश पर हिस्ट्रीसीटरो को बुलाकर थाने पर एक मीटिंग की गई है कहीं कोई हिस्ट्री सीटर गलत रहा पर तो नहीं चल रहा है।

जानकारी के अनुसार लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने बताया कि एसएसपी हरिद्वार के आदेश अनुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना क्षेत्र से सभी हिस्ट्रीशीटरो को थाने पर बुलाकर उनकी परेड कराई गई है और सभी को गलत काम से बच के रहने के लिए और सही रास्ते पर



चलने को निर्देशित किया गया है उन्होंने बताया सभी के बारे में जानकारी जुटाई गई है कि इस वक्त क्या कर रहे हैं कोई गलत कदम तो नहीं उठा रहे हैं उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी भी हिस्ट्रीशीटर के द्वारा गलत कदम उठाने की कोशिश की गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### मैथोडिस्ट गर्ल्स पीजी कॉलेज में एनएसएस इकाई का विशेष शिविर

# छात्रों को मतदान व महिला सशक्तिकरण की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मैथोडिस्ट गर्ल्स पीजी कॉलेज, रुड़की में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिवस अत्यंत उत्साह एवं रचनात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। यह शिविर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पायल अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है।

आज का दिन पूर्ण रूप से विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं को समर्पित रहा, जिनमें पोस्टर प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के लिए दो प्रमुख विषय निर्धारित किए गए-1.मतदाता जागरूकता, 2. महिला सशक्तिकरण। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व, युवा मतदाताओं की जिम्मेदारी एवं जागरूक नागरिक बनने के संदेश को प्रभावशाली चित्रों एवं नारों के माध्यम से प्रस्तुत किया। महिला सशक्तिकरण विषय पर नारी शिक्षा, आत्मनिर्भरता, समान अधिकार एवं सामाजिक भागीदारी को सशक्त रूप में दर्शाया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पारंपरिक कला के माध्यम से सामाजिक संदेशों को अत्यंत सुंदर एवं रचनात्मक ढंग से अभिव्यक्त किया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। रंगोली प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। छात्राओं ने रंग-बिरंगे रंगों, पुष्पों एवं प्रतीकात्मक



आकृतियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता और महिला सशक्तिकरण जैसे गंभीर विषयों को अत्यंत प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया। कहीं मतपेटी, मतदान चिन्ह और "मतदान अवश्य करें" जैसे संदेश उकेरे गए, तो कहीं नारी शक्ति को दर्शाती प्रेरणादायक आकृतियाँ बनाई गईं। रंगोलियों में कलात्मक सौंदर्य के साथ-साथ सामाजिक चेतना का सुंदर समन्वय देखने को मिला। कॉलेज की प्रबंधिका मिस जे सिंह एवं प्राचार्या डॉ. अमिता श्रीवास्तव ने छात्राओं की सृजनात्मकता एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्राओं में नेतृत्व, आत्मविश्वास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करती हैं। दिन भर चली इन प्रतियोगिताओं ने शिविर में उत्साह, उमंग एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनाए रखा। निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रतिभागियों का चयन किया गया, जिनके परिणाम समापन समारोह में घोषित किए जाएंगे। इस प्रकार शिविर का छठा दिवस कला, जागरूकता और सामाजिक संदेशों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# विद्युत बिलों में संशोधन के लिए सब डिविजन पर शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा स्थित विद्युत सबडिवीजन पर ट्यूबवेल और चरखी के विद्युत बिलों में संशोधन हेतु एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें उपभोक्ताओं के विद्युत बिल ठीक किए गए।

जानकारी के अनुसार कस्बा झबरेड़ा स्थित विद्युत सब डिवीजन पर बुधवार को ग्रामीण अधिशासी अभियंता विनोद कुमार पाण्डे के नेतृत्व में ट्यूबवेल और चरखी के बिलों में संशोधन हेतु एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। क्षेत्र के कुछ किसानों के ट्यूबवेल और चरखी के बिल ठीक नहीं आ रहे थे जिनको ठीक कराया गया। विद्युत विभाग द्वारा आयोजित कैंप में विभाग के अधिकारियों ने स्वयं मोर्चा संभाला ताकि उपभोक्ताओं को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। मौके पर ही बिलों में सुधार किया गया। अधिशासी अभियंता विनोद कुमार पाण्डे ने बताया कि कैंप का मुख्य उद्देश्य उन किसानों की मदद करना है जिनके ट्यूबवेल या चरखी के बिलों में किसी तकनीकी कारण से त्रुटि आ गई थी। उन्होंने उपभोक्ता से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में कैंप में पहुँचकर अपने बिलों की विसंगतियों को दूर कराएं और इस सुविधा का लाभ उठाएं तथा समय से बिलों का भुगतान करें।विभाग के कर्मचारी और अधिकारी मौके पर ही दस्तावेजों की जांच कर बिलों में आवश्यक संशोधन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कैंप में किसानो की लगभग 50 समस्याएं आई जिनका मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस मौके पर कैंप में मुख्य रूप से एसडीओ मोहम्मद रिजवान, एसडीओ मीटर रजनीश सैनी,जे ई देवेंद्र शर्मा, बिलिंग क्लर्क संजीव चौहान व संदीप आदि मौजूद रहे।

# 4.12 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली भगवानपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान सिकरोड़ा रोड क्षेत्र से एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 4.12 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई।

जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुलफाम पुत्र ईनाम, निवासी ग्राम मक्खनपुर, थाना भगवानपुर, जनपद हरिद्वार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जनपद में नशे के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम: उपनिरीक्षक मुकेश नोटियाल, कांस्टेबल राहुल कुमार, रविन्द्र राणा शामिल रहे।

# मंगलौर क्षेत्र में बिना परमिशन के बाग से काटे गए दर्जन हरे पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के मंगलौर कस्बे में राजवहा के पास स्थित एक आम के बाग में बड़ी संख्या में हरे-भरे पेड़ों के कटान का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार बाग में करीब 10 आम के पेड़ों पर आरी चलाई जा चुकी है, जबकि अन्य पेड़ों को काटने की तैयारी की जा रही है।

बताया जा रहा है कि मौके पर पहुंचे उद्यान विभाग के अधिकारियों ने भी स्वीकार किया कि पेड़ों में किसी प्रकार की बीमारी नहीं है और सभी पेड़ हरे-भरे हैं। इसके बावजूद पेड़ों के कटान को लेकर क्षेत्र में सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय



नागरिकों का कहना है कि बिना स्पष्ट अनुमति और कारण के इस प्रकार हरे पेड़ों का कटान पर्यावरण के लिए गंभीर चिंता का विषय है। मामले में उद्यान अधिकारी प्रताप सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन उठाना भी मुंसिफ नहीं समझा। क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभागों से पूरे प्रकरण की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि अनावश्यक रूप से हरे-भरे पेड़ों की कटाई रोकी जा सके।

# भगवानपुर में जाम से थमी रफ्तार, घंटों जूझती रही पब्लिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर कस्बे में सोमवार को यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। मुख्य बाजार से लेकर सर्विस मार्ग और इमली खेड़ा रोड तक घंटों जाम की स्थिति बनी रही, जिससे वाहन चालकों और आम राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।थानाध्यक्ष ने कहा कि कस्बे में वाहनों का दबाव बढ़ने से जाम की स्थिति बनी थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर वाहनों को कतारबद्ध तरीके से निकलवाकर मार्ग को सुचारू कराया है। यातायात व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने के प्रयास जारी हैं।

**गन्ना समिति द्वारा यूरिया खाद का वितरण शुरू : रुड़की।** गन्ना विकास समिति में पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद पहुंच गया है। समिति ने किसानों को खाद बांटनी शुरू कर दी है। इस समय किसान गन्ने की फसल की बुवाई में जुटे हैं। किसानों की ओर से इस समय बसंतकालीन करने की बुवाई का कार्य किया जा रहा है। लेकिन दो दिन पहले गन्ना समिति पर यूरिया खाद समाप्त हो गई थी। जिस पर गन्ना विकास समिति के विशेष सचिव सूरजभान सिंह ने इसके लिए विभाग को 10 हजार यूरिया बोरे के लिए डिमांड भेज दी थी।

# सिद्ध पीठ लाल माता वैष्णो मंदिर में 108 कन्या पूजन व भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** सिद्ध पीठ लाल माता वैष्णो देवी मंदिर हरिद्वार द्वारा श्री माता लाल देवी जी के 103वें अवतरण दिवस के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधि-विधान से 108 कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद एवं भंडारा वितरित किया गया। मंदिर के संचालक भक्त दुर्गा दास ने बताया कि इस गांव से माता जी का विशेष स्नेह रहा है। यहां के भक्त माता जी के अनन्य अनुयायी रहे हैं और माता जी का यहां निरंतर आगमन होता रहा। तभी से प्रत्येक वर्ष अवतरण दिवस



पर यहां भंडारे की परंपरा निभाई जा रही है। कार्यक्रम में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और संत-महात्माओं के सान्निध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। हरिद्वार से पधारे साधु-संतों की गरिमामयी उपस्थिति में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।

# बाजार में युवक से मारपीट का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** धनौरी बाजार में एक युवक के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हो रहा जो धनौरी बाजार का बताया जा रहा है। जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि कुछ युवक एक युवक को दुकान से बाहर निकलते ही सड़क पर घेर लेते हैं और उसके साथ हाथापाई करने लगते हैं। इस दौरान आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहते हैं।सूत्रों के अनुसार मंगलवार को धनौरी के जस्वावाला गांव से एक बारात भोगपुर गांव गई थी। बताया जा रहा है कि बारात के दौरान किसी बात को लेकर दोनों गांवों के युवकों के बीच कहासुनी हो गई थी। उस समय मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था। लेकिन बाद में धनौरी बाजार में मारपीट की घटना सामने आई हैं।फिलहाल पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान मे जुटी है। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर हुआ

# नवनियुक्त पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में महिला मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, किसान मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को दायित्व मिलने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संगठन की एकजुटता, निष्ठा और अंत्योदय के संकल्प को दोहराते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह, जिला महामंत्री अक्षय प्रताप सिंह एवं सागर गोयल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नेताओं ने अंत्योदय के लक्ष्य को दोहराते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही संगठन का मूल उद्देश्य है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर निरंतर सक्रिय रहना होगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता की निष्ठा और संगठन की एकता ही विजय का सबसे मजबूत आधार है। कार्यक्रम में अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष नीटू सिंह मड़ावर,



महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलकमल शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुदेश चौधरी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल मुल्तानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों के सफल कार्यकाल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नगर पंचायत में कूड़ा इकट्ठा करने को दुकानदारों को बांटी प्लास्टिक बाल्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** नगर पंचायत झबरेड़ा की ओर से कस्बे में स्थित सभी दुकानों व घरों से कूड़ा इकट्ठा करने के लिए प्लास्टिक की बाल्टिया कस्बे वासियों को दी गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी का कहना है कि कस्बे की साफ सफाई रखने के लिए सभी कस्बे वासियों के सहयोग की आवश्यकता है।

नगर पंचायत झबरेड़ा अध्यक्ष किरण चौधरी ने कहा कि कस्बे को साफ स्वच्छ रखना नगर पंचायत के साथ साथ सभी कस्बे वासियों का सहयोग आवश्यक है। वर्तमान में कस्बे में सुबह-शाम दो समय पर्यावरण मित्र झाड़ू लगाने के साथ-साथ ट्रैक्टर ट्रालियों में कूड़ा उठाने का काम भी करते हैं। कस्बे में जहां पर गलियों की चौड़ाई कम है वहां पर छोटे वाहन द्वारा कूड़ा उठाए जाने का काम किया जाता है ।उनका साफ कहना है कि साफ सफाई के मामले में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। कस्बे में कुछ स्थान ऐसे भी है जहां से ट्रैक्टर ट्रालियों द्वारा कूड़ा उठाने जाने के कुछ ही देर बाद वहां पर कूड़ा डाल दिया जाता है यह ठीक नहीं है। सभी कस्बे वासियों को कस्बे की साफ सफाई रखने में अपना सहयोग देना चाहिए। उन्होंने कहा कस्बे की सभी दुकानों व सभी घरों में नगर पंचायत की ओर से इसीलिए बाल्टिया दी जा रही है कि वह



अपने घरों में दुकानों का कूड़ा बाल्टियों में इकट्ठा कर ले तथा कूड़े से भरी उस बाल्टी को सुबह शाम किसी भी समय अपने घर व दुकान के बाहर रख दें ।जिससे समय रहते सफाई कर्मी बाल्टी में भरे कूड़े को ट्रैक्टर ट्राली द्वारा वहां से उठा कर ले जाए ।सभी दुकानदारों व कस्बे वासियों को कस्बे की स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए ।सफाई होने से ही सवस्थ जीवन की कल्पना की जा सकती है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 26 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कब रुकेंगे ट्रम्प

भारतीय समय के अनुसार बुधवार सुबह अमेरिकी संसद में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भाषण दिया। इस भाषण को स्टेट ऑफ द यूनियन स्पीच कहा जाता है। 1 घंटा 50 मिनट दिए अपने भाषण में ट्रम्प ने एक बार फिर भारत-पाक जंग रुकवाने का राग अलापा। जो लोग ट्रम्प के इस दावे को जानते हैं, उनके अनुसार ऐसा दावा वह सौ से अधिक बार कर चुके हैं। जहां तक बात भारत की है, भारत अभी भी यही कहता रहा है कि किसी तीसरे पक्ष का पाक के साथ संघर्ष विराम को लेकर कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन ट्रम्प हैं जब कोई भी मौका हो यह दावा करने से नहीं चूकते कि उन्होंने दुनिया में कई जंगें रुकवाईं और विशेष रूप से वह भारत-पाक छिड़े संघर्ष का जिक्र करने से नहीं चूकते और अब तो वह खुलकर नाम लेकर यह भी कहते हैं कि उनकी इस पहल के चलते करीब 3.5 करोड़ लोग काल का ग्रास बनने से बच गए। उनकी नजर में यह युद्ध परमाणु युद्ध के मुहाने पर पहुंच गया था और बहुत बड़ी तबाही ला सकता था। पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी ट्रम्प की हां में हां मिलाते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन भारत दुविधा में है। सवाल यह नहीं है कि ट्रम्प क्या दावा कर रहे हैं, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि हम ट्रम्प के दावे को उस तरह नहीं नकार पा रहे हैं जिस तरह की भाषा ट्रम्प समझ सकते हैं। देश के अंदर तमाम विरोधी राजनीतिक दल पीएम मोदी से कई बार गुहार लगा चुके हैं कि वह ट्रम्प के इन दावों को कड़ी प्रतिक्रिया दें, लेकिन पीएम मोदी की तरफ से कभी ट्रम्प को लेकर कड़ा रुख देखने में नहीं आया। इससे संशय आज तक बना हुआ है कि आखिर वास्तविकता क्या है। पता नहीं यह स्थिति भारत की तरफ से कब साफ होगी, लेकिन इस तरह की बातों से देश की छवि जरूर प्रभावित होती है। यूं तो ट्रम्प अपने बड़बोलेपन के लिए जाने जाते हैं और ऐसे में उनकी बातों को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया जा सकता, लेकिन साथ-साथ यह भी धारणा बनती है कि अमेरिका जैसे देश का शक्तिशाली राष्ट्रपति ऐसे ही हवा में अपनी बातों को नहीं कहेगा। इसलिए सच देश की जनता के सामने आना ही चाहिए, ताकि इस तरह की बातों पर विराम लग सके। भारत-पाक ही नहीं बल्कि वह तो सोमालिया, इजरायल, फलस्तीन, सीरिया जैसी जगहों पर भी जंग रुकवाने की बात करते हैं। वैसे देखा जाए तो जंग रुकवाना कोई बुरी बात नहीं है और यदि कोई भी इस तरह की बातों में अपना योगदान देता है, तो यह अच्छी ही बात है और इसमें किसी को आपत्ति भी नहीं होनी चाहिए, लेकिन बात तब बिगड़ जाती है जब किसी दावे के पीछे अपना अच्छा काम बताना मकसद न होकर राजनीतिक एजेंडा सामने रखना हो, जोकि डोनाल्ड ट्रम्प के कथन में देखा जाता है। ट्रम्प को भी समझना होगा कि इस तरह की बातों से द्विपक्षीय संबंधों पर प्रभाव पड़ता है, जो न अमेरिका के हित में है और न ही भारत के।

## दीपक जैसे युवा साहस की राह दिखाते हैं



नफरत फैलाने वालों से डरने की बजाय सद्भाव का माहौल कायम रखते हुए साहस दिखाकर देशभक्ति का परिचय देना चाहिए, सद्भाव तथा मोहब्बत की विचारधारा असंख्य देशवा. सियों में है, लेकिन मन में भय होता है और दीपक जैसे युवा उन्हें साहस की राह दिखाते हैं, समाज में जो नफरत फैलाते हैं, उनसे डरना नहीं चाहिए, बल्कि साहस से खड़ा होने की जरूरत है, यही सबसे बड़ी देशभक्ति है, करोड़ों भारतीयों के दिलों में सद्भाव और मोहब्बत की विचारधारा है, मगर मन में भय भी है, मोहम्मद दीपक ने उन सभी को अपने साहस से राह दिखाई है, जो लोग नफरत फैलाकर समाज को डराने की कोशिश करते हैं, वो दरअसल कायर होते हैं, उनसे कभी भी डरो मत।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# भारत के विमानन क्षेत्र को सुरक्षित कैसे बनाया जाए



**रजनीश कपूर**



हाल ही में निजी चार्टर विमानन कंपनियों से जुड़ी विमान दुर्घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर दिया है। महाराष्ट्र के बरा. मती में 28 जनवरी 2026 को एक निजी चार्टर कंपनी के लीअरजेट क्रैश में पांच लोगों की मौत, जिसमें उप-मुख्यमंत्री अजित पवार शामिल थे, ने निजी चार्टर क्षेत्र की कमियों को उजागर कर दिया है। इसी तरह कुछ दिन पहले झारखंड में एयर एम्बुलेंस क्रैश और अंडमान में हेलीकॉप्टर हादसे ने भी कई सवाल खड़े किए हैं कि आखिर नॉन-स्केडडूल्ड ऑपरेटर्स परमिट NSOP धारक कंपनियां सुरक्षा मानकों की अनदेखी क्यों कर रही हैं?

जहां एक ओर भारत में निजी चार्टर विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है, वहीं इस क्षेत्र में सुरक्षा मानकों का पालन ठीक से नहीं हो रहा। डीजीसीए की ऑडिट में पाया गया कि एक निजी चार्टर कंपनी में एयरवर्थिनेस, फ्लाइट ऑपरेशंस और मेंटेनेंस में गंभीर उल्लंघन थे, जिसके चलते चार विमान ग्राउंड कर दिए गए। गौरतलब है कि पिछले एक दशक में 20 से अधिक दुर्घटनाएं NSOP ऑपरेटर्स से जुड़ी पाई गईं, जिनकी मुख्य वजहें स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स का पालन न करना, अपर्याप्त फ्लाइट प्लानिंग और ट्रेनिंग की कमी रही हैं। उल्लेखनीय है कि प्राइवेट चार्टर कंपनियों द्वारा पुराने विमानों का रखरखाव न करना, फ्यूल लॉग्स में हेरफेर और अनधिकृत उड़ानें आम हैं। जाहिर सी बात है कि ऐसी खामियां व्यावसायिक दबाव के कारण ही होती हैं। अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन ICAO संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है जो 193 देशों को आपसी सहयोग और साझा हवाई परिवहन के माध्यम से पारस्परिक लाभ प्राप्त करने में मदद करती है। भारत में भी निजी चार्टर कंपनियां ICAO और डीजीसीए दिशानिर्देशों पर आधारित हैं। लेकिन अफसोस की बात है कि इनका पूर्ण अनुपालन नहीं होता। क्योंकि इस क्षेत्र में काफी विविधता है, कॉर्पोरेट ट्रैवल से लेकर पर्यटन तक। ऑपरेटर्स न्यूनतम अनुपालन पर ही टिके रहते हैं, जबकि इन कंपनियों से भी शेड्यूल्ड एयरलाइंस जैसे उच्च मानक अपेक्षित हैं। सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टमप्रक्रियागत है, न कि भविष्यवाणी करने वाला, परंतु देखा गया है कि डीजीसीए की कमजोर निगरानी के कारण निजी चार्टर ऑपरेटर्स स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स को बड़े आराम से नजरअंदाज कर देते हैं, खासकर घने कोहरे या खराब मौसम में। जानकारों की मानें तो डीजीसीए में बढ़ता हुआ भ्रष्टाचार सुरक्षा मानदंडों को कमजोर कर रहा है। हाल ही में कैप्टन अनिल गिल जैसे वरिष्ठ अधिकारी पर उड़ान प्रशिक्षण संगठनों FTOs से रिश्वत लेने के आरोप लगे, जिसमें विमान सस्ते में लेना और ऑडिट में छूट देना शामिल था। पुराने मामलों में भी जॉइंट डायरेक्टर जनरल के पदों पर तैनात अधिकारियों पर फ्लाइंग स्कूलों को अनियमित एक्सटेंशन देने के आरोप सिद्ध हुए। यह भ्रष्टाचार सुरक्षा उल्लंघनों को बढ़ावा देता है, क्योंकि ऑपरेटर्स रिश्वत देकर मानक टाल देते हैं। जिससे विमान यात्रा और यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है।

गौरतलब है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन डीजीसीए में 50 प्रतिशत से अधिक स्टाफ की कमी है। डीजीसीए में 1630 पदों पर केवल 829 ही भरे हैं। इनमें एयरवर्थिनेस विंग में 44 और एयर सेफ्टी विंग में 30 वैकेंसी हैं। इन सबका कारण स्पष्ट है, स्वायत्तता की कमी, जो निर्णय लेने में देरी करती है। वहीं संघ लोक सेवा आयोग व स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा भर्ती में देरी, आकर्षक वेतन का न होना और विशेषज्ञ पायलट/इंस्पेक्टर्स का न मिलना भी एक अहम कारण है। दूसरी ओर कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ पर निर्भरता जवाबदेही को घटाती है, जिससे निगरानी कमजोर पड़ती है। विदेशों की तरह भारत में भी निजी चार्टर क्षेत्र को सुरक्षित बनाने के लिए 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनानी होगी। हाल ही के हादसों के बाद डीजीसीए ने कमर कसी और NSOP ऑपरेटर्स के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं। जैसे कि वेबसाइट पर विमान, पायलट डिटेल्स और सेफ्टी रैंकिंग अनिवार्य करनाय कॉकपिट वॉइस रिकॉर्डर/फ्लाइट डेटा का ऑडिट बढ़ानाय पायलटों को सुरक्षा आधार पर फ्लाइट कैंसल करने का पूर्ण अधिकार देना। पुराने विमानों पर सख्त जांच करना, मैनेजमेंट की व्यक्तिगत जिम्मेदारी और लाइसेंस सस्पेंशन जैसे कदम उठाना। मानकीकृत नियमों को एयरलाइंस स्तर का बनाना, फ्लाइट डेटा मॉनिटरिंग अनिवार्य करना। यह 'कड़े' नियम यदि सख्ती से लागू किए जाएं तो शायद ही कोई निजी चार्टर कंपनी इस क्षेत्र में बनी रह पाएगी। यहां पर एक अहम सवाल यह भी उठता है कि क्या डीजीसीए के पास इन नियमों को लागू करवाने के लिए योग्य और अनुभवी विशेषज्ञ हैं? इसका उत्तर है 'नहीं'। कल्पना कीजिए कि यदि किसी विमान हादसे या विमान कंपनी द्वारा की जी अनियमितता की जांच डीजीसीए का कोई ऐसा अधिकारी करे जिसे प्रशासन चलाने का अनुभव तो हो परंतु एविएशन उद्योग का अनुभव न के बराबर हो। जो व्यक्ति किसी अन्य मंत्रालय से स्थानांतरण हो कर आया हो वो इस संवेदनशील क्षेत्र के बारे में क्या ही जानता होगा? नतीजतन योग्यता के ऊपर भ्रष्टाचार हावी हो जाएगा। इसलिए सरकार को इस बात पर विचार करना चाहिए कि डीजीसीए को स्वायत्त भर्ती अधिकार दिए जाएं। विशेषज्ञों के लिए बाजार-आधारित वेतन और ट्रेनिंग प्रदान की जाए। भ्रष्टाचार रोकने के लिए सीबीआई जैसी एजेंसियों से सतत जांच और व्हिसलब्लोअर की सुरक्षा सुनिश्चित करें।भारत का विमानन क्षेत्र दुनिया का सबसे तेज बढ़ने वाला क्षेत्र है, लेकिन अभी भी निजी चार्टर में सुरक्षा की लापरवाही घातक साबित हो रही है। सरकार, डीजीसीए और ऑपरेटर्स मिलकर सुधार करें तो ही यात्रियों का भरोसा बहाल हो सकेगा। भ्रष्टाचार मुक्त, विशेषज्ञों से लैस डीजीसीए और कड़े अनुपालन से नागरिक उड्डयन क्षेत्र सुरक्षित बनेगा। समय रहते कदम उठाएं, वरना और हादसे होंगे और पूरी दुनिया के आगे भारत शर्मसार होता रहेगा।

गौरतलब है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन डीजीसीए में 50 प्रतिशत से अधिक स्टाफ की कमी है। डीजीसीए में 1630 पदों पर केवल 829 ही भरे हैं। इनमें एयरवर्थिनेस विंग में 44 और एयर सेफ्टी विंग में 30 वैकेंसी हैं। इन सबका कारण स्पष्ट है, स्वायत्तता की कमी, जो निर्णय लेने में देरी करती है। वहीं संघ लोक सेवा आयोग व स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा भर्ती में देरी, आकर्षक वेतन का न होना और विशेषज्ञ पायलट/इंस्पेक्टर्स का न मिलना भी एक अहम कारण है। दूसरी ओर कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ पर निर्भरता जवाबदेही को घटाती है, जिससे निगरानी कमजोर पड़ती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राजमाची किले में समाया है अपना अनूठा इतिहास

**राजमाची के आस-पास का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक है। यहां की हरियाली, पहाड़ियां और आसपास की नदियां इस स्थान को और भी खूबसूरत बनाती हैं। खासकर मानसून के दौरान, जब यहां की घाटियां हरियाली से भर जाती हैं, तो यह .श्य देखने लायक होता है। राजमाची से आपको आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों और वन्यजीवों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। राजमाची ट्रेकिंग के लिए एक लोकप्रिय स्थान है। यहां के ट्रेक मार्ग प्राकृतिक सौंदर्य से भरे हुए हैं और यह अनुभवियों के लिए एक चुनौती प्रस्तुत करते हैं।**

राजमाची, महाराष्ट्र के लोनावला क्षेत्र में स्थित एक प्रसिद्ध किला है। यह किला समुद्र तल से लगभग 2,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और यहां से चारों ओर का दृश्य अद्भुत होता है। राजमाची किला न केवल अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है, बल्कि यह साहसिकता प्रेमियों के लिए भी एक आदर्श गंतव्य है।



**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

राजमाची का किला भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसे छत्रपति शिवाजी महाराज के समय में बनाया गया था और इसका उद्देश्य इस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। किले के भीतर कई प्राचीन मंदिर और संरचनाएं हैं, जो उस समय की स्थापत्य कला को दर्शाती हैं। यहां की दीवारें और दरवाजे आज भी अपने ऐतिहासिक महत्व को जीवित रखते हैं।

**प्राकृतिक सौंदर्य**

राजमाची के आस-पास का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक है। यहां की हरियाली, पहाड़ियां और आसपास की नदियां इस स्थान को और भी खूबसूरत बनाती हैं। खासकर मानसून के दौरान, जब यहां की घाटियां हरियाली से भर जाती हैं, तो यह .श्य देखने लायक होता है। राजमाची से आपको आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों और वन्यजीवों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है।

**साहसिक गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**- राजमाची ट्रेकिंग के लिए एक लोकप्रिय स्थान है। यहां के ट्रेक मार्ग प्राकृतिक सौंदर्य से भरे हुए हैं और यह अनुभवियों के लिए एक चुनौती प्रस्तुत करते हैं। ट्रेकिंग करते समय आप ठंडी हवा और हरे-भरे वातावरण का आनंद ले सकते हैं।

**कैंपिंग**- किले के पास कैंपिंग करने का अनुभव भी बहुत रोमांचक है। यहां आप रात में तारे देख सकते हैं और प्राकृतिक वातावरण में रात बिताने का मजा ले सकते हैं।

**बोटिंग**- राजमाची के नजदीक स्थित भोर घाटी में बोटिंग का आनंद भी लिया जा सकता है, जो एक अलग अनुभव प्रदान करता है।

**यात्रा का सबसे अच्छा समय**

राजमाची जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च के बीच है। इस दौरान मौसम ठंडा और च्समेंदज रहता है। मानसून में भी यहां का .श्य अद्भुत होता है, लेकिन ट्रैकिंग के दौरान सावधानी बरतनी चाहिए। राजमाची एक ऐसा स्थल है जो साहसिकता और इतिहास का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक महत्व, और रोमांचक गति. विधियां इसे एक अनोखा पर्यटन स्थल बनाती हैं। अगर आप प्रकृति के साथ-साथ इतिहास का आनंद लेना चाहते हैं, तो राजमाची आपकी यात्रा सूची में अवश्य होना चाहिए। यहां का अनुभव आपको हमेशा याद रहेगा। **...साभार प्रभा**

# नफरत के सौदागरों को शांतिप्रिय जनता का जवाब

**निर्मल रानी**



देश में धर्म व जाति के नाम पर नफरत परोसने का जो एक नियोजित षड्यंत्र रचा गया है और नाकारे नेताओं,सत्ता व मीडिया द्वारा देश को नफरत की आग में झोकने का जो दुष्प्रयास किया जा रहा है,ऐसा लगता है कि इन निखट्टुओं के साम्प्रदायिक एजेंडों को अब तक तमाशाई बनकर देखते रहने व इन पर चुप रहने वाली जनता अब इनकी नफरत का जवाब प्रेम,सद्भाव व भाईचारे से देने लगी है। पिछले कुछ ही दिनों में देश के अलग अलग राज्यों से ऐसे कई समाचार आए जिनसे यह पता चलता है कि देश के अमन पसंद लोग अब मूक दर्शक बनकर साम्प्रदायिक वैमनस्य को बढ़ता हुआ देखने के बजाए प्यार और मुहब्बत की मशाल जलाकर नफरत के स्याह अंधेरे को भागने की कोशिश करने लगे हैं। पिछले दिनों राजस्थान के टोंक जिले से ऐसी ही एक खबर आई। यहां निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव के एक मंदिर परिसर में गत 22 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी के एक पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सांसद जौनपुरिया लोगों को 28 फरवरी को अजमेर आने के लिए आमंत्रित कर रहे थे। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर दौरे पर रहेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के इसी दौरे को सफल बनाने के लिए राजस्थान सरकार, प्रशासन और भाजपा संगठन पूरी तरह जुटा हुआ है। इसी उद्देश्य से राज्य भर में तरह तरह के छोटे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। टोंक जिले के निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव में पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा था परन्तु नफरती संगठन में राजनीति करने वाले पूर्व सांसद जौनपुरिया द्वारा इसी कार्यक्रम में नफरत की वह भाषा बोली गई जिसने इस इलाके में पूर्व सांसद की ही फजीहत करवा दी। कंबल बांटते समय उन्होंने भीड़ में बैठी एक महिला से उसका नाम पूछा, जब गरीब बुजुर्ग महिला ने अपना नाम शकूरन बानो बताया तो यह नाम सुनकर जौनपुरिया ने बड़े ही नफरती अंदाज से कहा-हट एक तरफ, कंबल यहीं छोड़ दे और बाद में उन्होंने अपने सहयोगी को कहा इसे कंबल मत दे। साथ ही वे यह भी बोले, जो मोदी को गाली देता है, उसे कंबल लेने का हक नहीं। जौनपुरिया की इस अभद्र भाषा का वीडिओ वायरल होने के बाद इस इलाके में जौनपुरिया का विरोध होना शुरू हो गया। यह विरोध इस हद तक हुआ कि गांव के जिन हिन्दू परिवारों को कंबल मिला था उन्होंने भी मुस्लिम महिलाओं के साथ एकजुटता दिखाने हेतु अपने अपने कंबल वापस कर दिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तो इसी गांव में मुस्लिम महिलाओं को कंबल बांटे और गांव वालों ने उस नफरती पूर्व सांसद का पुतला भी फूंका। नफरत का जवाब मोहब्बत से देने हेतु अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा 24 फरवरी को टोंक में सभी धर्मों की महिलाओं को समान रूप से कंबल बांटे जाने की भी खबर आई।

पिछले दिनों राजस्थान के टोंक जिले से ऐसी ही एक खबर आई। यहां निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव के एक मंदिर परिसर में गत 22 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी के एक पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सांसद जौनपुरिया लोगों को 28 फरवरी को अजमेर आने के लिए आमंत्रित कर रहे थे। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर दौरे पर रहेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के इसी दौरे को सफल बनाने के लिए राजस्थान सरकार, प्रशासन और भाजपा संगठन पूरी तरह जुटा हुआ है। इसी उद्देश्य से राज्य भर में तरह तरह के छोटे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। टोंक जिले के निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव में पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा था परन्तु नफरती संगठन में राजनीति करने वाले पूर्व सांसद जौनपुरिया द्वारा इसी कार्यक्रम में नफरत की वह भाषा बोली गई जिसने इस इलाके में पूर्व सांसद की ही फजीहत करवा दी।

नफरत के बदले प्यार और मुहब्बत बांटने का ऐसा ही एक अन्य उदाहरण गत दिवस लखनऊ विश्वविद्यालय में भी देखने को मिला। पवित्र रमजान माह के दौरान विश्वविद्यालय में स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक लाल बारादरी परिसर में मौजूद पुरानी मस्जिद के गेट को विश्वविद्यालय प्रशासन ने सुरक्षा कारण बता कर सील कर दिया और इस जगह भारी बैरिकेडिंग लगा दी। इसी मुगल कालीन मस्जिद में दशकों से लखनऊ विश्वविद्यालय के मुस्लिम छात्र नमाज अदा करते आ रहे हैं। प्रशासन ने इसे पुरानी इमारत बताकर व सुरक्षा के जोखिम का हवाला देकर इसे अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर दिया। इसके बाद जब मुस्लिम छात्रों को नमाज अदा करने हेतु मस्जिद के अंदर जाने से रोका गया, तो उन्होंने मजबूरीवश मस्जिद के बाहर खुले स्थान पर ही नमाज अदा की। इस दौरान विश्वविद्यालय के हिंदू छात्रों द्वारा मानव श्रंखला बनाई गई। छात्रों ने एक दूसरे का हाथ पकड़कर गंगा-जमुनी तहजीब और सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल पेश की। हिंदू छात्र नमाज पढ़ रहे अपने मुस्लिम साथियों के चारों ओर सुरक्षा कवच बनकर इसलिए खड़े हो गए ताकि कोई नमाज में व्यवधान उत्पन्न न कर सके और नमाज शांति तरीके से पूरी हो सके। इतना ही नहीं बल्कि साम्प्रदायिक शक्तियों के विरुद्ध इन्हीं हिन्दू छात्रों ने प्रदर्शन किया तथा हिन्दू मुस्लिम एकता का संदेश भी दिया।

दरअसल साम्प्रदायिक शक्तियों को खदेड़ने की शुरुआत उत्तराखंड के कोटद्वार से गत 26 जनवरी को उस समय शुरू हुई जबकि बजरंग दल के सदस्यों ने वकील अहमद नाम के एक 70 वर्षीय बुजुर्ग मुस्लिम की बाबा स्कूल ड्रेस नाम की दुकान के नाम को लेकर विवाद खड़ा किया। बजरंग दल के लोग दुकान का नाम बदलने की धमकी दे रहे थे। उनका कहना था कि श्बाबा स्कूल ड्रेसश का नाम स्थानीय हनुमान मंदिर सिद्धबली बाबा से मिलता-जुलता था। इसी विवाद के बीच दीपक कुमार कश्यप अपने दोस्त विजय रावत के साथ वहां जा पहुंचे। दीपक उत्तराखंड कोटद्वार में ही एक जिम ट्रेनर हैं। वे यहां अपना जिम चलाते हैं तथा युवक युवतियों को बॉडी बिल्डिंग और फिटनेस की ट्रेनिंग देते हैं। दीपक ने ही उन्मादी भीड़ से बुजुर्ग मुस्लिम का बीच-बचाव करते हुए अपना नाम श्मोहम्मद दीपकश बताया और साम्प्रदायिक एकता व सद्भाव का संदेश दिया। हालांकि इसके बाद दीपक को मुकदमे से लेकर अपनी जिम की सदस्यता घटने तक के हालात का सामना करना पड़ा। उन्हें बजरंग दल समर्थकों से धमकियां मिलीं व उनके विरुद्ध विरोध प्रदर्शन भी हुए। परन्तु उनका यही कहना था कि ष्मैं हिंदू नहीं, मुसलमान नहीं, सिख नहीं, ईसाई नहींकृसबसे पहले इंसान हूं। मरने के बाद भगवान और इंसानियत को जवाब दूंगा। यहां तक कि पुलिस ने दीपक के विरुद्ध सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में प्राथमिकी भी दर्ज की परन्तु दीपक की हिम्मत व उनके बुलंद हौसले ने उन्हें पूरे देश व दुनिया में साम्प्रदायिक सद्भाव के सच्चे प्रतिनिधि के रूप में शो. हरत दिला दी। राहुल गांधी सहित अनेक विशिष्ट लोगों ने मुहम्मद दीपक व उनके साथी विजय रावत से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई की। और इसी कोटद्वार की घटना के बाद देश में कई स्थानों से ऐसी खबरें सुनाई दे रही हैं जहां प्रेम व सद्भाव की बातें करने वालों के द्वारा नफरती चिंटुओं को खदेड़ा जा रहा है और शांतिप्रिय जनता द्वारा नफरत के सौदागरों के नफरती एजेंडे का जवाब प्रेम, सद्भाव व भाईचारे से दिया जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



**गुवाहाटी। होली के त्योहार से पहले पानी की बंदूकें और अन्य सामान बेचता दुकानदार।**

## अमेरिकी दूतों से मिलेगा यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल, जेलेंस्की ने की पुष्टि

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि उनके देश का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को अमेरिकी दूतों से मुलाकात करेगा। यह मुलाकात रूस के साथ होने वाली एक और त्रिपक्षीय वार्ता से पहले होगी। जेलेंस्की ने आज पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूत स्टीव विटकाफ और ट्रम्प के दामाद जरेड कुशनर से बातचीत करेंगे। उमेरोव की प्रेस सचिव डायना दावित्यान ने कहा कि यह बैठक जिनेवा में होगी। स्विट्जरलैंड का शहर जिनेवा उसी दिन अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु मुद्दे पर होने वाली वार्ता की भी मेजबानी करेगा।

# भारतीय सोलर पैनल पर अमेरिका ने 126% ड्यूटी लगाई

## कहा: चीन भारत के जरिये भेज रहा सस्ते प्रोडक्ट, लाओस व इंडोनेशिया पर भी लगा टैक्स

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत से आने वाले सोलर पैनलों और सेल पर 126 प्रतिशत की शुरुआती ड्यूटी लगा दी है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग का कहना है कि भारत अपने मैन्युफैक्चरर्स को गलत तरीके से सब्सिडी दे रहा है, जिससे अमेरिकी घरेलू कंपनियों को नुकसान हो रहा है। भारत के अलावा लाओस और इंडोनेशिया पर भी 81 प्रतिशत से 143 प्रतिशत तक की लेवी लगाई गई है। शुरुआती जांच के आधार पर यह फैसला लिया गया है।



**■ भारत के अलावा लाओस और इंडोनेशिया पर भी 81 प्रतिशत से 143 प्रतिशत तक की लेवी लगाई गई है**

जांच पर अंतिम फैसला 6 जुलाई को आएगा। यानी सब्सिडी की बात साबित हो जाती है, तो यह टैक्स स्थाई हो जाएगा। इस फैसले से भारतीय सोलर एक्सपोर्टर्स के लिए अमेरिकी बाजार में टिकना मुश्किल हो सकता है। 126 प्रतिशत ड्यूटी लगने का मतलब है कि इन पैनलों की कीमत अमेरिका में दोगुनी से भी ज्यादा हो जाएगी। ऐसे में अमेरिकी खरीदार भारतीय माल के बजाय लोकल कंपनियों या अन्य देशों से पैनल खरीदना पसंद करेंगे क्योंकि भारतीय प्रोडक्ट अब काम्पिटिशन से बाहर हो जाएंगे। यह टैक्स उन 10 प्रतिशत ग्लोबल टैरिफ से अलग है, जिसकी घोषणा ट्रम्प ने हाल ही में की थी। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते ट्रम्प के पुराने टैरिफ प्लान को रद्द कर दिया था जिसके बाद उन्होंने नए सिरे से टैरिफ लगाए थे। अब इस नए फैसले ने इंडस्ट्री की चिंता बढ़ा दी है। ब्लूमबर्ग एनईएफ के के मुताबिक, 2025 की पहली छमाही में अमेरिका में होने वाले कुल सोलर माडयूल आयात का 57 प्रतिशत हिस्सा भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आया था। भारतीय एक्सपोर्ट की बात करें तो 2024 में अमेरिका को 792.6 मिलियन डालर (करीब 7200 करोड़ रुपये) के सोलर उत्पाद भेजे गए थे, जो 2022 की तुलना में 9 गुना ज्यादा है। अमेरिकी सोलर मैन्युफैक्चरर्स का आरोप है कि चीनी कंपनियां अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए भारत, इंडोनेशिया और लाओस जैसे देशों के रास्ते अपना माल भेज रही हैं। पहले चीन ने वियतनाम, मलेशिया और थाईलैंड का इस्तेमाल किया था, लेकिन जब वहां सख्ती हुई तो उन्होंने भारत और अन्य एशियाई देशों में प्रोडक्शन शिफ्ट कर दिया। सिटीग्रुप इंक के एनालिस्ट विक्रम बागरी का कहना है कि इतनी ऊंचे टैरिफ लगने के बाद अमेरिकी बाजार अब भारतीय सोलर मैन्युफैक्चरर्स के लिए लगभग बंद हो जाएगा। अमेरिकी सोलर ग्रुप 'अलायंस फार अमेरिकन सोलर मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड' ने वाणिज्य विभाग से सब्सिडी की जांच करने की अपील की थी। ग्रुप का कहना था कि अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग को बचाने के लिए यह जांच जरूरी है। उन्होंने अब टैरिफ के इस फैसले का स्वागत किया है। अलायंस के मुख्य वकील टिम ब्राइटबिल ने कहा कि आज का फैसला अमेरिकी सोलर मार्केट में निष्पक्ष काम्पिटिशन को फिर से बहाल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने ये भीकहा कि अमेरिकी मैन्युफैक्चरर्स देश की क्षमता बढ़ाने और अच्छी नौकरियां पैदा करने के लिए अरबों डालर का निवेश कर रहे हैं। अगर गलत तरीके से आयात किए गए माल को मार्केट बिगाड़ने की अनुमति दी गई, तो यह निवेश कभी सफल नहीं हो पाएगा। अमेरिकी कामर्स डिपार्टमेंट सोलर सेल पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी की भी जांच कर रहा है। आरोप है कि भारत, इंडोनेशिया और लाओस की कंपनियां अमेरिका में अपने माल को लागत से भी कम कीमत पर बेच रही हैं।

# ट्रम्प 100वीं बार बोले: भारत-पाक जंग रुकवाई

## दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी, भारत दावे को हमेशा खारिज करता रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह संसद में भाषण दिया। साल की शुरुआत में संसद में प्रेसिडेंट के भाषण को 'स्टेट ऑफ द यूनियन' स्पीच कहा जाता है। ट्रम्प ने 1 घंटा 50 मिनट के भाषण में एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। ट्रम्प यह बात 100 से ज्यादा बार दोहरा चुके हैं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है।

अपने भाषण में ट्रम्प ने इजरायल-हमास के बीच गाजा सीजफायर को अपनी उपलब्धि कहा। वहीं वेनेजुएला पर कब्जे के करीब डेढ़ महीने बाद वहां तेल उत्पादन में बढ़ोतरी का दावा करते हुए उसे अमेरिका का नया दोस्त करार दिया। ट्रम्प ने ईरान को लेकर दावा किया कि अमेरिका ने पिछले साल जुलाई में हमला कर उसका न्यूक्लियर प्रोग्राम खत्म कर दिया था। साथ ही 28 दिसम्बर से 14 जनवरी के बीच महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 32 हजार प्रदर्शनकारियों को मारने का आरोप भी लगाया। ट्रम्प का भाषण खत्म होने पर रिपब्लिकन सांसदों ने खड़े होकर तालियां बजाई। वहीं, विपक्षी डेमोक्रेटिक सांसद अपनी जगहों पर बैठे रहे। ट्रम्प ने बताया कि ईरान अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइल बना सकता है। उन्होंने कहा ईरान ने पहले ही ऐसी मिसाइल बना ली हैं जो यूरोप और हमारे विदेशों में मौजूद ठिकानों के लिए खतरा हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम को खत्म दिया गया है। ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान जंग में 3.5 करोड़ मौतें रोकीं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है। ट्रम्प ने गाजा में इजरायल-हमास सीजफायर को कामयाब बताया, जिससे सभी इजरायली बंधक रिहा हो गए। ट्रम्प ने कहा कि महंगाई के लिए डेमोक्रेट्स जिम्मेदार हैं और उनकी नीतियों से कीमतें तेजी से नीचे आ रही हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका में तेल का प्रोडक्शन रोज करीब 6 लाख बैरल से ज्यादा बढ़ा है। ट्रम्प ने सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और नए 15 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ लागू करने की बात कही। ट्रम्प ने तेल और गैस उत्पादन बढ़ाने की बात की और वेनेजुएला को अमेरिका का नया दोस्त बताया। ट्रम्प के भाषण के दौरान डेमोक्रेटिक सांसद अल ग्रीन हाउस चैंबर से बाहर कर दिए गए। ग्रीन ने एक पोस्टर उठा रखा था, जिस पर लिखा था- ब्लैक पीपल आर नाट एप्स! (काले लोग बंदर नहीं होते हैं। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने जेफ्री एपस्टीन की पीड़ितों को राष्ट्रपति ट्रम्प के स्टेट ऑफ द यूनियन के भाषण में बुलाया। हालांकि, ट्रम्प ने एपस्टीन फाइल का एक बार भी जिक्र नहीं किया। कुछ डेमोक्रेटिक सांसदों ने विरोध जताने वाले अलग तरह के कपड़े या बैज पहने। मर्सी कैप्टर ने 'फाइलें जारी करो' लिखा हुआ एक पिन पहना था, जो जेफ्री एपस्टीन से जुड़ा है। सोमाली-अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसद इल्हान उमर ने चिल्लाते हुए कहा कि ट्रम्प, आपने अमेरिकियों को मार डाला है! ट्रम्प ने इसपर पलटवार करते हुए कहा कि आपको खुद पर शर्म आनी चाहिए। राष्ट्रपति ट्रम्प के सभी बच्चे उनके भाषण के दौरान गैलरी में मौजूद रहे। उनके साथ अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रम्प भी दिखी।



**■ कहा: गाजा सीजफायर बड़ी जीत, वेनेजुएला नया दोस्त, ईरान ने 32000 लोग मारे, उसका परमाणु कार्यक्रम तबाह किया**

## ईरान का पलटवार: ट्रम्प के दावों को किया खारिज

**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल शक्ति को लेकर गंभीर आरोप लगाये गये थे। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने वाशिंगटन के बयानों को 'एक के बाद एक बोला गया झूठ' करार दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिक्रिया देते हुए बघाई ने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम, बैलिस्टिक मिसाइलों और हालिया नागरिक अशांति में हताहतों की संख्या को लेकर अमेरिका जो कुछ भी कह रहा है, वह पूरी तरह मनगढ़ंत और 'बड़े झूठ' का दोहराव है। उन्होंने अमेरिका पर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया। इससे पहले ट्रंप ने कांग्रेस (संसद) में दिए एक भाषण में दोहराया कि वह ईरान के मुद्दे पर 'सभी विकल्प' खुले रख रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कूटनीति विफल रहती है, तो वह 'सीमित युद्ध' से भी पीछे नहीं हटेंगे। ट्रंप ने कहा कि हमारी नीति का मुख्य स्तंभ यह है कि हम ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे।

## आवामी लीग के नेताओं की जमानत पर वकीलों ने की बदसलूकी

**ढाका।** बांग्लादेश के बारिशाल जिले की एक अदालत में अवामी लीग के कई नेताओं को जमानत दी गई। इसके बाद कोर्ट परिसर में कुछ वकीलों ने जमकर बदसलूकी की। पेरिस स्थित अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन 'जस्टिस मेकर्स बांग्लादेश इन फ्रांस' (जेएमबीएफ) ने इस घटना की कड़ी आलोचना की है। संगठन ने इसे लोकतंत्र, कानून के शासन और न्यायपालिका की आजादी पर सीधा हमला बताया है। जेएमबीएफ का आरोप है कि विपक्षी पार्टी बीएनपी से जुड़े वकीलों का व्यवहार बेहद निंदनीय था। ये वकील जबरदस्ती कोर्टरूम में घुस गए और बेंच के साथ धक्का-मुक्की की। उन्होंने जज के साथ भी बुरा बर्ताव किया। वकील उन पर चिल्ला रहे थे और उनकी तरफ उंगली दिखाकर दबाव बना रहे थे। यह घटना मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट एस.एम. शरियत उल्लाह की अदालत में हुई। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष शाहनूर इस्लाम ने कहा कि यह घटना न्यायपालिका की गरिमा और सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि फैसले से असहमति होने पर ऊपरी अदालत में अपील करनी चाहिए। कोर्ट को युद्ध का मैदान बनाना गलत है।

## आतंकी संगठन जैश चैटजीपीटी क्लाउड-जैमिनी के खिलाफ

**■ जैश-लश्कर ने मदरसों में एआई इस्तेमाल के विरुद्ध फतवा जारी किया**
**■ कहा: इस्लाम की उदारवादी व्याख्या पसंद नहीं, छात्र मौलवियों से ही सवाल पूछें**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा ने अपने लगभग 5 हजार मदरसों में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स के खिलाफ फतवा जारी किया है। यहां पर लगभग 12 लाख छात्र पढ़ते हैं। दरअसल, ये एआई टूल्स जैसे चैटजीपीटी, क्लाउड, जैमिनी और ग्रोक इस्लाम धर्म से जुड़े सवालों के उदारवादी जवाब दे रहे थे।

जबकि इन मदरसों में मौलवियों द्वारा धर्म की कट्टरपंथी व्याख्या छात्रों को बताई जाती है, जो कुरान अथवा हदीस के अनुरूप नहीं होती है। जबकि एआई टूल्स अपने डेटाबेस के इनपुट से सही व्याख्या कर छात्रों को बता रहा है। जैश और लश्कर ने अपने नए आदेश में छात्रों को कहा है कि वे मौलवियों से क्लास में धर्म से जुड़े सवाल व्यक्तिगत रूप से पूछें। मोबाइल पर एआई टूल्स का उपयोग नहीं किया जाए। पाक में एलीमेंटरी एजुकेशन काफी हद तक मदरसों पर आधारित हैं। देवबंदी सिलसिले से जुड़े जैश-लश्कर के ये मदरसे इससे जुड़ी मस्जिदों से मिलने वाले फंड से संचालित होते हैं। पाक में मदरसा बोर्ड और वक्फ बोर्ड भी है, पर इनकी असल कमान खुफिया एजेंसी आईएसआई के पास होती है। मदरसों में ब्रेनवाश कुछ छात्र आईएसआई के लिए भारत के खिलाफ आतंकी करतूतों के लिए रंगरूट साबित होते हैं। पीओके के मुज्जफराबाद और नीलम घाटी से जैश इन छात्रों को भारत में लान्च करती है। सऊदी अरब सहित खाड़ी के अन्य इस्लामी देशों में इस्लामी यूनिवर्सिटीज-कालेज में धार्मिक तालीम के लिए अपने एआई टूल्स का इस्तेमाल किया जाता है। ये साफ्टवेयर इन देशों ने अपने स्तर पर विकसित किए हुए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय हमले में तबाह हुए जैश के बहावलपुर मुख्यालय के मदरसे में जनवरी में मरम्मत पूरी होने के बाद छात्र लौट आए हैं। यहां पर नियमित कक्षाएं शुरू हो गई हैं। पाक सरकार और आर्मी ने फंड जारी किया था। सूत्रों के अनुसार जैश का सरगना मौलाना मसूद अजहर इन दिनों रावलपिंडी के आईएसआई सेफ हाउस से निकलकर बहावलपुर मदरसे में रह रहा है।

## जापान की संसद मे एआई इंजीनियर की एंट्री

**टोक्यो।** हाल के चुनावों में सबको चौंकाते हुए जापान की संसद (निचले सदन) में पार्टी ने 11 सीटें जीतीं। पार्टी ने राजनीतिक दिग्गजों को पछाड़कर 30 लाख वोट भी अपने खाते में बटोरे हैं, जबकि सिर्फ 14 ही प्रत्याशी उतारे थे। एनो कहते हैं, एआई आग की तरह है, जो सभ्यता को पूरी तरह बदल देगा।

जहां पश्चिमी देश इस एआई को 'टर्मिनेटर' जैसा खतरनाक मानकर डरते हैं, वहीं जापान के लोग इसे 'डोरेमोन' जैसा मददगार और प्यारा दोस्त समझते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि टीम मिराई की जीत की वजह उनका 'प्रैक्टिकल' होना है। उनका तरीका 'न वामपंथी है, न दक्षिणपंथी'। जापान फोरसाइट के संस्थापक टोबियस हैरिस के अनुसार, वे सिर्फ समस्याओं को हल करने पर ध्यान देते हैं। उन्होंने लोकलुभावन वादों के बजाय जटिल मुद्दों को सुलझाने की बात की। 40 से 50 की उम्र के शहरी मतदाताओं ने उन्हें हाथों-हाथ लिया। जीते उम्मीदवारों में टोक्यो और बर्कले जैसे बड़े संस्थानों के पढ़े एक्सपर्ट और आईबीएम- सोनी के पूर्व कर्मचारी शामिल हैं। सिलिकान वैली में इंजीनियर रहे नवनिर्वाचित सांसद आओई फुरुकावा, कहते हैं, 'कोडिंग और कानून बनाना एक जैसा है, क्योंकि दोनों के लिए तर्क और सटीक संरचना की जरूरत होती है।' टीम मिराई की कार्यशैली की झलक वादों में भी दिखी। इन्होंने चुनाव जीतने के हाई-टेक समाधानों पर जोर दिया। ड्राइवरलेस बसें लाना, राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता के लिए डिजिटल डेटाबेस बनाना, ताकि भ्रष्टाचार रुके। एआई के जरिए सरकारी खर्चों में कमी करके मध्यम वर्ग को पेंशन व स्वास्थ्य बीमा में राहत जैसे वादे किए। पार्टी ने प्रस्ताव समझाने के लिए चैटबाट भी शुरू किया। इसने 39 हजार सवालों के जवाब दिए और 6200 से ज्यादा सुझाव जुटाए। संसद तक तो इंजीनियर्स पहुंच गए, लेकिन असली जंग अब शुरू हुई है।



**■ टी-शर्ट व पोनीटेल वाले नेता चर्चा के दौरान, कहते हैं राजनीति से सुस्ती दूर कर देंगे**

# नार्वे के पूर्व पीएम ने आत्महत्या की कोशिश की

**ओस्लो।** नार्वे के पूर्व प्रधानमंत्री थोरब्योर्न जगलैंड को कथित तौर पर आत्महत्या की कोशिश के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह घटना पिछले हफ्ते हुई। कुछ खबरों में दावा किया गया कि नार्वेजियन एडिटर्स एसोसिएशन ने उनके वकील के साथ मिलकर इस मामले को सार्वजनिक न करने पर सहमति जताई थी। हालांकि कुछ मीडिया प्लेटफार्मस पर उनकी गंभीर हालत का हवाला देते हुए यह खबर सामने आई।

यह पूरा मामला यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर चल रही जांच से जुड़ा है। जगलैंड पर 'एग्रेवेटेड करप्शन' यानी गंभीर भ्रष्टाचार का भी आरोप है, जिसमें अधिकतम 10 साल की जेल हो सकती है। उनके वकील की फर्म एल्डेन ला फर्म ने सीएनएन को पुष्टि की कि उन पर गंभीर भ्रष्टाचार का आरोप तय हुआ है, लेकिन उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया है। नार्वे की आर्थिक अपराध जांच एजेंसी 'ओकोक्रिम' इस मामले की जांच कर रही है। एजेंसी के डायरेक्टर पाल लोनसेथ ने कहा कि उनके खिलाफ जांच की मजबूत वजह मिली है। जांच के तहत ओस्लो स्थित उनके घर और दो अन्य प्रापर्टी की तलाशी ली गई। एजेंसी ने यह भी कहा कि वह इस बात की जांच कर रही है कि क्या उन्हें अपने पद के दौरान गिफ्ट, यात्राएं, कर्ज या अन्य फायदे मिले थे। तलाशी के बाद उन्हें औपचारिक रूप से संदिग्ध का दर्जा दे दिया गया है और अब उनसे पूछताछ की जाएगी। जगलैंड 1996-1997 के बीच नार्वे के प्रधानमंत्री रहे। इसके अलावा वे विदेश मंत्री, नार्वेजियन नोबेल कमेटी के चेयरमैन (2009-2015) और यूरोप की मानवाधिकार संस्था काउंसिल ऑफ यूरोप के महासचिव (2009-2019) भी रह चुके हैं। जगलैंड ने कहा है कि एपस्टीन से उनके संबंध 'गलत फैसला' या 'खराब समझ' का नतीजा थे, लेकिन उन्होंने कोई गैरकानूनी काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे और चाहते हैं कि सच्चाई पूरी तरह सामने आए। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से 30 जनवरी को जारी दस्तावेजों से पता चला कि जगलैंड और उनका परिवार कई बार एपस्टीन की पेरिस, न्यूयार्क और पाम बीच वाली प्रापर्टी पर गए थे। यह भी सामने आया कि एपस्टीन ने उनसे बड़े नेताओं, जैसे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कराने में मदद मांगी थी। साथ ही उसने कुछ अपने कारोबारी और वित्तीय प्लान आगे बढ़ाने के लिए भी मदद चाहता था। दस्तावेजों में जगलैंड को 'नोबेल बिग शाट' कहा गया। इसमें यह भी लिखा था कि दोनों के रिश्ते ऐसे थे जिनमें एक तरफ जगलैंड का रसूख और पहचान काम आ रही थी, तो दूसरी तरफ एपस्टीन उन्हें लग्जरी ट्रिप, तोहफे और दूसरी सुविधाएं दे रहा था। हालांकि जांच एजेंसियों ने साफ कर दिया है कि जगलैंड का नाम एपस्टीन के यौन अपराधों से नहीं जुड़ा है। जांच सिर्फ इस बात पर हो रही है कि क्या उन्हें अपने पद का इस्तेमाल करके कोई गलत फायदा मिला। यह जांच उस समय से जुड़ी है जब जगलैंड 2009 से 2015 तक नार्वेजियन नोबेल कमेटी के अध्यक्ष थे और 2009 से 2019 तक काउंसिल ऑफ यूरोप के महासचिव रहे।

**■ यह पूरा मामला यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर चल रही जांच से जुड़ा है**
**■ जगलैंड पर 'एग्रेवेटेड करप्शन' यानी गंभीर भ्रष्टाचार का भी आरोप है**



# अमेरिका में बर्फीले तूफान से 11 हजार फ्लाइट रद्द

## 5 लाख घरों की बिजली गुल, 153 साल में पहली बार अखबार नहीं छप सका

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भीषण तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर रनवे बंद करने पड़े और कई जगह उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी है। यहां रविवार से मंगलवार के बीच 11055 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। सिर्फ सोमवार को ही करीब 5600 से 5700 उड़ानें कैंसिल हुईं, जो देशभर की उड़ानों का लगभग 20 प्रतिशत था।

यह जानकारी फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर ने दी। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, रोड आइलैंड और मैसाचुसेट्स के कुछ हिस्सों में लगभग 37 इंच तक बर्फ गिरी। बर्फबारी की वजह से उत्तर-पूर्वी राज्यों में 6 लाख से ज्यादा घरों की बिजली चली गई। सोमवार शाम तक 5 लाख 19 हजार 232 घर और आफिस बिना बिजली के थे। भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका क्योंकि कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक नहीं पहुंच पाए। न्यूयार्क के सेंट्रल पार्क में रविवार से सोमवार के बीच करीब 20 इंच बर्फ दर्ज की गई, जबकि लान्ग आइलैंड के इस्लिप इलाके में 22 इंच से ज्यादा बर्फ पड़ी। प्रोविडेंस, रोड आइलैंड में 32.8 इंच बर्फबारी हुई, जिसने 1978 के पुराने रिकॉर्ड 28.6 इंच को तोड़ दिया। हालात इतने खराब हो गए कि कई राज्यों में इमरजेंसी घोषित करनी पड़ी। न्यूयॉर्क सिटी में स्कूलों, सड़कों, पुलों और हाईवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। बाद में हालात सुधरने पर मेयर जोहरान ममदानी ने यह आदेश हटा लिया। वहीं मैसाचुसेट्स की गवर्नर मारा हीली ने कुछ इलाकों में ट्रैवल बैन लागू किया और लोगों से घर में रहने की अपील की। रोड आइलैंड के गवर्नर डैन मैकी ने भी पूरे राज्य में ट्रैवल बैन लगा दिया। न्यूयार्क की गवर्नर कैथी होचुल ने भी पूरे राज्य में इमरजेंसी की घोषणा की और नेशनल गार्ड को अलर्ट पर रखा है। तूफान का असर सिर्फ सड़कों और हवाई सेवाओं तक सीमित नहीं रहा। न्यूयार्क और बोस्टन के बीच ट्रेन सेवा सोमवार रात तक सस्पेंड रही। थिएटर ब्राडवे के सभी शो रविवार शाम रद्द कर दिए गए। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने कहा कि यह पिछले लगभग एक दशक का सबसे शक्तिशाली नारईस्टर तूफान है। कई इलाकों में प्रति घंटे 2 से 3 इंच तक बर्फ गिरने की चेतावनी दी गई है और हवा की रफ्तार कुछ जगह 110 मील प्रति घंटे तक पहुंच गई। नारईस्टर एक तरह का तेज तूफान होता है जो अमेरिका के पूर्वी तट पर आता है।



**■ भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका**

## ब्राजील में बाढ़ से 25 की मौत, सैकड़ों बेघर

**मिनास गेरैस।** ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी राज्य मिनास गेरैस में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है। सोमवार शाम शुरू हुई तेज बारिश के बाद सबसे ज्यादा तबाही जुइज दे फोरा और उबा शहर में हुई। अधिकारियों के अनुसार जुइज दे फोरा में 18 और उबा में 7 लोगों की जान गई। कई घर और इमारतें ढह गईं। दर्जनों लोग अब भी लापता हैं और रेस्क्यू आपरेशन जारी है। राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने जुइज दे फोरा में 'स्टेट ऑफ कैलैमिटी' घोषित कर मानवीय सहायता और पुनर्निर्माण के लिए केंद्र सरकार की पूरी मदद का भरोसा दिया है। सिर्फ जुइज दे फोरा में करीब 440 लोग बेघर हो गए हैं। प्रशासन ने अस्थाई शेल्टर बनाए हैं और राहत सामग्री के लिए अपील की है।

## शोधकर्ताओं ने मूंगफली के छिलकों से बनाया ग्राफीन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने मूंगफली के फेंके गए छिलकों को ग्राफीन में बदलने का एक तरीका विकसित किया है। ग्राफीन इलेक्ट्रॉनिक्स और ऊर्जा उपकरणों के लिए एक मूल्यवान घटक है। ऑस्ट्रेलिया के यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स द्वारा बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि इस विकास से सस्ते इलेक्ट्रॉनिक्स और उर्जा भंडारण के लिए नए रास्ते खुलेंगे। मूंगफली के छिलकों से बना ग्राफीन बैटरी, सौर पैनल, टच स्क्रीन, लचीले इलेक्ट्रॉनिक्स और सुपर-फास्ट ट्रांजिस्टर के लिए उपयोग किया जा सकेगा। शोध दल ने पाया कि लिग्निन की उपस्थिति के कारण मूंगफली के छिलकों को उच्च तापमान पर ग्राफीन में बदला जा सकता है। उल्लेखनीय है कि लिग्निन पौधों में प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला पॉलिमर है, जिसमें प्रचुर मात्रा में कार्बन पाया जाता है। केमिकल इंजीनियरिंग जर्नल एडवांस में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, इस दो चरणों वाली विधि में छिलकों को लगभग 500 डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया जाता है, फिर मिलीसेकंड के लिए लगभग 3000 डिग्री पर उन्हें गर्म किया जाता है, जो रसायनों के बिना कार्बन परमाणुओं को एक परत वाले में पुनर्गठित कर देता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108